सुप्रभात
रांची, मंगलवार
27.05.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित — सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 | वर्ष : 12 | अंक : 311



12 लालू परिवार ने बर्बाद कर दी मेरी जिंदगी

## न्यूज डायरी

### सफेद कोबरा सांप को देखते ही मचा हड़कंप

**साहिबगंज।** नारायणपुर प्रखंड कार्यालय के मुख्य गेट के पास सोमवार दोपहर अचानक एक सफेद कोबरा सांप देखे जाने से हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने देखते ही इसकी सूचना वन विभाग को दी। कुछ ही मिनटों में विभाग की टीम पहुंची। वनरक्षी पलक कुमार ने बताया कि सफेद कोबरा को सुरक्षित पकड़ने में काफी मेहनत करनी पड़ी। रेस्क्यू ऑपरेशन कर सांप को सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ दिया गया।

### हाथी ने कुचल कर वृद्ध महिला को मार डाला

**कोडरमा।** जयनगर प्रखंड के ग्राम कोसमाडीह में सोमवार की सुबह हाथी ने कुचलकर महिला को मार डाला। विधवा कलवा देवी (57) सुबह शौच के लिए गयी थी। हाथी को देखकर महिला भागने लगी। हाथी ने दौड़ाकर महिला को पटककर कुचल दिया। घटनास्थल पर ही महिला की मौत हो गयी। चार घंटे बाद वन विभाग के लोग पहुंचे और परिजनों को 25 हजार रुपए नगद दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गय।

### चारधाम के श्रद्धालुओं की होगी कोविड जांच

**देहरादून।** उत्तराखंड स्वास्थ्य विभाग ने चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की कोविड जांच करने का फैसला लिया है। कोविड जांच के लिए एंटीजन और आरटी-पीसीआर किट खरीदने पर भी तैयारी की जा रही है। देश में कोरेना के बढ़ते मामलों को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। अन्य राज्यों से उत्तराखंड आये तीन लोगों में कोविड की पुष्टि हुई है, जिसके बाद अब स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है।

### झारखंड में 31 तक बारिश और तेज हवा का अलर्ट

**रांची।** झारखंड के विभिन्न जिलों में 31 मई तक गर्जन, हल्की बारिश, आकाशीय बिजली गिरने और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार झारखंड में 10 जून से पहले मॉनसून के पहुंचने की सम्भावना है। यही वजह है विभिन्न जिलों में प्री मॉनसून की बारिश ही रही है। इससे राज्य भर में तापमान में कमी आई है और लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

### लातेहार में हथियार के साथ सात अपराधी धराये

**लातेहार।** कुख्यात अपराधी राहुल सिंह गिरोह के सात अपराधियों को पुलिस ने पन्नाटांड़ स्थित जंगल से गिरफ्तार किया। अपराधियों के पास से हथियार और अन्य सामान बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपितों में लातेहार थाना क्षेत्र के कुरा निवासी रोहित लोहरा, कुंदन तुरी, चंदनडीह निवासी विशाल लोहरा, चटनाही निवासी विनय गुप्ता, हेठलोटो निवासी विक्रांत सिंह, चंदवा थाना क्षेत्र के शुभम लोहरा, बालूमाथ के कुरियाम कला का प्रमोद लोहरा है।

## गुजरात दौरे पर पीएम, जनसभा में पाकिस्तान को दी चेतावनी

# अपनी रोटी खाओ, वरना मेरी गोली तो है ही : मोदी

■ आतंक फैलाने वालों ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि मोदी से मुकाबला करना कितना मुश्किल होता है...


**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहली बार सोमवार को दो दिवसीय गुजरात दौरे पर हैं। मोदी सोमवार सुबह सबसे पहले वडोदरा, फिर दाहोद और इसके बाद भुज पहुंचे। तीनों जगह उन्होंने रोड शो किया। दाहोद और भुज में जनसभा की।

प्रधानमंत्री ने दाहोद में कहा कि देश विभाजन के बाद अस्तित्व में आया देश भारत के प्रति नफरत पर जी रहा है। पाकिस्तान का एकमात्र उद्देश्य भारत से दुश्मनी करना और भारत को नुकसान पहुंचाना है, लेकिन भारत का लक्ष्य गरीबी हटाना, आर्थिक विकास लाना और विकसित राष्ट्र बनना है। श्री मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सैन्य कार्रवाई नहीं, यह हम भारतीयों के संस्कारों, हमारी भावनाओं की अभिव्यक्ति है। आतंक फैलाने वालों ने सपने में भी सोचा नहीं होगा कि मोदी से मुकाबला करना कितना मुश्किल होता है। बाल-बच्चों के सामने पिता को गोली मार दी। आज भी वे तस्वीरें देखते हैं, तो खून खौल जाता है। ये 140 करोड़ भारतीयों को चुनौती दी, इसलिए हमने वही किया, जिसके लिए देशवासियों ने मुझे जिम्मेदारी दी। जनसभा से पहले श्री मोदी ने दाहोद में लोकोमोटिव विनिर्माण संयंत्र सहित 24,000 करोड़ रुपये की लागत वाली विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत ने ऐसे अभूतपूर्व और अकल्पनीय निर्णय लिये हैं, जो दशकों पुरानी बाधाओं से मुक्त हुए हैं और हर क्षेत्र में आगे बढ़े हैं। उन्होंने कहा, आज देश निराशा और अंधकार के युग से निकलकर आत्मविश्वास और आशावाद के नए युग में प्रवेश कर चुका है।

### दो टूक : भारत पर आंख उठायी तो बख्शेंगे नहीं...

बाल-बच्चों के सामने पिता को गोली मार दी। आज भी वे तस्वीर देखते हैं, तो खून खौल जाता है। आतंकियों ने 140 करोड़ भारतीयों को चुनौती दी, इसलिए हमने वही किया, जिसके लिए देशवासियों ने मुझे जिम्मेदारी दी।



नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

**कोई हमारी बहनों के सिंदूर को मिटाएगा, तो उसका भी मिटना तय :** भुज में आयोजित जनसभा में उन्होंने कहा कि भारत पर आंख उठाने वाले को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। पाकिस्तान को चेतावनी दी कि सुख-चैन से जियो, अपने हिस्से की रोटी खाओ, नहीं तो मेरी गोली तो है ही। इससे पहले, दाहोद में पीएम ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र किया था। कहा, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने 140 करोड़ भारतीयों को चुनौती दी थी। हमने भी आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया। मोदी ने कहा, आप बताइए... ऐसे हालात में क्या मोदी चुप बैठ सकता था। जब कोई हमारी बहनों के सिंदूर को मिटाएगा, तो उसका भी मिटना तय हो जाता है। आतंक फैलाने वालों ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि मोदी से मुकाबला करना कितना मुश्किल होता है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि कच्छ का टूरिज्म मशहूर है लेकिन पाकिस्तान के लिए टेररिज्म ही टूरिज्म है। पीएम ने भुज में 53,400 करोड़ रुपए के 31 प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और ई-लोकार्पण भी किया।

### प्रधानमंत्री मोदी ने 11 वर्ष का कार्यकाल पूरा किया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने कार्यकाल के ग्यारह वर्ष पूरे कर लिये हैं। 25 मई 2014 में श्री मोदी ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में पहली बार शपथ ली थी। यह देश के आधुनिक राजनीतिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ था क्योंकि इसने भारत में गठबंधन की राजनीति के 30 वर्ष के युग को समाप्त कर दिया था और लोगों ने भारतीय जनता पार्टी को स्पष्ट और निर्णायक जनादेश दिया था।

गुजरात के आप सभी लोगों ने मुझे भरपूर आशीर्वाद दिया, और बाद में देश के कोटि-कोटि जनो ने भी मुझे आशीर्वाद देने में कोई कमी नहीं रखी।

### कानून व्यवस्था पर आज सीएम करेंगे उच्चस्तरीय बैठक



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को कानून व्यवस्था के मुद्दे पर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे। झारखंड मंत्रालय में दोपहर 2 बजे से आयोजित इस बैठक में मुख्य सचिव, गृहसचिव, डीजीपी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। गृह सचिव वंदना दादेल द्वारा जारी पत्र के अनुसार इस बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कई जिलों एवं अन्य कार्यालय से पदाधिकारी भाग लेंगे। इसमें विधि व्यवस्था को लेकर 16 एजेंडों पर समीक्षा की जायेगी। बैठक में आपराधिक घटनायें, साइबर क्राइम, अवैध हथियार, अवैध घुसपैठ, महिलाओं के प्रति अत्याचार, एससी-एसटी के प्रति अत्याचार, भूमि विवाद, मॉब लिंचिग, माननीयों की सुरक्षा, न्यायालय सुरक्षा, सांप्रदायिक घटना, जातीय तनाव, एसिड अटैक, अवैध खनन, अवैध लॉटरी और अवैध शराब जैसी घटनाओं पर चर्चा होगी। इधर समीक्षा बैठक को लेकर पुलिस महकमा में तैयारियां शुरू हो गई है। जिला स्तर से प्राप्त रिपोर्ट को बैठक में प्रजेंटेशन के माध्यम से मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जायेगा।

## स्पीकर ने लोस अध्यक्ष को दी विदायी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने सोमवार को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला को विदायी दी। इस दौरान स्पीकर ने श्री बिड़ला को अंग वस्त्र पहनाकर एवं बिरसा मुंडा का प्रतीक चिन्ह देकर उनको विदा किया। एयरपोर्ट स्थित अति विशिष्ट अतिथि कक्ष में बैठकर विभिन्न विधायी विषयों पर अनौपचारिक वातार्लाप भी की। विदित हो कि लोक सभा अध्यक्ष दो दिवसीय दौरे पर रांची आये थे।

## झारखंड में 20 जिलों के डीसी बदले

# कंचन बनीं सिमडेगा डीसी समीर एस भेजे गये पलामू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। राज्य सरकार ने 20 जिलों के डीसी बदल दिये हैं। कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार जारी अधिसूचना के अनुसार अजयनाथ झा को बोकारो का डीसी बनाया गया है जबकि आदित्य रंजन को धनबाद का डीसी बनाया गया है। वहीं कंचन सिंह को सिमडेगा का डीसी बनाया गया है। शशि प्रकाश सिंह को हजारीबाग का डीसी बनाया गया है।

| नाम | कहां गये |
|---|---|
| कंचन सिंह | सिमडेगा |
| अजयनाथ झा | बोकारो |
| आदित्य रंजन | धनबाद |
| शशि प्रकाश सिंह | हजारीबाग |
| फैज अक अहमद | रामगढ़ |
| रामनिवास यादव | गिरिडीह |
| नमन प्रियेश लकड़ा | देवघर |
| आर रॉनीटा | खूंटी |
| दिनेश कुमार यादव | गढ़वा |
| अंजली यादव | गोड्डा |

| नाम | कहां गये |
|---|---|
| कर्ण सत्यार्थी | पूर्वी सिंहभूम |
| चंदन कुमार | पश्चिम सिंहभूम |
| नितिश कुमार सिंह | सरायकेला खरसावां |
| प्रेरणा दीक्षित | गुमला |
| कुमार ताराचंद | लोहरदगा |
| अभिजीत सिन्हा | दुमका |
| कीर्ति श्री जी | चतरा |
| ऋतुराज | कोडरमा |
| समीर एस | पलामू |
| रवि आनंद | जामताड़ा |

## पुलिस ने 10 लाख का इनामी नक्सली कुंदन खरवार को धर दबोचा

# 19 जवानों का हत्यारा और 5 लाख इनामी नक्सली मनीष यादव पुलिस मुठभेड़ में ढेर

नक्सली ऑपरेशन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार के महुआडांड़ थानाक्षेत्र के दौना और करमखाड़ गांव के बीच पुलिस और भाकपा माओवादी के नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में पुलिस ने माओवादी के सब जोनल कमाण्डर पांच लाख रुपये के इनामी नक्सली मनीष यादव को मार गिराया। वह 19 जवानों का हत्यारा भी था। इस दौरान 10 लाख रुपये के इनामी नक्सली कुंदन खरवार को गिरफ्तार कर लिया गया। यह मुठभेड़ रविवार रात से सोमवार सुबह तक चली। पुलिस और सुरक्षा बल अब सर्च अभियान चल रहे हैं। पुलिस ने मौके से दो एक्स .95 ऑटोमेटिक राइफल, लोडेड मैग्जीन एवं गोली भी बरामद की है।

लातेहार एसपी कुमार गौरव ने बताया कि पुलिस को सूचना मिल रही थी कि माओवादी उग्रवादी संगठन के कुंदन सिंह खरवार सहयोगियों के साथ महुआडांड एवं नेतरहाट थाना क्षेत्र में भ्रमणशील है। वहीं डीआईजी वाईएस रमेश ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए कहा कि इस समय सर्च अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि रविवार देररात लगभग 2:00 बजे पुलिस ने जंगल में धावा बोला और चारों ओर से नक्सलियों को घेर लिया। यह देखकर नक्सलियों ने गोली चलानी शुरू कर दी। पुलिस ने जवाबी हमला किया और मुठभेड़ शुरू हो गई। इस दौरान माओवादी नक्सली मनीष यादव को पुलिस ने मार गिराया। जबकि एक अन्य नक्सली कमांडर को गिरफ्तार कर लिया गया है।



नक्सली की (फाइल) तस्वीर

### लातेहार : थाना में नाबालिग लड़के की पिटायी मामला

### हाईकोर्ट ने लिया स्वत: संज्ञान, राज्य सरकार से मांगा जवाब

**रांची।** लातेहार के महुआटांड़ थाना में एक नाबालिग की पिटाई के मामले में हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए सरकार से जवाब मांगा है। जस्टिस आर मुखोपाध्याय की खंडपीठ ने सरकार को 24 जून तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। आरोप है कि लातेहार पुलिस ने हत्या के एक मामले में संदेह के आधार पर नाबालिग को पूछताछ के लिए थाना में लाकर तीन दिनों तक बेरहमी से पिटायी की थी। बता दें कि लातेहार निवासी दुर्गेश महतो 31 मार्च 2025 से लापता था। एक अप्रैल को लातेहार के एक खेत में खून से लथपथ उसका शव मिला था।

### जैक बोर्ड आज मैट्रिक का रिजल्ट करेगा जारी

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) की ओर से मंगलवार को मैट्रिक परीक्षा 2025 के परिणामों की घोषणा की जाएगी। शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन कल 11:30 बजे जैक सभागार में रिजल्ट जारी करेंगे। इस मौके पर स्कूली शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। परीक्षाफल जारी होने के पश्चात जैक के वेबसाइट से 12:30 बजे के बाद रिजल्ट विद्यार्थी देख सकते हैं।

बता दें कि झारखंड में मैट्रिक और इंटर की परीक्षा इस साल 11 फरवरी से शुरू हुई थी जो 3 मार्च तक चली। इसके बाद प्रैक्टिकल परीक्षा आयोजित हुई जो 25 मार्च तक हुई। इस साल मैट्रिक में 4 लाख 33 हजार 890 परीक्षार्थी जबकि इंटर की परीक्षा में 3 लाख 50 हजार 138 विद्यार्थी शामिल हुए हैं।

**ऐसे करें अपना रिजल्ट चेक :** जैक की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं। इसके बाद होमपेज पर दिए गए रिजल्ट लिंक पर क्लिक करें और अपना रोल नंबर भरें। आपका रिजल्ट स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा, जिसे आप डाउनलोड कर सकते हैं और भविष्य के लिए प्रिंट आउट ले सकते हैं।

# कोरोना का नया अटैक: देश में एक्टिव केस 1000 के पार


**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** ओमिक्रोन का नया स्ट्रेन बनकर कोविड-19 फिर से तेजी से फैल रहा है। देखते ही देखते भारत में कोविड के एक्टिव मामले एक हजार से ज्यादा हो गये। यह एक चिंता की बात है। लोगों ने इस वायरस को हल्के में लेना शुरू कर दिया है, जिससे कोरोना वायरस की नयी लहर बन सकती है। ऐसे में सतर्कता जरूरी है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार कोरोना के नये वेरिएंट से फैलने वाली नयी लहर को रोकना है तो सावधान होना होगा।

**केरल, दिल्ली, महाराष्ट्र, गुजरात में सर्वाधिक केस :** 26 मई सुबह 8 बजे तक कोरोना वायरस के एक्टिव मामले 1009 हो गए। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक इसमें 752 मरीज 19 मई 2025 के बाद दर्ज किये गये हैं। हालांकि इस दौरान 305 मरीज ठीक हो गये और 7 लोगों की जान चली गयी। झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल में भी कई केस मिले हैं।

### ये लक्षण दिखे तो शीघ्र डॉक्टर से मिलें

नया वेरिएंट रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट को प्रभावित करने वाला है, जिस वजह से इसके लक्षण सामान्यत: पहले जैसे ही हैं। गले में दर्द, बुखार, हल्की खांसी, सीने में जकड़न, थकान, बदन दर्द। लगातार यदि कई दिनों तक ये लक्षण दिखे तो डॉक्टर से संपर्क करें। लापरवाही नहीं बरतें।



### भीड़-भाड़ वाले इलाकों पर होगी कोविड जांच : डॉ इरफान अंसारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने सोमवार को रांची सदर अस्पताल में कोविड संक्रमण की आशंका को लेकर आपातकालीन बैठक की। इसमें सभी जिलों के स्वास्थ्य पदाधिकारियों, डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और विशेषज्ञ डॉक्टरों के साथ गहन मंथन किया गया। बता दें कि देश में कोविड-19 के मामलों में फिर से वृद्धि और नए वेरिएंट एनबी-1.8.1 एवं एलएफ-7 की पहचान के मद्देनजर यह बैठक बुलाई गई थी। डॉ अंसारी ने स्पष्ट कहा कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। घबराने की जरूरत नहीं है। स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट मोड पर है। डाक्टरों की छुट्टियां रद्द कर दी गयी हैं। कोविड के बढ़ते मामलों को देखते हुए जिलों के सिविल सर्जनों को एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर कोविड जांच केंद्र तुरंत स्थापित करने का निर्देश दिया गया।

## कार्टून कोना




### न्यायमूर्ति त्रिलोचन सिंह चौहान झारखंड हाईकोर्ट के नये चीफ जस्टिस होंगे



**रांची।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस त्रिलोचन सिंह चौहान को झारखंड हाईकोर्ट का अगला चीफ जस्टिस नियुक्त किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस की अध्यक्षता में हुई कॉलेजियम की बैठक में यह निर्णय लिया गया था। जिसपर राष्ट्रपति ने मुहर लगा दी है। जस्टिस त्रिलोचन सिंह चौहान की नियुक्ति की अधिसूचना जारी कर दी गई है। कॉलेजीयम ने पांच अलग अलग राज्यों के हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस की नियुक्ति की भी अधिसूचना जारी की है।

## सरना धर्म कोड लागू करने की मांग को लेकर झारखंड कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन, कहा

# केंद्र सरकार मिटाना चाहती है आदिवासियों की पहचान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जनगणना प्रपत्र के धर्म वाले कॉलम में अलग सरना धर्म कोड की मांग को लेकर झारखंड में सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सोमवार को रांची में राजभवन के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया। धरना में कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह आदिवासी समुदाय की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान की लगातार अनदेखी कर रही है। यह आदिवासी समाज की उपेक्षा को दर्शाता है। यदि जल्द सुनवाई नहीं हुई तो हम जंतर मंतर पर हजारों की संख्या में प्रदर्शन करेंगे। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि केंद्र सरकार इस मांग पर शीघ्र कोई ठोस निर्णय नहीं लेती, तो पार्टी आंदोलन को और उग्र रूप देगी। नेताओं ने स्पष्ट किया कि सरना धर्म कोड की मांग केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि यह आदिवासी अस्मिता, संस्कृति और अस्तित्व से जुड़ा मुद्दा है। धरना प्रदर्शन में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के. राजू, सह प्रभारी श्रीबेला प्रसाद, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के सलाहकार प्रणव झा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी, सांसद कालीचरण मुंडा, सुखदेव भगत, बंधु तिर्की सहित कांग्रेस के नेता कार्यकर्ता शामिल हुए।



### जंतर-मंतर पर करेंगे प्रदर्शन : कमलेश

धरना को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि झारखंड विधानसभा ने सरना धर्म कोड के समर्थन में प्रस्ताव पारित कर उसे केंद्र सरकार को भेजा था, लेकिन आज तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। यह आदिवासी समाज की उपेक्षा को दर्शार्ता है। यदि जल्द सुनवाई नहीं हुई तो हम जन्तर मंतर पर हजारों की संख्या में प्रदर्शन करेंगे।

### पसंद का धर्म मानना मौलिक अधिकार : के. राजू

झारखंड कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के. राजू ने कहा कि हमारी मांग सरना धर्म कोड है। जिन राज्यों में आदिवासियों का कोई और नाम से धर्म है वहां उस हिसाब से आदिवासियों के लिए कोड हो। क्योंकि यह उनका मौलिक अधिकार है।

### मूलवासी हैं आदिवासी : प्रणव झा

एआईसीसी सचिव प्रणव झा ने कहा कि आदिवासी ही हिन्दुस्तान का मूलवासी हैं, ये प्राकृतिक के पूजक हैं, भाजपा हमेशा इनका वनवासी कहा करते हैं, शुरू से ही इनके साथ भेदभाव करती है।

### साहिबगंज में सिपाही की मौत मामले की डीआइजी ने पड़ताल की

**साहिबगंज।** पुलिस लाइन में कार्यरत सिपाही सुरजीत कुमार यादव की मौत मामले की गंभीरता को देखते हुए डीआइजी अंबर लकड़ा साहिबगंज पहुंचे। पुलिस लाइन के घटनास्थल पर पहुंच कर उन्होंने बारीकी से निरीक्षण किया। सुरजीत कुमार यादव का शव रविवार को महिला सिपाही बैरक के पास संदिग्ध अवस्था में मिला था। एसपी के निर्देश पर बनी एसआईटी अपने स्तर से जांच कर रही है। इधर रांची से पहुंची फॉरेंसिक जांच टीम अपने स्तर से जांच कर रही है। सुरजीत यादव कहां-कहां सोते थे, किससे अधिक संपर्क में था, इसको लेकर पुलिस अन्य लोगों से पूछताछ कर रही है। डीआइजी ने बताया कि बहुत जल्द गुत्थी सुलझा ली जायेगी।

## प्रदेश कांग्रेस ने सरना धर्म कोड लागू होने तक आंदोलन जारी रखने का लिया संकल्प

# हर हाल में लागू हो सरना धर्म कोड : राधाकृष्ण किशोर

- वित्त मंत्री ने कहा- भाजपा को आदिवासियों के विकास से कोई लेना-देना नहीं है

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि इतना आंदोलन तेज करेंगे कि जातीय जनगणना की तरह केंद्र सरकार को सरना धर्म कोड लागू करना ही होगा। वित्त मंत्री ने चुनौती दी कि भाजपा में दम है तो 15 दिन के अंदर जातीय जनगणना शुरू करे। वित्त मंत्री ने कहा कि भाजपा और उनके नेताओं को आदिवासियों के विकास से कोई लेना-देना नहीं है। वह सिर्फ वोट की राजनीति करते हैं। राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि जब तक जातीय जनगणना में अलग सरना धर्म कोड नहीं होगा तो राज्य के अनुसूचित जनजाति के 40-43 लाख लोग उस फार्म पर हस्ताक्षर नहीं करेंगे।



### सरना धर्म कोड के लिए कॉलम की मांग को लेकर राज्यपाल से मिले कांग्रेसी

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से सोमवार को झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की तथा राज्यपाल को एक ज्ञापन समर्पित किया। ज्ञापन में शिष्टमंडल द्वारा आगामी जनगणना प्रपत्र में सरना धर्म कोड के लिए पृथक कॉलम जोड़ने के लिए पहल करने का आग्रह किया।

**सरना धर्म कोड आदिवासियों के लिए अस्तित्व की लड़ाई : शिल्पी नेहा तिर्की**

सरना धर्म कोड को लेकर कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि जब जनगणना प्रपत्र से धर्म वाले कॉलम से अन्य को हटा दिया गया है तो फिर आदिवासी समुदाय क्या करेगा? किस धर्म में वह अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगा। कृषि मंत्री ने कहा कि कांग्रेस आंदोलन के दम पर अलग सरना धर्म कोड लेकर रहेगी। कृषि मंत्री ने कहा कि हम संविधान की बात करते हैं, सामूहिकता और मेल-जोल की बात करते हैं, लेकिन यह भाजपा और उसके नेताओं को यह पसंद नहीं है। उन्हें मनुवादी और मनुस्मृति पसंद है।

**अलग सरना धर्म कोड लागू हो : राजेश ठाकुर**

झारखंड कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने भाजपा को आदिवासी विरोधी बताते हुए कहा कि राज्य में महागठबंधन की सरकार ने विधानसभा से पारित कराकर अलग सरना धर्म कोड का प्रस्ताव राज्यपाल के पास भेजा था, लेकिन भाजपा इस पर चुप्पी साधे बैठी है। राजेश ठाकुर ने कहा कि जब तक केंद्र सरकार अलग सरना धर्म कोड की मांग पर घुटने नहीं टेक देती, तब तक पार्टी जिला, प्रखंड और पंचायत स्तर पर आंदोलन जारी रखेगी।

**सरना धर्म कोड की लड़ाई भी जीतेंगे : सुखदेव भगत**

इस मौके पर लोहरदगा से सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि केंद्र की सरकार ने साजिश रचकर जनगणना प्रपत्र से अन्य वाला कॉलम को हटाया है। अब हम राहुल गांधी-मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में अलग सरना धर्म कोड की लड़ाई लड़ेंगे और जीतेंगे। उन्होंने कहा कि जिस तरह से राहुल गांधी की मांग के सामने झुकते हुए मोदी सरकार जातीय जनगणना कराने को बाध्य हुई, उसी तरह सरना धर्म कोड लागू करना होगा।

**जंतर-मंतर तक करेंगे आंदोलन : डॉ. इरफान**

धरना-प्रदर्शन में शामिल स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी और उनके पिता पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने कहा कि हर हाल में अलग सरना धर्म कोड लेकर रहेंगे। जरूरत पड़ी तो दिल्ली के जंतर-मंतर तक आंदोलन करेंगे।

**जातिगत जनगणना पर बीजेपी को झुकना पड़ा : राजेश कच्छप**

कांग्रेस विधायक दल के उप नेता राजेश कच्छप ने कहा कि जातिगत जनगणना की मांग करने पर भाजपा जाति की बात करने वाले को लात देने की बात करती थी। लेकिन, राहुल गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस के संघर्ष ने भाजपा सरकार को झुकने पर मजबूर कर दिया। जातिगत जनगणना के पहले आदिवासियों को अलग सरना धर्म कोड आवंटित करना होगा।

**भाजपा आदिवासियों का हिन्दुकरण करना चाहती है : नमन विक्सल**

वहीं कांग्रेस के विधायक नमन विक्सल कोंगारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता सरना-सनातन एक है की बात कर आदिवासियों का हिन्दुकरण करना चाहती है। दरअसल, भाजपा का ध्यान आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन पर है। उसे वह अपने उद्योगपति मित्रों में बांटना चाहती है।

**धरना को इन नेताओं ने भी किया संबोधित**

धरना कार्यक्रम को कार्यकारी अध्यक्ष बन्धु तिर्की, विधायक डॉ रामेश्वर उरांव, भूषण बाड़ा, मामता देवी, डॉ प्रदीप बलमुचू, फुरकान अंसारी, सुबोधकांत सहाय, बादल पत्रलेख, केएन त्रिपाठी, केदार पासवान, गुंजन सिंह, जोसाई मार्डी, राजीव रंजन प्रसाद, रवीन्द्र सिंह, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, संजय लाल पासवान, अभिलाष साहु, राजन वर्मा, जयशंकर पाठक, आलोक कुमार दूबे, डॉ राजेश गुप्ता, लाल किशोर नाथ शाहदेव, गजेन्द्र सिंह, डॉ कुमार राजा, डॉ राकेश किरण महतो, जगदिश साहु ने भी किया संबोधित।

## अमेरिका में झारखंड की पहचान बनाने में प्रवासियों की भूमिका सराहनीय : सुदेश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अमेरिका के न्यू जर्सी में बिहार-झारखंड एसोसिएशन ऑफ नार्थ अमेरिका (बिजाना) के स्वर्ण जयंती समारोह में झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अमेरिका में भारतीय संस्कृति को बनाए रखने में प्रवासी बिहारी-झारखंडी समुदाय की भूमिका महत्वपूर्ण है।

**प्रवासियों की भूमिका :** सुदेश महतो ने कहा कि अमेरिका में झारखंड के लोगों ने अपनी अलग पहचान बनाई है, जो गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत बनाने में प्रवासियों की भूमिका अहम है। दोनों देशों के बीच व्यापार रिकॉर्ड 191 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है, जिससे अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन गया है।

**बिजाना की भूमिका :** बिजाना के अध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि संगठन की स्थापना 1975 में हुई थी और यह बिहार और झारखंड की सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित करने, युवा नेतृत्व व शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। बिजाना ने विश्व के साथ भारत के संबंधों एवं छवि को सुधारने की दिशा में भी एक सफल मंच साबित हुआ है।

**कैलाश खैर ने अपने सुरों से समां बांधा :** समारोह में गायक पद्मश्री कैलाश खैर ने अपने सुरों से समां बांधा। इसके अलावा विश्व बैंक के ग्लोबल निदेशक सरोज झा, सुपर 30 के संस्थापक आनंद कुमार, आज तक की वरीय संपादक श्वेता सिंह, भोजपुरी फिल्म स्टार अक्षरा सिंह जैसी हस्तियों ने समारोह को यादगार बनाया।

# सुप्रियो ने उठाए ऑपरेशन सिंदूर व तिरंगा यात्रा पर सवाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने केंद्र सरकार से संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। प्रदेश कार्यालय, रांची में सोमवार को प्रेस वार्ता में कहा कि पीएम मोदी पुंछ, पहलगाम (जम्मू-कश्मीर) में आतंकी हमले पर वहां नहीं जाते हैं, पर राजनीतिक रैलियों में जाते हैं। वहां ऑपरेशन सिंदूर के बहाने भारतीय सेना के पराक्रम का जिक्र करते हैं। आनेवाले समय में चुनाव को देखते हुए वे बिहार, बंगाल, यूपी का दौरा करेंगे।



**नीति आयोग की बैठक पर आरोप**

सुप्रियो ने आरोप लगाया कि हाल ही में हुई नीति आयोग की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने केवल भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बात की, जबकि गैर भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बातों को नजरअंदाज किया गया।

**विदेश दौरे पर सवाल**

सुप्रियो ने सवाल उठाया कि ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद के मुद्दे पर केंद्र सरकार ने एक बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल को विदेश दौरे पर भेजा है, लेकिन इस प्रतिनिधिमंडल ने विदेश जाकर क्या हासिल किया, इसकी जानकारी सार्वजनिक की जानी चाहिए।

**सीजफायर पर संदेह**

सुप्रियो ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद खत्म करने के लिए शुरू किया गया था, लेकिन इसे सीजफायर के नाम पर रोक दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि सीजफायर की घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति के इशारे पर की गई है और इसमें अमेरिका की भूमिका संदिग्ध है।

## 10 हजार से अधिक बकाएदारों की कटेगी बिजली

**रांची।** झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम ने बिजली बिल का समय पर भुगतान नहीं करने वालों के खिलाफ एक्शन लेगा। 10 हजार रुपए से अधिक के बकाएदारों की बिजली काटी जाएगी। वहीं ऐसे उपभोक्ताओं को नोटिस भेजा गया है, जिनका बकाया 10 हजार से ज्यादा है। जून माह अगले महीने से बकायेदारों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की जाएगी।

**स्मार्ट मीटर लगाने के बाद शुरू की है कार्रवाई :** विभाग ने स्मार्ट मीटर लगाने का काम पूरा होने के बाद बकाया वसूली की कार्रवाई शुरू की है। मई महीने में बिजली काटने की प्रक्रिया थोड़ी धीमी रही है। लेकिन जून से बिजली कनेक्शन काटने की स्पीड को बढ़ाया जाएगा। साथ ही बकायेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

# झामुमो सरकार आतंकियों की हिमायती : अजय साह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा ने झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने झामुमो के बयान को राष्ट्र विरोधी बताते हुये कहा कि यह न सिर्फ दुर्भाग्यपूर्ण है। बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति लापरवाही का प्रतीक भी है। उन्होंने कहा कि झामुमो के शासन में झारखंड आतंकवाद की प्रयोगशाला बन चुका है, जहां लगातार आतंकियों की गिरफ्तारी हो रही है। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार के संरक्षण में आतंकियों को फलने-फूलने का मौका मिला है। इसके कई ठोस उदाहरण हमारे सामने हैं। फरवरी 2025 में अलकायदा के झारखंड ट्रेनिंग मॉड्यूल के मास्टरमाइंड डॉ इश्तियाक अहमद की गिरफ्तारी हुई। मई 2025 में इंडियन मुजाहिदीन के सदस्य अम्मार यासिर को गिरफ्तार किया गया। हिज्ब उत तहरीर, आईएसआईएस

- भाजपा का झामुमो के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य पर तंज

और लश्कर ए तैयबा जैसे प्रतिबंधित आतंकी संगठनों से जुड़े कई आतंकियों को भी झारखंड से पकड़ा गया है।

उन्होंने कहा कि इन गंभीर घटनाओं के बावजूद झामुमो नेताओं ने एक बार भी आतंकवाद की निंदा नहीं की बल्कि सरकार के एक मंत्री ने एक आतंकी को बालक बताकर परोक्ष रूप से उसका बचाव किया। उन्होंने आगे कहा कि झामुमो शासन में आतंकियों का मनोबल इस कदर बढ़ चुका है कि कई बार पाकिस्तान के झंडे लहराये गये और पाकिस्तान समर्थित नारे लगाये गये। ऑपरेशन



सिंदूर के दौरान मोहम्मद नौशाद द्वारा लश्कर ए तैयबा का समर्थन किया गया। रांची के एक युवक ने तो भारत को गजवा ए हिंद की धमकी दे डाली। उन्होंने कहा कि सेना और देश के समर्थन में जब भाजपा तिरंगा लहरा रही है। झामुमो को इससे पीड़ा हो रही है। झामुमो फिलिस्तीन के झंडे को देख कर प्रसन्न होती है। उन्होंने कहा कि झामुमो में कांग्रेस की आत्मा प्रवेश कर चुकी है। ये दोनों पार्टियां देशहित के बजाय पाकिस्तान के प्रवक्ता की तरह व्यवहार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो झारखंड में पनप रहे आतंकवादी नेटवर्क, कट्टरपंथी मानसिकता और खासकर बांग्लादेशी घुसपैठियों पर रोक लगानी चाहिये। घुसपैठिये फर्जी दस्तावेजों के जरिये चुनावों में भी हिस्सा लेने लगे हैं। इनका उद्देश्य केवल घुसपैठ नहीं, बल्कि लव जिहाद और लैंड जिहाद के जरिये आदिवासियों की जमीनों पर अवैध कब्जा जमाना और उनकी सांस्कृतिक पहचान को मिटाना भी है। यह न केवल कानून व्यवस्था के लिए खतरा है। बल्कि राज्य की सामाजिक संरचना और जनजातीय अस्मिता के साथ भी एक गहरा खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के पक्ष में माहौल बनाने में यह इतना गिर चुके हैं कि इनके एक पूर्व मंत्री ऑपरेशन सिंदूर को ड्रामा बताते हैं।

# औद्योगिक विकास के मुद्दों पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से चैंबर ने की वार्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से अध्यक्ष परेश गप्तानी के नेतृत्व में फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने राजभवन में सोमवार को शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान राज्य के व्यापारिक और औद्योगिक विकास के मुद्दों पर सकारात्मक वार्ता हुई। चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने राज्य में निवेश को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत समर्थन की आवश्यकता, व्यापारिक और औद्योगिक विकास के लिए बुनियादी ढांचे की आवश्यकता और राज्य के आर्थिक विकास में चैंबर की भूमिका पर



अपने विचार साझा किये और लोकसभा अध्यक्ष को एक विस्तृत ज्ञापन भी सौंपा।

ज्ञापन में मुख्यतः प्रदेश के औद्योगिक विकास हेतु एक राष्ट्रीय स्तर पर संवाद की सुविधा विकसित करने, इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार और इंडस्ट्रीयल डाइवर्सिफिकेशन को बढ़ावा देने के लिए विशेष केंद्रीय सहायता पैकेजों में सहयोग करने, उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल विकास केंद्रों की स्थापना को प्रोत्साहित करने तथा प्रदेश में स्टील प्लांट, रक्षा और रेलवे के मैनुफैक्चरिंग समेत अन्य प्रमुख औद्योगिक इकाइयों की स्थापना को सुविधाजनक बनाने की मांग शामिल है।

लोकसभा ने झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा सुझाये गये सभी बिंदुओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि इस मुलाकात से राज्य के व्यापारिक और औद्योगिक विकास को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। प्रतिनिधिमंडल में चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी, उपाध्यक्ष ज्योति कुमारी, सह सचिव नवजोत अलंग, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य राम बांगड, संजय अखौरी, सुनिल सरावगी, साहित्य पवन, मुकेश अग्रवाल, शैलेष अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, आस्था किरण, पूर्व अध्यक्ष पवन शर्मा और सदस्य शशांक भारद्वाज शामिल थे।

## हटिया विस्थापित परिवार समिति की बैठक में मांगों को लेकर की गयी चर्चा

- 1 जून को संध्या 5 बजे आनी चौक मंदिर से रेलवे फ्लाईओवर तक मशाल जुलूस निकाला जाएगा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** नयासराय कालू मैदान में रविवार को हटिया विस्थापित परिवार समिति की महत्वपूर्ण बैठक समिति के अध्यक्ष पंकज शाहदेव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सैकड़ों विस्थापित ग्रामीण शामिल हुए। बैठक विस्थापन, रोजगार, मुआवजा तथा प्रशासनिक सीमांकन जैसे चार प्रमुख मुद्दों पर गहन चर्चा की गई। शंकर बैठा ने बैठक का संचालन किया।

समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए सरकार से न्यायोचित मांगें पूरी करने की अपील की। बैठक को कलाम आजाद, महावीर मुंडा,




फिरोज अंसारी, तरुण शाहदेव, जहाना परवीन, आशीष वर्मन, पंचू महतो, रंजीत बैठा, संजय महतो और अनवारूल हक आदि ने संबोधित किया। इस मौके पर बीजू महतो, किरण देवी, श्वेता गाड़ी, अर्जुन महतो, एजाज अंसारी, धीरज शाहदेव, पिंकी लिंडा, लकी तिर्की सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

**हटिया विस्थापित परिवार समिति की प्रमुख मांगें**

**दोबारा उजाड़ने के प्रयास का विरोध :** सरकार द्वारा सड़क चौड़ीकरण के नाम पर ग्रामीणों को दोबारा उजाड़ने के प्रयास का समिति ने कड़ा विरोध किया। कहा कि इस अन्यायपूर्ण कार्रवाई के खिलाफ 1 जून को संध्या 5 बजे आनी चौक मंदिर से रेलवे फ्लाईओवर तक मशाल जुलूस निकाला जाएगा।

**स्थानीय विस्थापितों को रोजगार :** कोर कैपिटल क्षेत्र में स्थित विधानसभा, उच्च न्यायालय, आईआईएम, गेल इंडिया सहित अन्य सभी सरकारी व गैर-सरकारी संस्थानों में स्थानीय विस्थापित परिवारों को 100% रोजगार सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार सभी संस्थानों को आवश्यक निर्देश जारी करे।

**भूमि का समुचित मुआवजा :** कोर कैपिटल क्षेत्र में अब तक जितनी भी भूमि का उपयोग सरकार द्वारा किया गया है, उसका मुआवजा वर्तमान बाजार दर पर रैयतों को यथाशीघ्र प्रदान किया जाये।

**पंचायत क्षेत्रों में यथास्थिति बनी रहे :** उत्तरी टुंडुल एवं दक्षिणी टुंडुल पंचायत के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों को नगड़ी प्रखंड में ही बनाए रखने और उनमें नगर निगम क्षेत्र में शामिल न किये जाने की मांग।

**समिति की चेतावनी :** यदि सरकार उपरोक्त सभी मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए शीघ्र कोई ठोस समाधान नहीं करती है, तो ग्रामीण हटिया विस्थापित परिवार समितिके बैनर तले उग्र आंदोलन किया जायेगा।

# आदिम जनजाति के 75 हजार परिवारों को मिलेगी चलन्त क्लिनिक की सुविधा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार आदिम जनजाति के 75 हजार परिवारों को चलन्त क्लीनिक की सुविधा उपलब्ध कराएगी। यह सुविधा उन आदिम जनजाति परिवारों को मिलेगी, जो सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यंत विकट परिस्थितियों में निवास करते हैं। ऐसे ग्रामीण क्षेत्रों से सम्पर्क व्यवस्था सुदृढ़ नहीं रहने के फलस्वरूप आवागमन में काफी कठिनाई होती है। चलन्त ग्राम क्लीनिक के संचालन प्रबंधन के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में 5 करोड़ 97 लाख 36 हजार रुपए खर्च किए जाएंगे।

**120 चलन्त चिकित्सा दलों का गठन**

आदिम जनजाति को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 120 चलन्त चिकित्सा दलों का



गठन किया गया है। इस चलन्त क्लीनिक के जरीए राज्य से भी कालाजार का शत प्रतिशत उन्मूलन सुनिश्चित किया जाएगा। इस क्रम में दुमका, गोड्डा, पाकुड़ एवं साहेबगंज जिलों में 74 कालाजार से अति प्रभावित गांवों को चिन्हित किया गया था। इनमें कई ऐसे गांव हैं, जो दुर्गम क्षेत्र में अवस्थित हैं और वहां स्वास्थ्य सेवाएं सीमित हैं। ऐसे गांवों में भी चलन्त ग्राम क्लीनिक की स्थापना करते हुए कालाजार के रोगियों की पहचान की जा सकेगी जिससे राज्य में कालाजार उन्मूलन का लक्ष्य इस वर्ष भी कायम रह सके।

**चलन्त क्लीनिक में क्या मिलेंगी स्वास्थ्य सेवाएं**

चलन्त क्लीनिक में परिवार नियोजन-परामर्श और गर्भनिरोधक सेवाएं दी जायेंगी। इसके अलावा एनीमिया और अन्य गैर संचारी रोग अन्तर्गत उक्त रक्तचाप, मधुमेह की जांच होगी। टीबी और मलेरिया का पता लगाने के लिए बलगम एवं रक्त धब्बा संग्रह किया जायेगा। सात ही कालाजार एवं अन्य भेक्टर बोर्न बीमारियों का इलाज भी होगा।

**कैसे संचालित होगी चलन्त क्लीनिक**

प्रत्येक चिन्हित आदिम जनजाति बाहुल्य ग्राम में अवस्थित सरकारी भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र, सामुदायिक भवन, विद्यालय भवन में चलन्त ग्राम क्लीनिक की स्थापना जाएगी। चिकित्सक एवं प्रदान की जा रही सेवाओं की सूचना सूचनापट्ट के माध्यम से दी जाएगी। चलन्त ग्राम क्लीनिक भ्रमण रोस्टर तैयार कराया जाएगा। इसमें सुबह 9 बजे से शाम छह बजे बजे तक कर्णांकित ग्राम में अवस्थित चलन्त ग्राम क्लीनिक में उक्त ग्राम के निवासियों को चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करायी जायेंगी।

**हर चलन्त ग्राम क्लीनिक में लगाया जाएगा सूचना पट्ट**

हर चलन्त ग्राम क्लीनिक में सूचना पट्ट लगाया जाएगा। इस पर प्रदान की जा रही चिकित्सा सुविधाओं की विवरणी लिखी होगी। प्रदान की जा रही टेस्ट की सूची भी होगी। इसके अलावा चलन्त ग्राम क्लीनिक में कार्यरत चिकित्सक एवं अन्य मानव बल का नाम, पदनाम एवं मोबाइल नंबर, क्लीनिक में उपलब्ध दवाओं का सूचना पट्ट और क्लीनिक में उपलब्ध सेवाओं की विवरणी होगी।

## भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्यपाल को लिखा पत्र

# राज्य सरकार को उत्पाद नीति पर सलाह देने का किया आग्रह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार को पत्र लिखकर हेमंत सरकार को उत्पाद नीति पर सलाह देने का आग्रह किया है। उन्होंने पत्र में कहा है कि इसके पूर्व में भी वर्तमान मुख्यमंत्री के नेतृत्व में दो बार उत्पाद नीति लागू की जा चुकी है। लेकिन, दुर्भाग्यवश उन नीतियों का लाभ न तो राजस्व हित में रहा और न ही राज्य के छोटे-छोटे व्यवसायियों और बेरोजगार युवकों के पक्ष में रहा है। इसके विपरित वो नीतियां शोषण एवं राजस्व के क्षति का कारण बनी। दुकानों में निर्धारित मूल्य से अधिक दरों पर शराब बेचने के कारण आम जनता से अवैध वसूली की गई। इसके परिणामस्वरूप प्राप्त होने वाला राजस्व शराब माफियाओं और दलालों के जेब में चला गया।



उन्होंने कहा है कि सरकार अभी जो नई उत्पाद नीति लागू करने जा रही है, इसमें भी कई आशंकाएं हो रही है। राज्य के राजस्व में वृद्धि एवं छोटे-छोटे व्यवसायियों को समानुपातिक अवसर मिलेगा, इसकी उम्मीद कम है। नई उत्पाद नीति में एक व्यक्ति या प्रतिष्ठान को जिला स्तर पर तीन यूनिट यानि 9 दुकानें एवं पूरे राज्य में अधिकतम 36 दुकानें मिलने का प्रावधान रखा गया है। ऐसे में शराब के बड़े-बड़े कारोबारी पूरे राज्य में दुकानों के आवंटन में अपनी भागीदारी करेंगे। इससे अधिकतम शराब दुकानें उन्हीं के हाथों में चले जाने की संभावना ज्यादा है। उन्होंने राज्यपाल से मांग की है कि जिस प्रकार केन्द्र सरकार पेट्रोल पंप और गैस एजेंसी के लाइसेंस निर्गत करने में दलितों, आदिवासियों, महिलाओं, दिव्यांगों और सेना से सेवानिवृत जवानों को प्राथमिकता देती है। उसी प्रकार राज्य सरकार भी गरीब आदिवासी महिलाओं को जनसंख्या के आधार पर एवं सेना से सेवानिवृत जवानों के लिये देशी एवं विदेशी शराब दुकानों की बंदोबस्ती में आरक्षण दे। नई उत्पाद नीति में एक व्यक्ति एक दुकान को मानक मानकर एक व्यक्ति या प्रतिष्ठान को पूरे राज्य में एक ही शराब दुकान को संचालित करने का प्रावधान हो। राज्य सरकार ने निजी क्षेत्रों में राज्य के लोगों केलिये 75 प्रतिशत आरक्षण का निर्णय कैबिनेट में लिया है, उसे शराब दुकानों के आवंटन में भी लागू करे।

# टीएमएच की रीढ़ है इमर्जेंसी डिपार्टमेंट, हर दिन 200 मरीजों की हो रही सेवा

विश्व आपातकालीन चिकित्सा दिवस (27 मई) पर विशेष

डॉ विनीता पाणिग्राही

**जमशेदपुर।** आपातकालीन चिकित्सा, चिकित्सा क्षेत्र की एक विशेष शाखा है, जो अचानक हुई बीमारियों या गंभीर चोटों के साथ आने वाले रोगियों के त्वरित मूल्यांकन और तत्काल उपचार पर केंद्रित होती है। आज यह चिकित्सा स्नातकोत्तर शिक्षा में एक महत्वपूर्ण और स्वतंत्र विशेषज्ञता के रूप में स्थापित हो चुकी है।

ऐतिहासिक रूप से, फ्रांसीसी सैन्य सर्जन डमिनिक जीन लैरी ने फ्रांसीसी क्रांति के दौरान एंबुलेंस की अवधारणा पेश की, जिसका उद्देश्य घायल सैनिकों को तेजी से एक केंद्रीय स्थान पर पहुंचाना था, जहां उन्हें तत्काल चिकित्सा सहायता मिल सके। यह विचार आधुनिक मोबाइल सेना सर्जिकल अस्पताल (एमएएसएच) इकाइयों की नींव बना, जहां चोट लगने के बाद के प्रारंभिक घंटे जिसे गोल्डन अवर कहा जाता है में केंद्रित और प्रभावी उपचार संभव होता है।

एमएएसएच (मोबाइल आर्मी सर्जिकल हस्पिटल) इकाइयों ने समय पर उपचार की सुविधा देकर चोट के बाद होने वाली मृत्यु दर को प्रभावशाली रूप से घटा दिया। इसी सिद्धांत ने "गोल्डन अवर रिससिटेशन" चोट लगने के प्रारंभिक घंटे में त्वरित और प्रभावी उपचारको आपातकालीन विभाग (ईडी) का मूल उद्देश्य बना दिया। फ्रांसीसी युद्धों के दौरान आपातकालीन चिकित्सा की नींव रखने वाले विचारों और व्यवस्थाओं को लागू करने के लिए डमिनिक जीन लैरी को आपातकालीन चिकित्सा के जनक के रूप में सम्मानित किया गया। आपातकालीन चिकित्सा दिवस की परिकल्पना यूरोपीय आपातकालीन चिकित्सा संघ (ईयूएसईएम) द्वारा की गई थी, और इसे पहली बार 27 मई 2019 को मनाया गया। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य न केवल आपातकालीन चिकित्सा की जीवनरक्षक भूमिका के प्रति जनजागृति फैलाना था, बल्कि इस क्षेत्र में कार्यरत चिकित्सकों के लिए बेहतर संसाधन, प्रशिक्षण और संरचनात्मक सहयोग सुनिश्चित करने की वैश्विक मांग को भी



डॉ विनीता पाणिग्राही।

मजबूती देना था।

भारत में आपातकालीन चिकित्सा की शुरुआत वर्ष 1995 में हुई, जब इसे एक विशिष्ट चिकित्सीय अनुशासन के रूप में मान्यता दी गई। इस क्षेत्र में प्रशिक्षण में ट्रॉमा केयर, क्रिटिकल केयर, टॉक्सिकोलॉजी, रिससिटेशन और आपातकालीन प्रक्रियाओं को शामिल किया गया। वर्ष 2013 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की स्थापना, जिसमें आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं के लिए एक विशेष कार्यक्रम भी सम्मिलित है, ने देश में आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता और गुणवत्ता को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने भारत के मेडिकल कॉलेजों में आपातकालीन चिकित्सा विभागों की स्थापना के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा-निर्देशों में न्यूनतम बुनियादी अवसंरचना और संकाय आवश्यकताओं, पाठ्यक्रम, नैदानिक प्रशिक्षण की आवश्यकता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के मानकों को शामिल किया गया है, जिससे इस क्षेत्र में उच्च स्तरीय चिकित्सा शिक्षा और सेवाओं को बढ़ावा मिल सके।

आपातकालीन विभाग (ईडी) मरीजों का अस्पताल में पहला संपर्क बिंदु होता है। यह सामान्यतः एक व्यस्त और भीड़-भाड़ वाला क्षेत्र होता है, जहाँ विभिन्न प्रकार के रोगी आते हैं। यहां गंभीर रूप से बीमार मरीजों की शीघ्र पहचान कर उन्हें प्राथमिकता देते हुए त्वरित और आवश्यक चिकित्सा सहायता प्रदान की जाती है। इस प्रक्रिया को ट्रायेज कहते हैं, जिसे विशेष प्रशिक्षित ट्रायेज डॉक्टर द्वारा नियंत्रित किया जाता है। कम गंभीर और स्थिर मरीज अपनी बारी का इंतजार करते हैं, जो अस्पताल की भीड़ के आधार पर 15 मिनट से लेकर एक घंटे तक भी हो सकता है। आपातकालीन विभाग में गंभीर रूप से बीमार मरीजों के परिवारजनों में भावुक और तनावपूर्ण प्रतिक्रियाओं के दृश्य आम होते हैं, इसलिए यहां पर्याप्त और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना बेहद आवश्यक होता है। टाटा मेन हस्पिटल (टीएमएच) का आपातकालीन विभाग (ईडी) गंभीर मरीजों के इलाज के लिए समर्पित और दक्ष टीम द्वारा संचालित है, जिसमें 23 मेडिकल ऑफिसर्स, आपातकालीन चिकित्सा विशेषज्ञ, सामान्य चिकित्सक, सामान्य सर्जन शामिल हैं, साथ ही अस्पताल की अन्य सभी विशेषज्ञताएं 24 गुणा 7 उपलब्ध रहती हैं। **(लेखक जमशेदपुर टीएमएच के इमर्जेंसी मेडिसिन के एचओडी, हैं।)**

## स्पीड न्यूज



### एनसीपी ने डीसी को किया सम्मानित

**जमशेदपुर।** सोमवार को एनसीपी युवा मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय महासचिव सह प्रवक्ता डॉ पवन पांडेय के नेतृत्व में भारत सरकार द्वारा सम्मानित सराईकेला खरसावां के उपायुक्त रविशंकर शुक्ला को उनके बेहतर कार्यशैली के लिए पार्टी की ओर से शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। पार्टी द्वारा एक मांग पत्र सौंपकर सराईकेला खरसावां जिला अन्तर्गत आने वाले कपाली क्षेत्र में जमीन के कारोबार में होने वाली हत्याओं पर अंकुश लगाने की मांग की गयी है।

### राजभवन धरना में पहुंचे जमशेदपुर के कांग्रेसी

**जमशेदपुर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में सरना धर्म कोड को जनगणना के सातवां कालम में जोड़ने के लिए राजभवन पर धरना कार्यक्रम में जमशेदपुर से काफी संख्या में कार्यकर्तागण जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के नेतृत्व में रांची पहुंचे।

### कर्ण जमशेदपुर, चंदन चाईबासा और नितिश सरायकेला के नये डीसी

**जमशेदपुर।** कोल्हान प्रमंडल के पूर्वी सिंहभूम,पश्चिम सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिले के डीसी का तबादला कर दिया है। पूर्वी सिंहभूम के वर्तमान डीसी अनन्य मित्तल की जगह कर्ण सत्यार्थी नये डीसी होंगे जबकि पश्चिमी सिंहभूम के वर्तमान डीसी कुलदीप चौधरी की जगह चंदन कुमार नये डीसी होंगी। सरायकेला के वर्तमान डीसी रविशंकर शुक्ला की जगह नीतीश कुमार सिंह नये डीसी होंगे।

### सरायकेला डीसी के नाम फर्जी फेसबुक प्रोफाइल

**जमशेदपुर।** साइबर अपराधियों के द्वारा ऐट डीसी सरायकेला नाम से फर्जी फेसबुक प्रोफाइल बनाकर जिलेवासियों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी जा रही है, साथ ही असामान्य संदेश भी प्राप्त हो रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा लोगों से सतर्क रहने की अपील की जाती है। अगर किसी को इस फर्जी फेसबुक आईडी से फ्रेंड रिक्वेस्ट या किसी प्रकार का संदेश प्राप्त होता है, तो तुरंत उसे रिपोर्ट कर ब्लॉक करें।

### कान्वाई चालक की सड़क दुर्घटना में मौत

**जमशेदपुर।** टीटीसीए के कान्वाई चालक गोविंदपुर गिट्टी मशीन निवासी राहुल बिरुली की सिमडेगा में कान्वाई ले जाते वक्त दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे उसकी जान चली गई। बिरुली की मौत की खबर मिलते ही कान्वाई चालकों में शोक की लहर दौड़ गयी। बता दें कि एक माह पूर्व एक अन्य कान्वाई चालक सुखदेव सिंह की मौत वेसिस ले जाते वक्त हो गयी थी। संघ के नेता ज्ञान सागर प्रसाद ने बताया कि कान्वाई ले जाते वक्त हादसे में जान गंवाने वाले चालकों का इंश्योरेंस नहीं होने से उनके परिवार को ठोस आर्थिक क्षतिपूर्ति नहीं हो पाती।

### बामनी चौक : बाइक कार की टक्कर, एक की मौत

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर से सटे ग्रामीण क्षेत्र पटमदा के बामनी चौक पार एक कार ने बाइक को टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार युवक पद्म माझी की मौत हो गई जबकि एक साथी बबलू हेम्ब्रम बुरी तरह घायल हो गया। हेम्ब्रम का एमजीएम अस्पताल में इलाज चल रहा है। दोनों युवक जब घर लौट रहे थे तभी हादसे के शिकार हो गये।

### लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का स्वागत



**जमशेदपुर।** सिंहभूम चेम्बर अफ कमर्स एंड इंडस्ट्री जमशेदपुर के 75वां वर्ष पूरे होने के अवसर पर रविवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के जमशेदपुर आगमन पर सोनारी एयरपोर्ट पर सिंहभूम चेम्बर सदस्य कृष्णा शर्मा (काली शर्मा) द्वारा अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया।

# राजदोहा के रागा पहाड़ जंगल में ग्रामीणों ने मनाया शिकार पर्व

### चप्पे-चप्पे पर वन कर्मियों का पहरा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जादूगोड़ा।** राजदोहा में सोमवार को आरा बुरू सेंदरा पर्व मनाया गया। इस मौके पर भारी संख्या में पूरे जिले के कोनेक्ष कोने से आदिवासी पारंपरिक हथियार लेकर जादूगोड़ा थाना क्षेत्र के रागा पहाड़ की चोटी चढ़ शिकार पर्व मनाया। जिसका मुख्य मकसद होता है शिकार के दौरान कोई भी जानवर सामने आने पर उसका वध करना, लेकिन शिकार के अभाव में ग्रामीण परम्परा का निर्वाह कर वापस लौट गये। इधर इसके पूर्व लाया नाजिर सरदार की ओर से राजदोहा जाहिरगाढ़ में गाजेक्ष बाजे के साथ पूजा ऋ अर्चना कर रागा पहाड़ देवता से गांव की खुशहाली, हरियाणा, बारिश की कामना की गई इस मौके पर राजदोहा ग्राम प्रधान माझी युवराज टुडु,सामाजिक कार्यकर्ता शिव चरण मुर्मू, सागर सरदार ने कहा में इस पूजा में राजदोहा, रानी कूदर, स्वर्ग छिड़ा से भारी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हुए व रागा पहाड़ देवता से क्षेत्र की खुश हाली व समृद्धि की कामना की ग्राम प्रधान माझी युवराज टुडू मानते है कि शिकार पर्व के मौके पर रागा पहाड़ देवता की पूजा-अर्चना नहीं करने से गांव में महामारी समेत अन्य बीमारी बढ़ने का खतरा रहता है। जिसे टालने के लिए रागा पहाड़ देवता की पूजा - अर्चना की। गई।यह परंपरा वर्षो से चली आ रही है। ऐसा करने से शिकार पर्व पर जंगली जानवरों का हमले का खतरा नहीं रहता व लोग सुरक्षित सेंदरा पर्व मनाकर लौट सके।





जाहिरा में रागा पहाड़ देवता की पूजा-अर्चना करते राजदोहा के ग्रामीण और शिकार पर जाते जिले भर से आये ग्रामीण।

शिकार पर्व को लेकर राजदोहा रागा पहाड़ पर आयोजित शिकार पर्व को लेकर चप्पेक्ष चप्पे पर राखा माइंस वन प्रक्षेत्र वन विभाग कर्मियों का था पहरा थे इस दौरान शिकार पर्व को लेकर जंगली जानवरों का शिकार नहीं करने को लेकर वन कर्मी समझाते दिखे।

## भाजपा की हजामत बना रहे सरयू जद यू ज्वाइन कर रहे हैं भाजपाई

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी से जद यू विधायक सरयू राय अपने सहयोगी दल भाजपा की ही हजामत बनाने में जुट गए हैं। भाजपा कैडरों को तोड़ कर जद यू ज्वाइन करवाना इस बात का प्रमाण है। इसी क्रम में श्री राय ने सोमवार को कई लोगों को जनता दल (यू) की सदस्यता दिलाई। सदस्यता लेने वालों में भाजपा के पूर्व जिला कार्यसमिति के सदस्य सह पूर्व महामंत्री कदमा मंडल मनोज सिंह, भाजयुमो के कार्यालय प्रभारी (कदमा मंडल) संजीव सिंह, भाजयुमो के महामंत्री (कदमा मंडल) अजीत सिंह, अमर सिंह, मुकेश ठाकुर, विपीन कुमार, भाजपा एसटी मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष, कदमा मंडल राजा सरदार, भाजपा बूथ प्रभारी रवि रंजन, दिनेश कुमार एवं कदमा मंडल के पूर्व युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष राजीव निवास शामिल थे।

## गांवों में शराब नीति के खिलाफ भाजपा ने निकाला आक्रोश मार्च

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** झारखंड सरकार के शराब नीति गांवों में लागू करने के खिलाफ आज भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा जमशेदपुर महानगर जिला अध्यक्ष रमेश बास्के के नेतृत्व में लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल कलेज करनडीह से करनडीह चौक तक आक्रोश मार्च निकालकर झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला जलाया गया। बीजेपी नेता राम सिंह मुंडा ने कहा कि झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में शराब दुकान खोल कर, झारखंड के





ग्रामीणों को मौत के मुंह में धकेलने का काम ना करें, क्योंकि झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले, आदिवासी, मूलवासी किसान मजदूर छात्र, युवा वर्ग, का मासिक/वार्षिक आय का स्रोत, इतना नहीं है कि आपके द्वारा खोले जाने वाले सरकारी शराब का सेवन कर सके। आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में आय का स्रोत मुख्य रूप से खेती बाड़ी, मजदूरी, छोटा व्यापार, वन उपज, पत्ता दातून बेचना, सूखी लकड़ी बेचना, महुआ चुनना, मुर्गा, मुर्गी, बकरी पालना ही मुख्य पेशा है।

## आसंगी में चार एकड़ भूमि पर विकसित होगा ग्रीन सिटी

- शशांक निधि कंस्ट्रक्शन बना रहा फ्लैट, ट्रिप्लेक्स और पेंट हाउस
- निदेशक विजय कुमार और आयुष कुमार ने किया भूमि पूजन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** एन आई टी ड्रीम सिटी, आसंगी के बगल में स्थित चार एकड़ के सीएनटी फ्री भुखण्ड पर शशांक निधि कंस्ट्रक्शन प्रा ली के निदेशक द्वारा ग्रीन सिटी का भव्य एवं सभी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जीत 1 टावर, पन्द्रह ट्री प्लेक्स का निर्माण कराया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए शशांक निधि कंस्ट्रक्शन के निदेशक श्री विजय कुमार एवं आयुष कुमार ने संयुक्त रूप से कहा कि ड्रीम सिटी के बगल में स्थित ग्रीन सिटी के इस बहुप्रतिक्षित महत्वाकांक्षी परियोजना के निर्माण का काफी समय से तैयारी की जा रही थी जो अब वन बीएचके, टु बीएचके, थ्री बीएचके, पन्द्रह पेन्ट हाउस, पन्द्रह ट्रीपलेक्स के रूप में हमारे ग्राहकों के लिए उपलब्ध होगा। चालीस से अधिक अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त यह प्रोजेक्ट रेरा से रजिस्टर्ड है साथ ही यह प्रोजेक्ट सभी बैंकों द्वारा लोन के लिए स्वीकृत होगा।



परिवार के साथ भूमि पूजन करते निदेशक विजय कुमार।

## श्रीनाथ यूनिवर्सिटी में इंजीनियरिंग के छात्रों का आनंद ग्रुप पुणे में प्लेसमेंट

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** श्रीनाथ यूनिवर्सिटी में प्लेसमेंट का दौर लगातार जारी है। इस बार डिप्लोमा कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, डिप्लोमा इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रनिक्स इंजीनियरिंग, और डिप्लोमा मैकेनिकल इंजीनियरिंग के अंतिम वर्ष के प्रतिभाशाली 8 छात्रों ने देश की प्रतिष्ठित आनंद ग्रुप पुणे में बाजी मारते हुए सफलता प्राप्त की है। श्रीनाथ विवि के चयनित छात्रों में मीरा गोराई, नेहा प्रसाद, संपदा बेरा, स्नेहा कुमारी, अंजलि गुप्ता,



गौतम गंभीर यादव, पियूष कवी और राहुल महतो के नाम शामिल हैं। यह उपलब्धि छात्रों की मेहनत, तकनीकी दक्षता, और विवि द्वारा प्रदान की गई उद्योग-उन्मुख शिक्षा, प्रायोगिक प्रशिक्षण और समर्पित प्लेसमेंट समर्थन का प्रतिफल है। प्लेसमेंट सेल की सतत मेहनत और अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन ने छात्रों को प्रतिस्पर्धी चयन प्रक्रिया में सफल होने के लिए बेहतर तरीके से तैयार किया।

## कुष्ठ परिवारों के 150 से अधिक बच्चे के लिए थिएटर समर कैंप का उद्घाटन

- गीता थिएटर और रॉबिन हुड आर्मी की अनोखी पहल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सोमवार को लौहनगरी जमशेदपुर नाट्य ट्रस्ट गीता थिएटर एवं रबिन हुड आर्मी जमशेदपुर के संयुक्त तत्वावधान से साकची स्थित गांधी आश्रम बारादारी में स्पेशल समर कैम्प शुरू हुआ।

मौके था दीप प्रज्वलित का जिसमें जिला कुष्ठ निवारण कार्यालय, पूर्वी सिंहभूम - जमशेदपुर से जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डा मृत्युंजय धवड़िआ, जिला कुष्ठ परामर्शी डा राजीव लोचन महतो एवं अपाल इंडिया के उपाध्यक्ष जवाहर राम पासवान, रॉबिन हुड आर्मी जमशेदपुर से अरूण ठाकुर, गीता थिएटर की अध्यक्ष गीता कुमारी, सचिव दीक्षित एवं कलाकार शामिल हुए।





आपको बता दें कि आयोजित होने वाली यह समर कैम्प झारखंड राज्य का पहला समर कैंप है जो कुष्ठ परिवारों के वांचित बच्चों हेतु कुष्ठ परिवारों के बीच कुष्ठ आश्रम में आयोजित हो रहा है। यह स्पेशल समर कैंप में 26 मई से 31 मई 2025 तक प्रतिदिन सुबह 07 बजे से 10 बजे तक कुष्ठ परिवारों वाली बस्ती गांधी आश्रम बारादारी साकची में आयोजित होना निर्धारित है।

गीता थिएटर की अध्यक्ष गीता कुमारी ने बताया कि यह समर कैंप कुष्ठ परिवारों के बच्चों के लिए आयोजित होने वाला झारखंड का पहला स्पेशल समर कैंप है जिसमें शहर के निम्न -मध्यवर्गीय एवं कुष्ठ परिवारों के विशेष बच्चों के हेतु निःशुल्क आयोजित किया जा रहा है। इस स्पेशल समर कैंप में बच्चों को ड्रामा, डांस, संगीत, चित्रांकन, मजेदार खेल के साथ स्वास्थ्य- स्वच्छता, गुड टच बैट टच एवं नागरिक सुरक्षा, आत्मा रक्षा हेतु मार्शल आर्ट्स की जानकारी दिया जायेगी। इस समर कैंप को आयोजित करने का उद्देश्य निम्न -मध्यवर्गीय एवं कुष्ठ परिवारों के बच्चों को मुख्य धारा से जुड़ते हुए उन्हें नैतिक मूल्यों को शिक्षा प्रदान करना, सामाजिक गतिविधियां, हिंसा एवं नशापान को जीवन से दूर रखने के लिए जागरूक करना है तथा इस वर्ग में छुपे प्रतिभा को पहचान कर निखारें हुए मंच प्रदान करना भी है।

## एक नजर में

### ईस्ट प्लांट बस्ती में महिलाओं ने की वट सावित्री पूजा



**जमशेदपुर।** ईस्ट प्लांट बस्ती वर्मा माइंस में यज्ञ स्थल के पास बट वृक्ष के पास बहुत महिलाओं की बहुत भारी भीड़ उमड़ी। बड़ी ही उत्साह के साथ महिलाओं ने पूजा और अर्चना की। धर्म और आस्था का सम्मेलन बहुत ही अच्छे ढंग से दिखा ईस्ट प्लांट बस्ती के यज्ञ स्थल पर बट सावित्री पूजा पहली बार की गई है। महिलाओं ने यह भी बताया कि पहली बार एक ऐसा स्थान पूजा का मिला है जिस पर किसी प्रकार का कोई बंधन नहीं है। हम सभी मुक्त रूप से खुशी से यहां पूजा अर्चना कर सकते हैं। यह मैदान सड़क पर होने के कारण कई महिलाएं बाहरी क्षेत्र की भी गाड़ी से आई और उन्होंने भी वहां पर पूजा किया। हर्ष उल्लास के साथ बहुत बड़ी भीड़ ने पूजा किया। साथ ही ब्राह्मण द्वारा सावित्री देवी की कथा का वर्णन भी किया गया। कथा में बताया गया कि किस तरह सावित्री ने सत्यवान की जान यमराज से बचाकर अपने पति को चिरंजीवी किया था।

### शिक्षा ही ब्रह्मास्त्र है, शिक्षित समाज से ही होगा राष्ट्र निर्माण : अमरप्रीत सिंह





**जमशेदपुर।** रविवार को सिख विजडम अकैडमी के वार्षिक पुरस्कार समारोह (सत्र 2024–2025) में सम्मिलित होकर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले को प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (सीजीपीसी) के नेतृत्व में संचालित यह अकैडमी न केवल बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रही है, बल्कि उनमें आत्मविश्वास, संस्कार और नेतृत्व की भावना का भी विकास कर रही है। यह हमारे शहर जमशेदपुर के लिए गर्व की बात है कि ऐसी संस्थाएं समाज के भविष्य निर्माण हेतु निःस्वार्थ भाव से कार्यरत हैं। इस अवसर पर काले ने कहा, मेरे लिए यह अत्यंत सम्मान का क्षण रहा कि मैंने मेधावी बच्चों को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस उत्तम आयोजन हेतु सीजीपीसी के प्रधान सरदार भगवान सिंह की संपूर्ण टीम तथा सिख विजडम अकैडमी के सभी पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। ईश्वर से प्रार्थना है कि यह प्रयास इसी प्रकार समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाता रहे।

### एमटीएमसी के 300 से अधिक कर्मियों का पोस प्रशिक्षण



**जमशेदपुर।** एक सुरक्षित, समावेशी और सम्मानजनक कार्यस्थल वातावरण को बढ़ावा देने के अपने सतत प्रयासों के तहत, मणिपाल टाटा मेडिकल कलेज (एमटीएमसी) के आउटरीच विभाग ने 26 मई 2025 को एक व्यापक पोस (कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम) प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में कॉलेज के 300 से अधिक शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य था महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के प्रति कर्मचारियों को संवेदनशील बनाना और उन्हें ऐसे मामलों से निपटने हेतु संस्थागत तंत्र के बारे में जानकारी देना। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सुश्री बरनाली चक्रवर्ती (विशेषज्ञ, युवा शक्ति फाउंडेशन) थीं, जिन्होंने संवादात्मक शैली में प्रतिभागियों को अधिनियम के कानूनी प्रावधानों, वास्तविक जीवन के केस स्टडीज, और एक लिंग-संवेदनशील कार्यस्थल की आवश्यकता के बारे में बताया। उन्होंने आंतरिक शिकायत समिति (आइसीसी) की भूमिका, प्रक्रिया और दायित्वों को भी विस्तार से समझाया। एक अन्य सत्र में सुश्री पद्मा कुमारी (पदम शक्ति फाउंडेशन) ने लैंगिक वकालत और समुदाय-आधारित हस्तक्षेपों पर प्रकाश डाला। उन्होंने उत्पीड़न को रोकने के लिए जागरूकता, सहानुभूति और संस्थागत जवाबदेही की महत्ता पर जोर दिया। उनके सत्र में सम्मान की संस्कृति निर्माण, दर्शक हस्तक्षेप को बढ़ावा देने, और अनुचित व्यवहार की पहचान व प्रतिक्रिया की व्यावहारिक रणनीतियां शामिल थीं।

### टाटा स्टीलकर्मी प्रवीण और विकास ने किया रक्तदान





**जमशेदपुर।** कहते है कि मददगार बनना चाहते हैं तो सबसे पहले अपने घर से शुरू कीजिये, अंग्रेजी में एक मशहूर कहावत के रूप में चौरिटी बिगिन्स एट होम के रूप में यह दर्ज है, रेड क्रस कार्यकर्ता भी कुछ इसी थीम पर काम करते है, आज रेड क्रस के एसडीपी डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह ने एक जरूरतमंद रोगी के लिए रक्त उपलब्ध कराने हेतु अपने बहनोई व टाटा स्टील कर्मी प्रवीण चौधरी को प्रेरित किया और साथ ही अपने साथी व टाटा वर्कर्स यूनियन के कमेटी मेम्बर विकास कुमार को रक्तदान हेतु प्रेरित किया ताकि किसी जरूरतमंद को जीवन बचाया जा सके। श्री सिंह ने बाहर से मदद मांगने के बजाय अपने आसपास व परिजनों को ही इस हेतु प्रेरित कर दो लोगों के जीवन को बचाने में महति भूमिका निभायी। श्री सिंह के परिवार के हर युवा सदस्य रक्तदाता है।

### संक्रमण से बचाव के लिए मास्क पहनें

**जमशेदपुर।** रेड क्रस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम ने हाल के दिनों में देश के शहरों में कोविड के मामलों के कारण लोगों से सतर्क रहने का आह्वान किया है। रेड क्रस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने कहा कि दो मौसमों के बीच व सर्दी, गर्मी एवं बरसात की अनिश्चितता के समय शरीर में रोगी प्रतिरोधी क्षमता बहुत अधिक प्रभावित होती है, ऐसे समय में संक्रमण का खतरा सबसे अधिक रहता है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि जो साधारण मानदंड है उसका अवश्य पालन करें।

# जिले के शहरी व आंचलिक क्षेत्रों में रही वट सावित्री पूजा की धूम

■ सुहागिनों ने पति की लंबी उम्र के लिये भगवान से की कामना हर जगह सुहागिनों में देखा गया विशेष उत्साह

**खबर मन्त्र टोली**

**मेदिनीनगर।** जिले के शहरी व आंचलिक क्षेत्रों में वट सावित्री पूजा की धूम रही। शहर से लेकर गांव तक सुहागिनो में विशेष उत्साह देखा गया। कहीं देवालयों में तो लगभग गांव में बरगद के पेड़ के नीचे वट सावित्री का पर्व मनाया गया। व्रती सुहागिन महिलाओं ने वट के नीचे बैठकर विधि विधान ने पूजा अर्चना की। परिवार में सुख, शांति और समृद्धि के लिये कामना की। इस दौरान सुहागिनो ने पति की लंबी उम्र के लिये भगवान से प्रार्थना की। जिलें के लगभग मंदिरों में और बरगद के पेड़ के नीचे व्रती महिलाओं की भीड़ नजर आयी।

## पति, प्रकृति व पर्यावरण की रक्षा के लिए ही किया जाता है वट सावित्री पूजा : डॉ कौशल

■ पर्यावरणविद ने सावित्री पूजा पर लगाया वट का पौधा
■ हिंदू संस्कृति के अनुसार सदियों से होती आ रही है वट वृक्ष की पूजाः पूनम-अमित

**मेदिनीनगर।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने वट सावित्री पूजा पर मेदिनीनगर के आबादगंज स्थित अपने आवास पर्यावरण भवन के आकाश बाग में पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ बरगद (वट) का पौधा लगाया। उन्होंने सावित्री पूजा पर उपस्थित महिलाओं को वटवृक्ष, देवी सावित्री और भगवान सत्यवान के बारे में बताया। पूजा के बाद डॉ कौशल ने महिलाओं को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों को शपथ दिलायी। कहा कि भारतीय संस्कृति में वृक्षों की पूजा की परंपरा सदियों से रही है। परंतु वट वृक्ष की पूजा का एक अलग ही धार्मिक महत्व है। क्योंकि शास्त्रों के मुताबिक वट वृक्षों पर त्रिदेव ब्रह्मा, विष्णु महेश का वास है। इतना ही नहीं जिस गांव में बरगद, पाकड़, पीपल और नीम के पेड़ होते हैं उस गांव के लोग स्वस्थ और सुखी होते हैं। मान्यता है कि जिस तरह भगवान बुद्ध को पीपल के पेड़ के नीचे ही ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। उसी प्रकार वट वृक्ष के नीचे ही माता सावित्री को अपने दृढ़ संकल्प और श्रद्धा से यमराज से अपने मृत पति सत्यवान को दोबारा जिंदा की थी। छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित जायसवाल ने कहा कि उनके पूजनीय पिता सह पर्यावरण धर्मगुरु ने पृथ्वी, प्रकृति, सृष्टि और पर्यावरण की रक्षा के लिए ही पर्यावरण धर्म की शुरुआत की है। संस्था की प्रधान सचिव व डाली बाजार मुखिया पूनम जायसवाल ने कहा कि अपना घर परिवार में रहकर महापुरुषों की तरह निःस्वार्थ निजी खर्च कर प्रदूषण के सफाये के लिए वनों पर रक्षाबंधन और पौधरोपण कर समस्त योनि के जीवों की आजादी की लड़ाई लड़ रहे हैं।



### पाटन प्रखंड में सुहागिनों ने की वट सावित्री पूजा



**पाटन पलामू।** प्रखंड में वट सावित्री पूजा धूमधाम से मनी। सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु की कामना की। व्रत को लेकर सुहागिनों महिलाओं में विशेष उत्साह दिखा। सुबह होते ही पाटन के विभिन्न क्षेत्रों में वट वृक्ष की पूजा करने के लिए सुहागिन महिलाओं की लंबी कतार लग गयी जो शाम तक पूजा अर्चना का दौर चलते रहा। सुहागिन महिलाएं 24 घंटे उपवास रहकर यह व्रत करती है। कहा जाता है कि सावित्री ने अपने पति सत्यवान का प्राण वट सावित्री पूजा कर वापस लाया था। उसी दिन से सुहागिन महिलाएं वट सावित्री की पूजा कर पति के दीर्घायु की कामना करते आ रही है।

### दीर्घायु पति के लिए सुहागिनों ने की वट वृक्ष की पूजा



**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज तथा पिपरा प्रखंड क्षेत्र में पति की लंबी उम्र की कामना कर सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री का व्रत रखा। इस दौरान सुहागिनों ने वट वृक्ष की विधि विधान से पूजा अर्चना कर वट वृक्ष की परिक्रमा कर रक्षा सूत्र बांधा। वहीं पुरोहितों ने सावित्री, सत्यवान और यमराज की कथा सुनायी। इससे पहले पूजा को लेकर बाजार में खरीदारी करने वालों की भारी भीड़ रही। इस व्रत की लोकप्रियता इतनी है कि कई हिंदी फिल्मों में अपने पति के स्वस्थ होने अथवा मौत के मुख से वापस लाने के लिए नायिका के वट सावित्री व्रत रखने का चित्रण किया गया है।

## स्पीड न्यूज

### प्रमुख ने किया कार्यक्रम का उद्घाटन



**पाटन पलामू।** रविवार की शाम पंचायत सचिवालय किशुनपुर रात्रि रक्त संग्रह कार्यक्रम किया गया। इसका उद्घाटन पाटन प्रमुख शोभा देवी, किशुनपुर मुखिया सुमन गुप्ता, पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा पदाधिकारी श्रवण कुमार ने किया। मौके पर पीरामील फाउंडेशन के रामनारायण झा, एमटीएस उदय चौधरी, बीपीएम शशीकांत कुमार, बीएम सुनील कुमार एवं लैब टेक्नीशियन बबलु कुमार ने रक्त संग्रह किया।

### हैदरनगर क्षेत्र में मनी वट सावित्री पूजा



**हैदरनगर पलामू।** थाना के आसपास क्षेत्रों तथा मां भगवती धाम परिसर में वट सावित्री पूजा श्रद्धा और पारंपरिक उत्साह के साथ मना। सुबह से ही सुहागन महिलाएं ने वट वृक्ष की पूजा अर्चना की। वे अपनी पति की लंबी आयु और सुख समृद्धि की कामना की। महिलाओं ने नये परिधान तथा सोलह श्रृंगार कर वट वृक्ष का धागे के सहारे परिक्रमा की। पंडित सतेंद दुबे तथा दिलीप तिवारी ने सत्यवान सावित्री की कथा सुनायी। मौके पर मीना देवी पुस्पा देवी, रीता देवी, शारदा देवी, मनमति देवी, संगीता देवी, मंजू देवी, आरती देवी थी।

### पति के दीर्घायु जीवन के लिए महिलाएं करती हैं वट सावित्री पूजा : प्रियरंजन



**मेदिनीनगर।** अपने पति के प्राणों की रक्षा के लिए तथा दीर्घायु जीवन के लिए महिलाएं कठिन परिश्रम कर वटसावित्री की पूजा अर्चना करती हैं। जिस प्रकार सावित्री ने यमराज के हाथों से अपने पति सत्यवान को छुड़ाकर प्राण वापस लायी थी ऐसी ही महिलाएं पति के प्राणों की रक्षा के लिए व्रत करती है। भारत वीर वीरांगनाओं की भूमि है। यह व्रत ज्येष्ठ मास की अमावस्या को की जाती है। उक्त बातें आचार्य प्रियरंजन पाठक ने कही। वे आज वट वृक्ष के नीचे महिलाओं को पूजन अर्चन कराकर तथा कथा श्रवण कराया।

### फंदे से लटकता मिला युवक का शव

**सतबरवा।** थाना क्षेत्र के खामडीह निवासी शिव चौधरी का पुत्र लाल बिहारी चौधरी (28) का शव पुलिस ने सोमवार को घर के अंदर फंदे से लटकता बरामद किया है। शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर भेज दिया है। थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा ने बताया कि घटना सोमवार के दोपहर 12 बजे की बतायी जा रही है। घटना किन कारणों से घटी पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

### रक्तदान में अब महिलाओं के सक्रिय योगदान की जरूरत है : संजू शुक्ला



**मेदिनीनगर।** सामाजिक कार्यकर्ता सह पूर्व सैनिक बृजेश शुक्ला और संजू शुक्ला ने अपनी पुत्री खुशी के जन्मदिन पर सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान किया। इस दौरान श्री शुक्ला ने कहा कि बेटियां बुढ़ापे की लाठी होती हैं। आज के दौर में लोगों को बेटा-बेटी में फर्क नहीं करना चाहिए। रक्तदान महादान है। पलामू ब्लड बैंक में ब्लड की कमी को देख आम जनमानस को अपने और अपने परिवार के सदस्यों के जन्मदिन के उपलक्ष्य में रक्तदान कर सहयोग करना चाहिए। संजू ने कहा कि ज्यादातर मामलों में महिलाओं को ही रक्त चढ़ाने की जरूरत होती है। इसलिए महिलाओं को भी रक्तदान के क्षेत्र में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेकर रक्तदान करने की जरूरत है। मौके पर डी पी एम प्रदीप कुमार, एमओ डॉ रवि कुमार, ब्लड बैंक के प्रोजेक्ट चेयरमैन आलोक वर्मा, अनुपम तुलस्यान, नवनीत कुमार, सुनील कुमार मौजूद थे।

### झारखंड से नामित टीम दिल्ली पहुंची



**मेदिनीनगर।** भारत सरकार का पंचायती राज मंत्रालय नई दिल्ली में दो दिवसीय पंचायती उन्नति सूचकांक विषयक राष्ट्रीय कार्यशाला कर रहा है। इसमें झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों से चयनित पंचायती राज विभाग के जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर को सहभागिता हेतु नामित किया गया है। पलामू जिले से सत्यानंद शुक्ला ने राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर के रूप में इसमें भाग लिया। यह कार्यशाला पंचायतों के सशक्तिकरण, विकास योजनाओं की प्रभावी निगरानी, मूल्यांकन और निष्पादन को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित की गयी है।

### शिक्षा का अधिकार कानून का सख्ती से अनुपालन करें निजी विद्यालय : उपायुक्त



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन जिले में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों की पढ़ाई के लिए गंभीर हैं। ऐसे बच्चों को जिले के निजी विद्यालयों में भी बेहतर शिक्षा दिलाने के लिए कड़ी पहल करने में जुटे हैं। उन्होंने सोमवार को समाहरणालय सभागार में जिले के निजी विद्यालय प्रबंधन के साथ बैठक की। उन्होंने शिक्षा का अधिकार कानून के तहत निजी विद्यालयों में बच्चों का नामांकन की गहणता से समीक्षा की। उन्होंने निजी विद्यालयों के प्रवेश कक्षाओं में निर्धारित सीट, शिक्षा के अधिकार कानून के तहत आवंटित सीट, स्कूल का नामांकन शुल्क संरचना, बस शुल्क, विद्यालय एवं बच्चों के परिवहन में लगे बसों में आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था, वार्षिक शुल्क, मासिक शुल्क, स्कूल का यू-डायस, विद्यालय में सीसीटीवी का अधिष्ठापन आदि की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने प्रवेश कक्षाओं में बच्चों के नामांकन की प्रगति पर जिला शिक्षा अधीक्षक के प्रति कड़ी नाराजगी जतायी। साथ ही शिक्षा के अधिकार कानून के प्रभावी क्रियान्वयन कराने का निर्देश दिया। उन्होंने निजी विद्यालयों में बच्चों का नामांकन सुनिश्चित कराने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने शिक्षा के अधिकार कानून का सख्ती से अनुपालन नहीं करने वाले विद्यालय प्रबंधन को शो-कॉज करने का निर्देश दिया। शिक्षा का अधिकार कानून के तहत रिक्त सीटों पर आगामी 30 दिनों के अंदर नामांकन प्रक्रिया पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

# पूर्व सीएम रघुवर दास का सपना अब भी अधूरा है : अरुणा शंकर

■ शराब घोटाला से बड़ा पलामू में दवा घोटाला
■ डॉक्टरों का 3 घंटे लंच आवर, मरीज करते रहे इंतजार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जानकारी लेतीं प्रथम महापौर अरुणा शंकर व अन्य।

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने रांची में एक कोरोना के पेशेंट मिलने के बाद राजा मेदिनीराय मेडिकल हॉस्पिटल की तैयारी देखने अचानक मेदनीराय मेडिकल हॉस्पिटल पहुंची। प्रथम महापौर ने हॉस्पिटल की व्यवस्था देखकर आश्चर्य व्यक्त किया और कहा कि आज भी मेडिकल कॉलेज बनने के बाद ओपीडी में डॉक्टरो की कमी के कारण प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं द्वारा मरीजो को देखा जाना, डॉक्टर का 3 घंटा लंच आवर होने के चलते ग्रामीण मरीजों को डॉक्टर के इंतजार में बैठे रहना, कोरोना में लगाए गए ऑक्सीजन प्लांट को निष्क्रिय होना, महिला वार्ड में पानी तक की व्यवस्था नहीं होना, ऑर्थो ऑपरेशन थिएटर का मॉनिटर ही खराब होना, कोई भी वेटिंग स्पेस न होना, डॉक्टरों द्वारा लिखा दवा अस्पताल में न मिलना, महिला डॉक्टर की कमी के चलते महिला रोगियों बिना दिखायें गांव लौटना, शौचालय का अत्यधिक गंदा होना, इमरजेंसी वार्ड का सीलिंग कभी भी गिरने को तैयार पर किसी का ध्यान नहीं है। इन सारी व्यवस्था को देखकर प्रथम महापौर ने दुख प्रकट किया।

**खास बातें :** प्रथम महापौर ने कहा कि क्या इसी व्यवस्था के लिए पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने पलामू में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की थी? कल भी रेफर टू रांची का मोहर था आज भी रेफर टू रांची का मोहर है। प्रथम महापौर ने कहा कि कुछ दिन पूर्व अस्पताल में नकली दवा पकड़ी गई लेकिन सरकार मौन है। इससे कई मरीजों का मर्ज बढ़ा होगा और कई नकली दवा खाकर मृत्यु के नजदीक भी पहुंचे होंगे पर सरकार इतनी बड़ी घटना में चुप्पी साधे है। प्रथम महापौर ने कहा कि यह शराब घोटाला से बड़ा दवा घोटाला है जो मानवता की धज्जियां उड़ा रही है। प्रथम महापौर ने इन सभी चीजों को लेकर अधीक्षक डॉ अजय कुमार से भी बात की पर वह अपनी व्यवस्था से संतुष्ट नजर आये।

# सेविका/ सहायिका की चयन प्रक्रिया को करायें पूर्ण : उप विकास आयुक्त

■ आंगनबाड़ी केंद्रों में विद्युतीकरण, पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था करायें सुनिश्चित
■ डीडीसी ने बाल विकास परियोजनाओं की योजनाओं के ससमय क्रियान्वयन की समीक्षा की

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में उपस्थित डीडीसी शब्बीर अहमद व अन्य।

**मेदिनीनगर।** उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने समाहरणालय के ब्लाक सी स्थित डीआरडीए सभागार में बैठक की। इस दौरान उन्होंने समाज कल्याण विभाग अंतर्गत बाल विकास परियोजनाओं में संचालित योजनाओं का ससमय क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में सेविका/ सहायिका के रिक्त पदों पर चयन, केंद्रों में विद्युतीकरण, पेयजल एवं शौयालय की उपलब्धता एवं चेहरा प्रमाणीकरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान उपस्थित थीं।

**खास बातें :** डीडीसी ने आंगनबाड़ी सेविका/ सहायिका चयन की समीक्षा में जिले में संचालित 2625 आंगनबाड़ी केंद्रों में 68 सेविका एवं 248 सहायिका के रिक्त पदों पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, पाटन के द्वारा विभागीय निर्देश के बावजूद भी अब तक सेविका/ सहायिका चयन हेतु सूचना का प्रकाशन नहीं किये जाने को लेकर कार्यालय सहायक का वेतन स्थगित करने संबंधी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने किराये के भवन में संचालित आंगनबाड़ी भवनों में शतप्रतिशत विद्युत की उपलब्धता सुनिश्चित कराने एवं सरकारी भवनों में एक सप्ताह के अन्दर विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए विद्युत्त कनेक्शन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। डीडीसी ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता से समन्वय स्थापित कर पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित कराने को कहा। उन्होंने चेहरा प्रमाणीकरण कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं होने को लेकर नीलांबर- पीतांबरपुर परियोजना को छोड़कर शेष सभी बाल विकास परियोजना की महिला पर्यवेक्षिकाओं का वेतन अगले आदेश तक स्थगित रखने का निर्देश दिया। वहीं 31 मई तक शतप्रतिशत चेहरा प्रमाणीकरण का कार्य पूर्ण कराने को कहा। बैठक में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना मामले में 70 प्रतिशत उपलब्धि हासिल नहीं करने वाली महिला पर्यवेक्षिकाओं का वेतन अगले आदेश तक स्थगित करने का निर्णय लिया गया।

### नरेंद्र सिंह ने संभाला नये बीइइओ का पदभार



**सतबरवा पलामू।** नरेंद्र कुमार सिंह ने सोमवार को प्रखंड संसाधन केंद्र में नये बीइइओ के रूप में योगदान दिया। बताया कि शिक्षा विभाग से जुड़े सभी लोगों के सहयोग से शिक्षा व्यवस्था में सुधार प्राथमिकता होगी। विद्यालय में समय अनुसार शिक्षण कार्य हो तथा सरकारी लाभ प्रत्येक बच्चों तक पहुंचे इसके लिए सभी को कार्य करना होगा। सतबरवा प्रखंड पलामू जिला का आईना के समान है। इसी प्रखंड से पलामू में शिक्षा की क्या स्थिति है इसका पता चलता है। इसलिए इस प्रखंड को शिक्षा के क्षेत्र में पूरे पलामू में अव्वल बनाना है। इसके लिए विभाग के लोगों से सहयोग की अपेक्षा करते हैं। मौके पर लेखापाल जयप्रकाश ठाकुर, एमडीएम ऑपरेटर विवेक सिन्हा, एमआईएस ऑपरेटर गुलाम सर्वर, शिक्षक निखिल सिंह, बीरेंद्र साहू भी थे।

### सघन जांच अभियान में दर्जनों वाहन हुए जब्त



**मेदिनीनगर।** ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में शहर के छह मुहान पर चार पहिया एवं दोपहिया वाहनों की जांच की गयी। इस क्रम में दोपहिया वाहन के कुछ चालक बगैर हेलमेट तथा बगैर लाइसेंस के थे। जिसमें से 14 बाइक जब्त किये गये। शनिवार शाम में 01 कार और 01 बाइक चालक शराब पीकर वाहन चला रहा था। 01 बस के पीछे में नंबर असम आगे का नंबर रांची झारखंड का है उसका भी आज चालान जिला परिवहन कार्यालय पलामू भेजा गया है। 26 मई को जिला परिवहन कार्यालय पलामू से 17 दोपहिया बाइकों का चालान फाइन राशि 22,000 रुपया आया एवं 03 ई रिक्शा टेंपो सवारी गाड़ियों का चलान फाइन राशि 34,50 रुपये आया है। टोटल चलान फाइन राशि 25,450 रुपया आया है।

### सुहागिन महिलाओं ने की वट सावित्री पूजा



**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमंडल क्षेत्र के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में वट सावित्री पूजा की धूम रही। यह त्योहार सोमवार को मनाया गया, जबकि इससे पूर्व रविवार को जपला बाजार में महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी। जिधर देखिये उधर जाम, इस दौरान महिलाओं वट सावित्री पूजा के लिए श्रृंगार व पूजा, फल फूल, बेना आदि की खरीदारी करते नजर आयी। वहीं सोमवार को सुबह से ही ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के मंदिर व बरगद के पेड़ में भारी संख्याओं में महिलाओं ने पूजा की और अपने अपने पतियों की दीर्घायु की कामना की। इस दौरान सभी महिलाओं ने सोलह श्रृंगार में सज धज कर बरगद के पेड़ की पूजा करने के लिए निकली। पहले पेड़ को जल से स्नान कराया, फिर तने को कलावा से बांध कर उसकी परिक्रमा की।

## पटना की प्रजापति हुंकार रैली में पहुंचे अविनाश देव, भव्य स्वागत

■ बिहार के कुम्हारों ने भरी हुंकार, कब होंगे राजनीतिक हिस्सेदार : अविनाश देव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** बिहार कुम्हार समन्वय समिति द्वारा आहूत पटना मिलर हाई स्कूल के मैदान में हुंकार रैली में वरिष्ठ झामुमो नेता सह संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। पटना मिलर हाई स्कूल के मैदान पूरे बिहार राज्य के कुम्हार जाति की महिला पुरुष बूढ़े बच्चे से खचाखच भरी पड़ी थी, बड़ी तादाद में हुजूम पहुंचा था। आज की भीड़ ऐतिहासिक भीड़ रही। कार्यक्रम का उद्घाटन अविनाश देव ने मुख्य अतिथि के साथ सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। बिहार कुम्हार समन्वय समिति के प्रदेश अध्यक्ष व सचिव अंग वस्त्र पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। समन्वय समिति के सदस्यों ने गर्मजोशी के साथ बुलंद आवाज में गगन भेदी नारों के साथ मुख्य मंच तक लाया और मंच पर आसीन किया। राज्य के विभिन्न जिलों से आये अगुआ साथियों ने अपनी बात रखी।

## लहलहे में भागवत कथा का भंडारे के साथ हुआ समापन

फोटो 26 डाल 03
अतिआवश्यक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतबरवा पलामू।** लहलहे में भागवत कथा के दौरान हवन यज्ञ का भी आयोजन किया गया,जिसमें आहुतियां दी गयीं। सात दिवसीय भगवत कथा के समापन पर सोमवार को विशाल भंडारा किया गया, जिसमें आसपास के लोग महाप्रसादी ग्रहण करने पहुंचे। इसके पूर्व रविवार को अंतिम कथा सुनाते हुए 1008 श्री मारुति किंकर जी महाराज कहा कि कि कैसे गरीब ब्राह्मण सुदामा अपनी पत्नी सुशीला के कहने पर न चाहते हुए भी द्वारिका जाने को तैयार होते हैं। सुदामा को कृष्ण से मिलने से द्वारपालों के रोकने पर सखा कृष्ण स्वयं सुदामा से मिलने नंगे पांव दौड़ आते हैं। इसके बाद कृष्ण-सुदामा को गले लगाते हैं। इस प्रसंग के दौरान कृष्ण सुदामा की मनोहारी दृश्य प्रस्तुत किया गया। जिससे भक्त श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। इसी प्रसंग के साथ कथा का समापन हो गया।

## पति की लंबी आयु के लिए वट वृक्ष की पूजा सुहागिन महिलाओं ने रखा निर्जला उपवास

■ शहरी व ग्रामीण इलाकों में वट सावित्री पूजा की धूम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चैनपुर (पलामू)।** चैनपुर नगर निगम क्षेत्र व ग्रामीण इलाकों में सोमवार को वट-सावित्री पूजा की धूम मची रही। सोमवार को सुबह से ही सुहागिन महिलाएं स्नान-ध्यान कर नए कपड़े पहनकर पूजा की सामग्री लेकर वट वृक्ष के पास गई और विधि-विधान से वट वृक्ष की पूजा कर पति के दीर्घायु होने और सुखी वैवाहिक जीवन की मंगलकामना की।

इसके साथ ही वट वृक्ष के पास सुहागिन महिलाओं ने पुरोहित से वट-सावित्री व्रत से संबंधित कथा भी सुनी। इस दौरान महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदुर लगाकर सदा सुहागन रहने की कामना की। पूजा के दौरान महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा कर धूप, दीप, अगरबत्ती जलाते हुए बरगद के पेड़ पर फल चढ़ाकर वट वृक्ष के चारों तरफ घुमते हुए वट वृक्ष को रक्षा सूत्र से बांधी।

### टीओपी टू प्रभारी के तत्परता से लापता बच्चा लातेहार से बरामद

**मेदिनीनगर।** टीओपी टू क्षेत्र के बेलवाटिका निवासी अजय कुमार गुप्ता का 12 वर्षीय पुत्र देव प्रताप बीते दिन संध्या छह बजे से लापता हो गया था। परिजनों ने इसकी सूचना टीओपी टू में दी। टीओपी टू प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि लापता बच्चा ट्रेन से बरकाकाना की ओर जा रहा है।

इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बरवाडीह व लातेहार के जीआरपी व आरपीएफ को सूचना दी गयी।

## पांकी : वाहन चेकिंग में हथियार के साथ दो व्यक्ति धराये, जेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पांकी पलामू।** पिपराटांड़ थाना पुलिस ने अपराध की योजना बना रहे दो व्यक्तियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में पांकी थाना क्षेत्र अंतर्गत लोथरवा गांव निवासी शिवम कुमार (24) पिता महेंद्र प्रसाद चौरसिया व हरना निवासी सतवंत सिंह (22) पिता दिनेश सिंह व शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से एक हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक (जेएच 03 एएच 0579), एक देशी कट्टा, दो जिंदा कारतूस व दो एंड्रायड मोबाईल फोन बरामद किया है। पुलिस निरीक्षक पूनम टोप्पो ने बताया कि एएसआई रसियन तिडू सशस्त्र बल के साथ सरकारी वाहन से संध्या गस्ती के क्रम में निकले थे। वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार पांकी चतरा मुख्य मार्ग पर शाम करीब 5.10 बजे हेसातू टोला बनखेता में वाहन चेकिंग करने लगे।

# 31 को धूमधाम से अहिल्याबाई जयंती मनायेगा पाल समाज

■ कार्यक्रम को लेकर समिति का गठन किया गया
■ संरक्षक राजेंद्र पाल, रोहित बने अध्यक्ष, सचिव बने बीरेंद्र पाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक के दौरान एकजुटता प्रदर्शित करता पाल समाज।

**हुसैनाबाद पलामू।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नम्बर तीन,रामबिगहा स्थित मुन्ना पाल के आवास पर पाल समाज की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता घूरा पाल ने की और संचालन दिलीप भगत ने किया।

बैठक में सैकड़ों की संख्या में पाल (गरेड़िया) समाज के लोग एकत्रित हुए,जिसमें समाज के संगठन व समाजिक, राजनैतिक, वैचारिक शिक्षा चिकित्सा में विकास करने हेतु विभिन्न बिंदुओं पर बारी बारी से चर्चा किया गया। साथ ही समाज मे दहेज प्रथा,नशा मुक्ति, आदि सामाजिक बुराइयों से समाज को मुक्ति दिलाने का निर्णय लिया गया।

साथ ही सर्वसम्मति से समाज की कुशल नेतृत्वकर्ता व आराध्य मातेश्वरी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती समारोह मनाने पर चर्चा की गयी। 31मई को यह कार्यक्रम धूमधाम से मनाने एवं संचालन हेतु एक समिति का गठन किया गया। संयोजक घूरा पाल, उप संयोजक जितेंद्र पाल, संरक्षक राजेन्द्र पाल, वहीं अध्यक्ष रोहित पाल, उपाध्यक्ष उपेंद्र पाल, सचिव बीरेंद्र पाल कोषाध्यक्ष जितेंद्र पाल को बनाया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने व संगठन को मजबूती पर बल दिया गया। मौके पर गुड्डू पाल, बाबूलाल पाल, अशोक पाल, दिलीप भगत, अनिकराज पाल, दीपक पाल मुन्ना पाल, उदय पाल, दीपक पाल रमन पाल आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# छह माह भी नहीं टिकी एक 1.18 करोड़ की सड़क बीचोंबीच दरका,कई जगह सड़क गढ्ढों में तब्दील

■ ग्रामीणों ने पलामू उपायुक्त को दिया हस्ताक्षरयुक्त आवेदन, संवेदक पर कार्रवाई की मांग

**महेंद्र प्रजापति**



बीचों बीच से दरका सड़क, सड़क पर बना गड्ढा व ग्रामीण नवीन चौबे।

**विश्रामपुर (पलामू)।** प्रखंड के केतात कला पंचायत में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत एन एच 75 मुख्य पथ से केतात खुर्द तक पीसीसी सड़क का निर्माण एक करोड़ 18 लाख 73 हजार की लागत से हुआ था। इस दौरान व्यापक स्तर पर अनियमितता बरती गयी थी, जिस कारण यह सड़क छह माह भी नहीं टिकी। सड़क बीचों बीच से दरक गया। कई जगह तो यह सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुका है। इस संबंध में ग्रामीणों ने पलामू उपायुक्त को हस्ताक्षरयुक्त आवेदन भी दिया है। ग्रामीणों ने कहा है कि सड़क निर्माण कार्य में प्राक्कलन की अनदेखी की गयी। मानक के अनुसार कार्य नहीं हुआ। निर्माण कार्य में निम्नतर सामग्री का इस्तेमाल किया गया, जिससे सड़क गुणवत्ताविहीन बनी। घटिया निर्माण का ग्रामीणों ने विरोध भी किया था लेकिन संवेदक ने सरकारी कार्य में बाधा डालने के झूठे केस में फसाने का प्रयास किया। जिसके बाद ग्रामीणों ने संबंधित विभागीय पदाधिकारियों व कनीय अभियंता को लिखित आवेदन देकर निर्माण कार्य में गुणवत्ता बहाल करने की मांग की गयी थी।

**ऐसे संवेदक से शीघ्र पूरी राशि की रिकवरी की जाये : रीना चौबे**

केतात कला पंचायत समिति सदस्य रीना चौबे ने कहा कि ग्रामीणों का आरोप पूर्णतः सही है। संवेदक ने सड़क निर्माण के नाम पर सरकारी राशि लूटी है उससे राशि को रिकवर करना चाहिए ताकि दूसरा कोई और संवेदक सरकारी राशि का बंदरबांट करने की हिम्मत भी नहीं जुटा सके।

**संवेदक के साथ कनीय अभियंता पर भी हो कार्रवाई : नवीन चौबे**

केतात कला ग्राम पंचायत के समाजसेवी नवीन चौबे ने कहा कि निर्माण के समय ही ग्रामीणों ने घटिया सड़क निर्माण का विरोध किया था। पूरे मामले से विभागीय कनीय अभियंता को अवगत कराया था। बावजूद कनीय अभियंता ने ग्रामीणों की एक नहीं सुनी और संवेदक के पक्ष में खड़ा रहे इसलिए संवेदक के साथ कनीय अभियंता पर भी कार्रवाई होनी चाहिए।

# सांसद ने की वज्रपात व हत्या पीड़ित परिजनों से मुलाकात, दी सांत्वना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने सोमवार को अपने संसदीय क्षेत्र के गढ़वा जिले अंतर्गत मेराल प्रखंड के विभिन्न गांवों में पहुंचकर हाल की घटनाओं में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों से मुलाकात की और गहरी संवेदनाएं प्रकट की। सांसद श्री राम ने लखेया गांव में वज्रपात से मृत शंभू बैठा एवं धर्मेंद्र राम के परिजनों से मिलकर उन्हें ढाढ़स बंधाया और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। इसके बाद वे चंदन पासवान के घर पहुंचे, जिनकी हाल ही में हत्या कर दी गई थी। उन्होंने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने और दोषियों को सजा दिलवाने का भरोसा दिया। इसके पश्चात श्री राम ग्राम गोंदा पहुंचे, जहां भाजपा कार्यकर्ता नंदू कुशवाहा की करंट लगने से मृत्यु हो गई थी। उन्होंने परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की।



परिजनों से मिलते सांसद

वहीं भाजपा नेता डॉ लालमोहन के पुत्र तरुण देव की वज्रपात से हुई मौत पर भी शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर संवेदना प्रकट की। सांसद ने गढ़वा भाजपा नेता गौरी शंकर बिंद की बहू की बीमारी से हुई मृत्यु पर भी उनके घर जाकर संवेदना जताई और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। मौके पर भाजपा नेता विनय चौबे, प्रमोद चौबे, सूरज गुप्ता, भोला चंद्रवंशी, रूपु महतो, विजय गुप्ता, चंद्रमणि पाठक, महेंद्र सिंह, अरविंद पांडेय, अलख दुबे आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### सुहागिनों ने की वट वृक्ष की पूजा, पति की दीघार्यु की कामना

मझिआंव। मझिआंव एवं बरडीहा प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को वट सावित्री पूजा पूरे श्रद्धा और पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र, सुख-शांति और वैवाहिक जीवन की रक्षा के लिए वट वृक्ष की विधिवत पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने बट वृक्ष के तने में कच्चा सूत बांधकर परिक्रमा की और धूप-बत्ती व हवन के साथ पूजा की। पूजा में जल, अक्षत, सिंदूर, तील, फूल, माला और चना का अर्पण किया गया। सूर्योदय से पहले स्नान कर सुहागिनों ने नए वस्त्र धारण कर सोलह श्रृंगार किया। इसके बाद पंचदेव और भगवान विष्णु का आह्वान कर पूजा की। इस अवसर पर पंडितों द्वारा सावित्री-सत्यवान की कथा सुनाई गई, जिसमें सावित्री ने यमराज से अपने पति के प्राण वापस लाए थे। पूजन के बाद महिलाओं ने अपने पति को प्रसाद खिलाकर बांस के पंखे से झलने की परंपरा निभाई और स्वयं भीगे चने खाकर जलपान किया। पूरे दिन महिलाओं ने निर्जला व्रत रखा।

### धुरकी में मनाया गया वट सावित्री व्रत

**धुरकी।** सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांवों में सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की दीघार्यु और परिवार की सुख-शांति की कामना के साथ विधिपूर्वक वट सावित्री व्रत मनाया। धुरकी, खाला, खुटिया, रक्सी, भंडार, गनियारी कला, टाटीदीरी, अम्बा, खोरेया सहित अन्य गांवों में महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में वट वृक्ष की पूजा की। सुबह से ही महिलाएं पूजा सामग्री के साथ वट वृक्ष के नीचे एकत्रित हुईं और अक्षत, चंदन, रोली व धूप-दीप से विधिवत पूजा की। इसके बाद लाल-पीले धागों से वटवृक्ष की परिक्रमा करते हुए रक्षा सूत्र बांधा और अपने पति की लंबी उम्र व अखंड सौभाग्य की प्रार्थना की। महिलाएं पूजा के दौरान वट वृक्ष को पंखा झलती नजर आईं, जिससे मेले जैसा दृश्य बन गया। पंडितों द्वारा सावित्री-सत्यवान की कथा सुनाई गई, जिसमें बताया गया कि कैसे सती सावित्री ने यमराज से अपने पति के प्राण वापस लेकर अखंड सौभाग्य का प्रतीक स्थापित किया। यह पर्व नारी शक्ति, श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक माना जाता है।

### सड़कों की हालत जर्जर, ग्रामीणों में नाराजगी

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र में चल रहा जल जीवन मिशन पूरी तरह से अव्यवस्था का शिकार होता दिख रहा है। प्रखंड के किसी भी गांव में अब तक कार्य पूरा नहीं हो पाया है। शिवपुर पंचायत के अधौरा गांव में तो हाल और भी खराब है। पाइपलाइन बिछाने के लिए पीसीसी सड़क को तोड़ा गया, लेकिन न तो दोबारा ढलाई की गई और न ही घरों तक पानी की सप्लाई शुरू हुई। सुदर्शन राम से उस्मान अंसारी के घर तक की मुख्य गली की सड़क एक महीने से टूटी पड़ी है, जिससे ग्रामीणों को चलने में भारी परेशानी हो रही है। यह सड़क पहले जिला अनाबद्ध योजना से बनी थी और अच्छी हालत में थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि काम शुरू करते वक्त उन्होंने साइट इंचार्ज से सख्ती से कहा था कि तोड़ने के साथ-साथ जल्द मरम्मत होनी चाहिए। लेकिन संवेदक कार्य अधूरा छोड़ फरार हो गया। ग्रामीण कृपा निधान गुप्ता, साबिर अंसारी, देवव्रत गुप्ता, केशव गुप्ता और दिलीप कुमार सहित कई लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क की मरम्मत जल्द कराई जाए और जल जीवन मिशन को समय पर पूरा किया जाए।

# श्रद्धा भाव से मना वट सावित्री व्रत

## सुहागिनों ने की पति की लंबी उम्र की कामना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सगमा।** प्रखंड क्षेत्र के शारदा, सगमा, सोनडीहा, घघरी, बीरबल सहित सभी पंचायतों में सोमवार को सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री व्रत श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया। व्रत धारण कर महिलाओं ने सोलह श्रृंगार के साथ वट वृक्ष की विशेष पूजा-अर्चना की और अपने पति की दीघार्यु, सुख-समृद्धि व अखंड सौभाग्य की कामना की। सुहागिनों ने वट वृक्ष को रक्षा सूत्र बांधते हुए परिक्रमा की और पूजा उपरांत भक्ति गीतों का समूह में गायन किया। पूजा में महिलाओं ने अक्षत, पुष्प, चंदन, ऋतुफल, पान, सुपारी, वस्त्र, धूप-दीप आदि समर्पित कर विधिवत पूजा संपन्न की।

पंडित सतीश पाण्डेय ने स्कन्द पुराण का पाठ कर व्रत का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि इस व्रत से पति की आयु, उत्तम स्वास्थ्य, वंश वृद्धि और दांपत्य जीवन में सुख-शांति की प्राप्ति होती है। उन्होंने सत्यवान-सावित्री की कथा सुनाकर व्रती महिलाओं को प्रेरणा दी।



वट वृक्ष की परिक्रमा करती महिलाएं

# कांडी में पारंपरिक विधि-विधान से मनाया गया वट सावित्री व्रत



पूजा अर्चना करती महिलाएं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कांडी।** सोमवार को कांडी प्रखंड क्षेत्र की सभी सुहागिन महिलाओं ने पारंपरिक श्रद्धा और आस्था के साथ वट सावित्री व्रत पूरे विधि-विधान से मनाया। चौबे मझिगावां, डूमरसोता, हरिहरपुर, लमारी कला, घटहुआं कला, सेतों, हरिगावां, सननी, अधौरा, राणाडीह, खुटहेरिया, बलियारी सहित दर्जनों गांवों में सुबह से ही महिलाओं ने स्नान कर सोलह श्रृंगार के साथ पूजा की शुरूआत की।

मध्याह्न में महिलाओं ने वटवृक्ष के नीचे पहुंचकर विधिपूर्वक पूजा की और कच्चे धागे से वटवृक्ष को लपेटते हुए अपने पति की लंबी उम्र, सुख-शांति और संतान सुख की कामना की। इस दौरान विद्वान पंडितों द्वारा सत्यवान-सावित्री की कथा सुनाई गई, जिसने महिलाओं को धर्म, निष्ठा और प्रेम की भावना से भर दिया। पूजा में निर्जला व्रत रखते हुए महिलाओं ने संयम और श्रद्धा के साथ भाग लिया।

अंत में प्रसाद का वितरण हुआ और व्रती महिलाएं प्रसाद ग्रहण कर घर लौटीं। यह पर्व नारी शक्ति, निष्ठा और पति के प्रति समर्पण का प्रतीक माना जाता है।

## भवनाथपुर में भक्ति भाव के साथ मनाया गया वट सावित्री व्रत



पूजा अर्चना करती महिलाएं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को वट सावित्री व्रत पूरे श्रद्धा और आस्था के साथ धूमधाम से मनाया गया। हिन्दू धर्म की परंपराओं के अनुसार सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और सदा सुहागन रहने की कामना के साथ व्रत रखा। सुबह से ही महिलाएं पारंपरिक परिधान में सज-धजकर प्रखंड के विभिन्न वट वृक्षों के पास एकत्रित हुईं। वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक विधि से महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा की और कच्चा सूत बांधकर परिक्रमा की। महिलाओं ने बताया कि इस व्रत की परंपरा सती सावित्री के समय से चली आ रही है, जिन्होंने अपने पति के प्राण यमराज से वापस लाकर उन्हें पुनर्जीवित किया था। मौके पर पूनम देवी, नेहा देवी, ललिता देवी, संगीता देवी, अंशु देवी, सीमा देवी, रेखा देवी, आरती देवी, सरिता देवी, मंजू देवी सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित थी।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा सम्मान समारोह

## निःशुल्क सत्तू बैंक का उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले में ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय तिरंगा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। समारोह के आयोजक व अनेक निःशुल्क बैंकों के संस्थापक शौकत खान ने इस मौके पर गरीबों, राहगीरों व जरूरतमंदों के लिए निःशुल्क सत्तू बैंक का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीआरपीएफ 172 बटालियन के जवान ने फीता काटकर सत्तू बैंक का शुभारंभ किया।

शौकत खान ने जवानों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। साथ ही उन्हें राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा और गरीबों का अनोखा बैंक मैगजीन भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान जवानों ने गरीबों को स्वयं सत्तू पिलाया और गमछा भेंट किया।

कई जरूरतमंदों ने जवानों संग सेल्फी ली और खुशी जाहिर की। इस दौरान सीआरपीएफ जवानों ने शौकत खान की निस्वार्थ सेवाओं की सराहना की और उन्हें हर सामाजिक कार्य में समर्थन देने का संकल्प लिया। वहीं शौकत खान ने कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह को सैल्यूट कर ऑपरेशन सिंदूर की वीरता को सलाम किया।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री व रक्षा मंत्री को भारत को गौरवान्वित करने के लिए आभार प्रकट किया। मौके पर कमांडेंट एनके सिंह, समाजसेवी अनिल सिंह, जिवेश सिंह, गुड्डू केशरी, साजिद खान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।



उद्घाटन करते कमांडेंट व शौकत खान

# एक देश, एक चुनाव पर जागरूकता कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष उदय कुशवाहा की अध्यक्षता में जिले के मेराल प्रखंड के अरंगी गांव में एक देश, एक चुनाव को लेकर किसानों के बीच विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर की गई। इस अवसर पर उपस्थित किसानों ने एक स्वर में एक देश, एक चुनाव के पक्ष में समर्थन जताया। मौके पर जिलाध्यक्ष उदय कुशवाहा ने कहा कि यह व्यवस्था देशहित में जरूरी है। इससे समय, धन और संसाधनों की बचत होगी और विकास कार्यों की गति और तेज होगी। उन्होंने बताया कि 1952 से 1967 तक लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होते थे।

1983 में चुनाव आयोग और 1999 में विधि आयोग ने भी इस व्यवस्था को लागू करने की सिफारिश की थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति कर रहा है, और एक देश, एक चुनाव लागू होने से प्रशासनिक और चुनावी बोझ कम होगा। साथ ही जनप्रतिनिधि अपना पूरा समय विकास कार्यों में लगा सकेंगे।



कार्यक्रम में उपस्थित लोग

# जमीन विवाद में अधेड़ की निर्मम हत्या

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रंका।** थाना क्षेत्र के बरवाही गांव में रविवार की रात्रि जमीन विवाद को लेकर 55 वर्षीय मुद्रिका यादव की धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी गई। मृतक रात को अपने गोशाला में मवेशियों के पास सोए हुए थे। सोमवार सुबह देर तक घर नहीं लौटने पर परिजन उन्हें खोजते हुए गोशाला पहुंचे, जहां खून से लथपथ शव देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही रंका थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक का अपने गोतिया परिजनों से वर्षों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था जो हत्या का संभावित कारण प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी तेज कर दी गई है।


**कार्यालयः जिला स्वास्थ्य समिति ,कोडरमा**
Email ID :- cs.koderma4@gmail.com

**संशोधित सूचना**

मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला स्वास्थ्य समिति कोडरमा के पत्रांक संख्या 566 (DHS) दिनांक 23/05/2025, PR NO 353352 के तहत निकाली गई walk in interview से संबंधित सूचना निम्न आंशिक संशोधन की जाती है ।
1 Walk in interview तिथि दिनांक 01/06/2025 की जाती है ।
2 क्रम संख्या 1 तथा 2 में निर्धारित उम्र की सीमा 70 वर्ष की जाती है ।
3. शेष सभी नियम और शर्ते लागू रहेगी ।

मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, DHS कोडरमा

PR 353483 Health Med Edu and Family Welfare(25-26)#D



**कार्यालयः जिला स्वास्थ्य समिति, कोडरमा**
Email ID :- cs.koderma4@gmail.com

पत्रांक....50....(MMJAY) कोडरमा, दिनांक.– 24/05/2025

**संशोधित सूचना**

मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला स्वास्थ्य समिति कोडरमा के पत्रांक संख्या 47 (MMJAY) दिनांक 16/05/2025 PR NO 352817 के तहत निकाली गई अति अल्पकालीन निविदा सूचना में निम्न आंशिक संशोधन की जाती है ।
1 निविदा डालने की अंतिम तिथि दिनांक 29/05/2025 समय 5 बजे अपराह्न की जाती है तथा निविदा को दिनांक 30/05/2025 समय 3 बजे अपराह्न खोली जाएगी ।
2 (A) तकनिकी भाग का क्रम संख्या 6 – सभी तरह की कंपनी / प्रोपराइटर शिप फर्म निविदा को भर सकते है ।
3. (A) तकनिकी भाग का क्रम संख्या 8 – पी एफ तथा इ एस आई सी को वैकल्पिक किया जाता है
4. (B) वित्तीय भाग का क्रम संख्या 6 – US FDA APPROVED MACHINE, किसी भी कंपनी की मशीन की आपूर्ति की जा सकती है अतः इस भाग को निविदा से निरस्त किया जाता है।
5 शेष सभी नियम और शर्ते लागू रहेगी ।

-Sd-
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, DHS कोडरमा

PR 353488 Health Med Edu and Family Welfare(25-26).D



**कार्यालय, जिला परिषद्, कोडरमा**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 06/2025–26

15वें आबद्ध मद के तहत् वित्तीय वर्ष 2024–25 में प्राप्त आवंटन से निम्न स्वीकृत क्रमांक– 07 में वर्णित कार्य के लिए झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी में निविदा की शर्त–1 के अनुसार जिला परिषद कोडरमा में निबंधित संवेदकों से $F_2$ प्रपत्र पर मुहर बंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद्, कोडरमा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक–03.06.2025 (कार्यालय कार्य दिवस एवं समयावधि तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक–05.06.2025 (अपराह्न 03:00 बजे तक)
4. निविदा खुलने की तिथि :– दिनांक–05.06.2025 (अपराह्न 04:00 बजे)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला परिशद् कार्यालय, जि०ग्रा०वि०शा० भवन, कोडरमा।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– जि०ग्रा०वि०शा० सभागार, कोडरमा।
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | प्रखण्ड सतगावां के समलडीह पंचायत के ग्राम नरायडीह में मेन रोड से सरकारी पाईन तक आर०सी०सी० नाली निर्माण | 150000.00 | 30000.00 | 2500.00 | 03 माह |

निविदा की शर्ते www.koderma.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें।

जिला अभियंता, जिला परिषद्, कोडरमा।

PR.NO.353527 Panchayati Raj(25-26):D



**Directorate of Tourism**
**Govt. of Jharkhand**
**Department of Tourism, Art Culture, Sports and Youth Affairs (Tourism Division)**
**MDI Building, 2nd Floor, Dhurwa, Ranchi-834004**
**Ph.:-(0651)2400493, email:dirjharkhandtourism@gmail.com, Web:https://tourism.jharkhand.gov.in**

RFP No:- 615 / Dated :-26/05 /2025

*Notice Inviting Tender for*

**Selection of an Agency to Conceptualize, Design, and Print of a Coffee Table Book in Multiple Languages for Jharkhand Tourism.**

The Directorate of Tourism (DoT), Govt. of Jharkhand intends to Selection of an Agency to Conceptualize, Design, and Print a Coffee Table Book in Multiple Languages for Jharkhand Tourism. For Jharkhand Tourism Branding and Promotion, invites interested agencies to submit their Bids.

Interested agencies may download the document from **26.05.2025** from the Department of Tourism website:–www.tourism.jharkhand.gov.in/ and submit their Applications. The Bid Due Date is on **17.06.2025 at 11:00 AM**. A Bid opening Conference will be held on **17.06.2025 at 12:00 PM** at the office of Directorate of Tourism (DoT), Govt. of Jharkhand.

A pre-Bid conference will be held on **28.05.2025** on 1:00 PM at MDI Building, 2nd floor, HEC Campus, Dhurwa, Ranchi–04, Tel Phone: 0651-2400493, e-mail: dirjharkhandtourism@gmail.com.

All subsequent notifications, changes and amendments will be posted only on the website www.tourism.jharkhand.gov.in

DoT reserves the right to cancel this invitation and/or invite fresh Bid with or without amendments to this invitation, without liability or any obligation for such invitation and without assigning any reason.

Sd/-
Director, Tourism

PR 353504 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (25-26).D



**कार्यालय : जिला परिषद्, चतरा।**
(Mail Id- db-chatra@jharkhandmail.gov.in) (E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

(अतिअल्पकालिक पुनर ई0निविदा आमंत्रण सूचना)

ई–निविदा सूचना संख्या – 19/2024-25_2nd Call दिनांकः ........................

1. कार्य की विस्तृत विवरणीः डी0एम0एफ0टी0 (501/विकास, दिनांक 08.10.24)

| क्र. | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 01 | चतरा | चतरा | सिमा | लखन सिंह (प्रभु राम) के घर से शिव मंदिर होते हुए सती स्थान तक पीसीसी पथ एवं गार्डवाल निर्माण। | 59,93,700 | 10,000 | 1,20,000 | 06 माह |

1. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 31/05/2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 03.06.2025 से 09.06.2025 के अपराह्न 5:00 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 11.06.2025 पूर्वाह्न 11:00 बजे।
4. सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि online Mode द्वारा स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता जिला परिषद चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8210668566
10. विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा।

PR.NO.353501 District(25-26):D



**जिला समादेष्टा का कार्यालय,झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी,कोडरमा**

अति आवश्यक सूचना

कोडरमा जिले के ग्रामीण/शहरी गृह रक्षकों को सूचित किया जाता हैं कि पुलिस उप महानिरीक्षक गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा राँची के ज्ञापांक 486 दिनांक–10.03.2025 में प्रदत्त आदेश के आलोक में कोडरमा जिले के गृह रक्षकों का पुनःनामांकन कार्यक्रम दिनांक–14.05.2025 से दिनांक–22.05.2025 तक निर्धारित था, कतिपय कारणों से पुनः नामांकन तिथिवार कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। पुनः नामांकन समिति द्वारा पुनः नामांकन का संशोधित कार्यक्रम दिनांक–28.05.2025 से दिनांक–05.06.2025 तक निर्धारित किया गया है।

आवेदन करने वाले गृह रक्षकों को सूचित किया जाता हैं कि पुनः नामांकन कार्यक्रम के अनुसार फार्म "अ" और "ग" जिला समादेष्टा के कार्यालय से प्राप्त करेगें एवं दोनों फार्मो को भरकर निर्धारित स्वंअभिप्रमाणित अभिलेख/प्रमाण पत्रों को संलग्न करते हुए अपने प्रखण्ड के निर्धारित तिथि को पूरी वर्दी में जिला समादेष्टा का कार्यालय, कोडरमा में उपस्थित होकर पुनःनामांकन प्रक्रिया में सम्मिलित होना सुनिश्चित करेगें।

फार्म "अ" और "ग" के साथ समर्पित अभिलेखों/प्रमाण–पत्रों के सत्यापन के उपरांत पुनः नामांकन की कार्यवाही पूर्ण की जायेगी। निर्धारित तिथि के बाद पुनःनामांकन हेतु किये गये किसी दावे पर विचार नही किया जायेगा।

फार्म – अ और फार्म–ग के साथ संलग्न किये जाने वाले आवश्यक अभिलेखों/प्रमाण–पत्रों की सूची–

| क्र.स | अभिलेख/प्रमाण पत्र | क्र.स | अभिलेख/प्रमाण पत्र |
|---|---|---|---|
| 1 | हाल का खीचा हुआ चार पासपोर्ट साइज का रंगीन फोटो वर्दी में। | 6 | गृह रक्षक बुनियादी प्रशिक्षण प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति। |
| 2 | नामांकान के समय/पूर्व के तिथि से निर्गत जन्म तिथि, प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति। | 7 | गृह रक्षकों की पहचान पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति। |
| 3 | जाति प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति। | 8 | पुनः नामांकन आवेदन के पूर्व के दो वर्षो में किये गये किन्हीं दो अवसरो पर डियूटी के दो कमान पत्रों की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति। |
| 4 | आवासीय प्रमाण – पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति। | 9 | आधार कार्ड की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति। |
| 5 | नामांकान के समय/पूर्व के तिथि से निर्गत शैक्षणिक प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति। | 10 | अद्यतन पासबुक की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति। |

पुनःनामांकन का प्रखण्डवार एवं तिथिवार कार्यक्रम निम्नवत् हैं–

| क्र०सं० | प्रखण्ड का नाम | पुनः नामाकंन होने वाले गृह रक्षकों की संख्या। | पुनः नामाकंन की तिथि। | पुनः नामांकन के केन्द्र। |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कोडरमा | 39 | 28.05.2025 | जिला समोदष्टा का कार्यालय, कोडरमा |
| 2 | चन्दवारा | 49 | 29.05.2025 | |
| 3 | जयनगर | 43 | 30.05.2025 | |
| 4 | मरकच्चों | 58 | 31.05.2025 | |
| 5 | डोमचांच | 93 | 02.06.2025 | |
| 6 | सतगाँवा | 49 | 03.06.2025 | |
| 7 | शहरी क्षेत्र | 33 | 04.06.2025 | |
| 8 | छुटा हुआ | – | 05.06.2025 | |
| | कुल | 364 | | |

उपरोक्त पर उपायुक्त–सह–अध्यक्ष का पुनःनामांकन पर अनुमोदन प्राप्त हैं।

जिला समादेष्टा –सह– सदस्य पुनःनामांकन समिति। झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी कोडरमा

PR 353460 Home, Prison And Disaster Management(25-26).D

# भाषाई विवाद

**भाषा** का ताजा विवाद कर्नाटक में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के एक प्रबंधक के कन्नड़ में बात करने से इनकार करने पर उठा है। जिसका कहना था कि वह हिंदी भाषी है और हिंदी में वातार्लाप करेगा। इस प्रकरण में अधिकारी का तबादला व खासा विवाद हुआ। स्वाभाविक रूप से क्षेत्रीय भाषा की राजनीति करने वाले राजनीतिक दल खासे सक्रिय हुए। इस बीच जन सेवा में भाषाई संवेदनशीलता के प्रशिक्षण की मांग भी उठी। वैसे भी केंद्रीय सेवाओं के रूप में काम करने वाले विभागों व बैंक आदि के कर्मचारियों व अधिकारियों के विभिन्न राज्यों में अकसर तबादले होते रहते हैं। यह संभव भी नहीं कि हर व्यक्ति हर राज्य की भाषा बोल सके, लेकिन सीधे तौर पर जन-सेवाओं में कार्यरत कर्मचारियों को राज्य की स्थानीय भाषा का ही उपयोग उपभोक्ताओं से सहज संवाद के लिये करना चाहिए। वहीं दूसरी ओर बेंगलुरू में एक तकनीकी पेशेवर को हिंदी में बोलने के कारण पार्किंग की सुविधा से वंचित कर दिया गया। इस घटना ने गैर हिंदी भाषी इलाकों में भाषायी सहिष्णुता की बहस को नये सिरे से खड़ा किया। निश्चित रूप से दोनों ही घटनाएं भाषाई व सांस्कृतिक एकता के लिये चुनौती पेश करती हैं। जिस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। उल्लेखनीय है कि ये घटनाएं राष्ट्रीय शिक्षा नीति यानी एनईपी 2020 के त्रि-भाषा फामूर्ले की पृष्ठभूमि में हुई हैं। दरअसल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति में छात्रों को तीन भाषाएं सीखने की सलाह दी गई है। जिसमें कम से कम दो भारत की मूल भाषाएं होनी चाहिए। हालांकि, इस शैक्षिक नीति का मकसद बहुभाषावाद और राष्ट्रीय एकीकरण को बढ़ावा देना है,लेकिन तमिलनाडु में इस नीति का प्रतिरोध सामने आया है। राजनीतिक दल इसे हिंदी थोपने और अपनी भाषाई पहचान के लिये खतरा बता रहे हैं।

# आज का राशिफल

मेष : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9

वृष : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9

मिथुन : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8

कर्क : राजकीय कार्यों से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9

सिंह : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9

कन्या : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

तुला : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

वृश्चिक : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8

धनु : आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-6-9

मकर : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-4-6-8

कुंभ : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7

मीन : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


# बांग्लादेश से सटे मुर्शिदाबाद में हिंदू निशाने पर

## फैक्ट फाइंडिंग टीम की रिपोर्ट

**बांग्लादेश** से सटे मुर्शिदाबाद और वहां पर बांग्लादेशियों की प्रचुर जनसंख्या के बीच बार-बार हिंदुओं को निशाना बनाने का पैटर्न ठीक वैसा ही है जैसा कि बांग्लादेश में गैर मुसलमानों (हिन्दुओं) के साथ किया जाता है। फैक्ट फाइंडिंग टीम की रिपोर्ट आते ही यह साफ हो गया है कि वक्फ संशोधन अधिनियम की आड़ में मुर्शिदाबाद हिंसा सुनियोजित थी और पशचिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का प्रशासन हिन्दुओं की सुरक्षा के लिए जरा भी गंभीर नहीं है। इस टीम ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा और पीड़ितों से बात करने के बाद पिछले सप्ताह उच्च न्यायालय को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी, जबकि 17 अप्रैल को, उच्च न्यायालय ने मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा से विस्थापित हुए लोगों की पहचान और पुनर्वास के लिए उक्त समिति के गठन का आदेश दिया था।

इस रिपोर्ट ने ममता बनर्जी के उस दावे को सिरे से खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि मुर्शिदाबाद हिंसा के लिए बाहरी तत्व जिम्मेदार हैं। सच्चाई निकलकर सामने आई है कि इस दंगे को हिंदुओं की संख्या में कमी लाने के लिए अंजाम दिया गया था, ताकि बड़ी संख्या में यहां से शेष बचे हिन्दुओं का पलायन हो सके। इसके साथ ही कलकत्ता उच्च न्यायालय की तरफ से गठित फैक्ट फाइंडिंग टीम जिसमें राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के एक सदस्य और न्यायिक सेवाओं के अधिकारी शामिल रहे, अपनी रिपोर्ट में यह भी बताते हैं कि जब हिंदुओं और उनके घरों को उपद्रवी (इस्लामिक हिंसक) निशाना बना रहे थे, तब ममता बनर्जी की पुलिस मूकदर्शक बनकर यह सब दृश्य देख रही थी। यदि पुलिस ने तत्काल ही सख्त कदम उठाए होते तो मुर्शिदाबाद में घटा, वह नहीं हो पाता । हिन्दू समाज को बड़ी संख्या में वहां से पलायन के लिए मजबूर भी नहीं होना पड़ता।


वस्तुतः इस रिपोर्ट में स्थानीय नेताओं और पुलिस की भूमिका पर आज गंभीर सवाल उठाए हैं। कहा गया है कि उपद्रवियों ने अपने चेहरे ढंक कर रखे थे, ताकि कोई उन्हें पहचान नहीं पाए। यहां स्थिति यह रही है कि बेटबोना गांव में उपद्रवियों ने जमकर उत्पात मचाते हुए 113 घरों को आग लगा दी थी, जिसमें कि उनका सब कुछ जल गया।



निकृष्टता की हद यह है कि पानी की आपूर्ति रोक दी गई ताकि वे आग न बुझा सकें। ये हिंसक उपद्रवी यही नहीं रुके, इन्होंने योजना से मंदिरों को भी निशाना बनाया । इसमें बताया गया है कि प्रशासन की तरफ से हिंसाग्रस्त इलाकों में किसी भी व्यक्ति की मदद नहीं की गई और न ही इस हिंसा में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई की गई। जिस तरह से हिंसा हुई , उससे यह साफ है कि यह सुनियोजित थी और जिसे पूरे व्यवस्थित तरीके से अंजाम दिया गया। यहां जिस पर आरोप लगा है वह नगर पालिका का पूर्व अध्यक्ष, पार्षद मेहबूब आलम है जिसने कि 11 अप्रैल 2025 को धुलियान में हिंसा करवाई। हिंसा में टीएमसी नेता और विधायक का भी नाम आया है।

दूसरी ओर तत्कालीन घटनाक्रम में ममता सरकार की चुप्पी वास्तव में यह बताती है कि उन्हें अपने राज्य के 65 प्रतिशत हिन्दू समाज की कोई चिंता नहीं। वोट बैंक की चिंता सबसे ज्यादा है। यहां 30 प्रतिशत मुसलमान हैं। जो कि आज देश की दूसरी सबसे बड़ी जनसंख्यावाला समाज है। क्योंकि यहां जिस तरह से पिता-पुत्र हरगोबिंदो दास (72) और चंदन दास (40) की हत्या की गई थी, उसके बाद तो किसी भी संवेदनशील सरकार को हरकत में आना चाहिए था, पर पश्चिम बंगाल में जो दिखा वह एक सरकार की ओर से भयानक चुप्पी थी।

इस रिपोर्ट में साफ तौर पर बताया गया है कि 'बदमाशों ने घर के सभी कपड़ों तक को मिट्टी के तेल से जला दिया और घर की महिला के पास तन ढकने के लिए कपड़े तक नहीं छोड़े । रिपोर्ट यह भी बताती है कि जिस पिता-पुत्र की सामूहिक इस्लामिक हिंसक भीड़ हत्या करती है, उससे पहले वह घर का मुख्य दरवाजा तोड़ती है और इन दोनों को बाहर निकालकर इन पर कुल्हाड़ी से वार किए जाते हैं, एक आदमी वहां तब तक डटा रहा जब तक कि दोनों मर नहीं गए। वास्तव में यह हिंसा की पराकाष्ठा है। यह हिन्दू मॉब लिंचिंग है।



\- डॉ मयंक

> ममता अपने शासन को हिंसा के विरोध में सख्त कदम उठाने के स्थान पर उल्टा यहां भाजपा और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) पर हिंसा की साजिश रचने का आरोप लगाने की हद तक जाती दिखीं। जिससे साफ दिखाई देता है कि राष्ट्रीय एकता के साथ खिलवाड़ जैसे इस सरकार को रोज का काम बन गया।

ममता अपने शासन को हिंसा के विरोध में सख्त कदम उठाने के स्थान पर उल्टा यहां भाजपा और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) पर हिंसा की साजिश रचने का आरोप लगाने की हद तक जाती दिखीं। जिससे साफ दिखाई देता है कि राष्ट्रीय एकता के साथ खिलवाड़ जैसे इस सरकार को रोज का काम बन गया है। आप देख सकते हैं संदेशखाली, मेडिकल कॉलेज मामला, बशीरहाट और दर्जनों अन्य हॉट स्पॉट यहां की अराजकता की कहानी कह रहे हैं। मुर्शिदाबाद, मालदा, हुगली और नॉर्थ 24 परगना जैसे जिलों में हिंदू समुदाय के घरों पर हमले, आगजनी, लूटपाट और हत्या की घटनाएं यहां इस दौरान होती हैं। कुल मिलाकर सांप्रदायिकता और तुष्टिकरण की पराकाष्ठा तक आज ममता सरकार पहुंचती हुई इस राज्य में दिखाई दे रही है।

इस सब के बीच विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने जो कहा, वह सभी के लिए विचारणीय है, वे आज कह रहे हैं कि ममता दीदी की पांच सदस्य टीम बंगाल से जम्मू कश्मीर तो जाएगी लेकिन, मुर्शिदाबाद की याद नहीं आएगी। दीदी को मुर्शिदाबाद छोड़ जम्मू-कश्मीर में तबाह हुए आतंकी ठिकानों की चिंता है!! अच्छा होता इस टीम को आप पहले मुर्शिदाबाद भेजती जहां आपके टीएमसी के नेता के इशारे पर हिंदुओं का नरसंहार और पलायन हुआ । वे ममता पर तंज भी करते हैं कि माननीय उच्च न्यायालय की जांच समिति की वह वीभत्स रिपोर्ट को एक बार पढ़ लेती तो अच्छा होता । जहां जिहादी हिंसा के दौरान आपनी पुलिस निष्क्रिय और अनुपस्थित थी। इस रिपोर्ट में अंधाधुंध आगजनी, लूटपाट, दुकानों और बाजार को नष्ट करने की बात भी उजागर हुई है। माननीय उच्च न्यायालय तो अपना निर्णय देगा ही, कुछ थोड़ी बहुत शर्म बची हो तो अब तो कम से कम इस घटना पर ही सही ममता जी को माफी मांग कर पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाना की दिशा में आगे आ जाना चाहिए। पश्चिम बंगाल को लेकर वास्तव में आज यह भी प्रश्न उठता है कि चाहे सीएए हो, एनआरसी हो, हनुमान जयन्ती हो, दुगार्पूजा हो, रामनवमी हो, या अब वक्फ संशोधन- हर बार एक विशेष समुदाय (मुस्लिम) हिंसक होकर हिन्दुओं को ही टार्गेट क्यों करता है? यह कौन सी जिहादी मासिकता है, जो इस तरह का कृत्य उनसे करवाती है? यह सिर्फ राजनीति के लिए नहीं हो रहा, जैसा कि कई मीडिया संस्थानों, तमाम एनजीओ एवं राजनीतिक संगठनों के द्वारा बताए जाने का प्रयास होता है। सीधे देखने और समझने पर हकीकत यहां की जो समझ आती है, वह यही है कि इस राज्य में रहनेवाली बहुसंख्यक हिन्दू जनता की संस्कृति और मूल समाज को ही नष्ट कर देने के लिए लगातार श्रृंखलाबद्ध हिंसा को एक विशेष वर्ग समय-समय पर अंजाम दे रहा है।

## लेटर टू एडिटर

### स्वदेशी तकनीक

**भारतीय** स्वदेशी तकनीक की वैश्विक मांग बढ़ रही है। वंदे भारत ट्रेन जैसे उदाहरण ने इसे साबित किया है; इस ट्रेन की मांग कई देशों, जैसे चिली, कनाडा और मलेशिया, में बढ़ी है। इसकी मुख्य वजह भारत में इसका कम मूल्य है–वहीं अन्य देशों में ऐसी ट्रेनें 160 से 180 करोड़ में बिकती हैं, जबकि भारत में ये 120 से 130 करोड़ में उपलब्ध हैं। भारतीय निर्माण की गति भी बेहतर है। यह सब ह्यमेक इन इंडियाह्व के सपने को साकार कर रहा है।

**-अमृतलाल मारू, रांची**

### चौकन्ना रहें

पाकिस्तान का इतिहास रहा है कि उसने कभी अपने वादों पर अमल नहीं किया। उसका राजनीतिक और रणनीतिक ढांचा भारत विरोध पर आधारित है। वह आतंकी संगठनों को पालता-पोसता है और बार-बार भारत को धोखा देता है। भारत ने हमेशा अच्छे संबंधों की कोशिश की, लेकिन पाकिस्तान की दगाबाजी जारी रही। **- रवि, रांची**

## ट्वीट

**26 मई** यानि आज ही के दिन 2014 में पहली बार मैंने गुजरात सहित देश के कोटि-कोटि जनों के आशीर्वाद से प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली थी। इन वर्षों में देश ने जो फैसले लिए हैं, वो अकल्पनीय और अभूतपूर्व हैं।

**- नरेन्द्र मोदी, पीएम**

**15 साल** भाजपा ने झारखंड में सरकार चलाई, पर युवाओं और छात्रों के लिए कुछ नहीं किया। स्कूल-हॉस्टल गिरते थे, छात्र पढ़ाई छोड़ते थे।

आज सीएम एक्सीलेंस स्कूल, हॉस्टल, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, सावित्रीबाई फुले योजना, मरांग गोमके स्कॉलरशिप! हर योजना युवाओं को संबल दे रही है।

**- हेमंत सोरेन, सीएम**

# नेताओं के बिगड़े बोल के लिए राजनीतिक दल ही जिम्मेदार

**योगेंद्र योगी**

**समस्या**

**हिमाचल** प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सरकार को गिराने की कोशिशों से नाराज होकर कांग्रेस के बागियों को काले नाग और बिकाऊ करार दिया था और अपने चुनावी अभियान के दौरान भी बिकाऊ बनाम टिकाऊ के नारे का इस्तेमाल किया था।

मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह ने भारत की जांबाज सेना की अफसर और जज्बे से देश की आईकोन बनी कर्नल सोफिया के बारे अनर्गल टिप्पणी करके कई सवालों को जन्म दिया है।

ऐसा नहीं है कि मंत्री विजय शाह ऐसा कृत्य करने वाले अकेले नेता हैं, जिनकी वजह से देश का नीचा देखना पड़ा है। ऐसा करने वाले नेता की लंबी फेहरिस्त है, जिनके बिगड़े बोल से देश और समाज का सौहार्द्र प्रत्यक्ष या परोक्ष तौर पर प्रभावित हुआ है। मध्यप्रदेश के इस मंत्री को बेशक सजा मिल जाए, इसके बाद भी बड़ा सवाल यही है कि आखिर वह कौनसी वजह है कि नेताओं की जुबान काबू में नहीं रहती। सवाल यह भी है कि वैमनस्य का जहर घोलने वाले ऐसे नेताओं के मामले में कानूनी कार्रवाई का इंतजार क्यों किया जाता है। राजनीतिक दल आगे बढ़ कर कार्रवाई की नजीर पेश क्यों नहीं करते। यदि राजनीतिक दलों ने नेताओं के लिए कोई लक्ष्मण रेखा खींची होती और उसका उल्लंघन करने पर कार्रवाई निर्धारित कर रखी होती तो ऐसी नौबत नहीं आती।

दूसरे शब्दों में कहें तो राजनीतिक दलों की शह ही ऐसे नेताओं के बिगड़े बोलों के लिए जिम्मेदार है। इनकी अनदेखी करने से नेताओं में प्रलाप करने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। विगत चुनावों में यदि नेताओं पर दलों ने लगाम कसी होती तो ऐसी पुनरावृत्ति नहीं होती। लोकसभा चुनाव 2024 में प्रचार के दौरान कई बार भाषायी मयार्दा टूटती दिख रही, किन्तु किसी भी पार्टी ने इस पर चिंता नहीं जताई और नेताओं को म्यान में रहने की हिदायतें नहीं दी। कांग्रेस के नेता रणदीप सुरजेवाला ने भाजपा की मथुरा से सांसद हेमा मालिनी के बारे में अमर्यादित टिप्पणी की थी, जिसके बाद चुनाव आयोग की तरफ से कार्रवाई भी की गयी, किन्तु कांग्रेस ने सुरजेवाला के खिलाफ महिलाओं की मयार्दा को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत के सोशल मीडिया अकाउंट से एक्ट्रेस कंगना रनौत को लेकर एक आपत्तिजनक पोस्ट शेयर की। इसके जवाब में कंगना ने कहा कि हर महिला गरिमा की हकदार है। हालांकि, विवाद बढ? पर सुप्रिया श्रीनेत के अकाउंट से पोस्ट डिलीट कर दी। चुनाव आयोग की तरफ से उन्हें नोटिस दिया गया था। कंगना रनौत भी नाम लेकर निजी टिप्पणी करने में पीछे नहीं रहीं। कंगना ने राहुल गांधी और मंडी सीट से उनके प्रतिद्वंद्वी विक्रमादित्य सिंह को क्रमशः 'बड़ा पप्पू और 'छोटा पप्पू कहा। उन्होंने अपने चुनाव प्रचार अभियान के दौरान पूर्व प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू और उनके पिता मोतीलाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी और सोनिया गांधी सहित गांधी-नेहरू परिवार को निशाना बनाया और कांग्रेस को 'एक बीमारी और अंग्रेजों द्वारा छोड़ी गई दीमक करार दिया, जो उनके मुताबिक 2014 तक देश को खा रही थी। हिमाचल की प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा ने रनौत को परी करार देते हुए कहा है कि लोग केवल उन्हें देखने आते हैं। प्रतिभा के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कि कंगना की मां आशा रनौत ने कहा था कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता ये हुस्न परी है, और ये क्या चीज है जैसी टिप्पणियां कर रही हैं और यह भूल गई हैं कि उनके घर में भी बेटियां हैं। उन्होंने कहा कि एक मां होने के नाते मुझे दुख होता है और मुझे लगता है कि ऐसी टिप्पणियों से अन्य मांएं भी दुखी हो रही हैं।

बिहार भाजपा के प्रमुख सम्राट चौधरी के बयान पर काफी विवाद देखने को मिला था। सम्राट चौधरी ने कहा था कि टिकट बेचने में लालू यादव ने अपनी बेटी को भी नहीं छोड़ा। पहले अपनी बेटी की किडनी ली और उसके बाद लोकसभा चुनाव का टिकट दे दिया। सम्राट चौधरी ने कहा था कि आगामी चुनाव में मैदान में उतरने से पहले लालू ने अपनी बेटी की किडनी ले ली। राजद की तरफ से इसे लेकर जमकर आपत्ति जतायी गयी थी। गिरिराज सिंह के बयान पर भी विवाद हुआ था। केंद्रीय मंत्री सिंह ने कहा था कि मुस्लिम महिलाओं द्वारा बुर्के की आड़ में मतदान को प्रभावित करने व रोकटोक पर विवाद करने की घटनाएं सामान्य हैं। चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार पोलिंग एजेंटों द्वारा आपत्ति करने पर उनकी पहचान सुनिश्चित करने से किसी की धार्मिक भावनाएं आहत नहीं होती है।

सैम पित्रोदा अपने बयानों को लेकर विवादों में रहे हैं। पित्रोदा ने रंगभेद को लेकर बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि भारत में पूर्व के लोग चाइनीज और दक्षिण के लोग साउथ अफ्रीकन जैसे दिखते हैं।

# नियम पालन ना करने की आदत हमें कहां ले जायेगी?



**सीएमए अजयदीप बाधवा**

**समस्या**

**यह** हम सब जानते हैं कि जब तक हवाई जहाज में पेटी बाँधने का संकेत ऑन रहता है तब तक यात्रियों को सीट की बेल्ट (पेटी) खोलनी नहीं हैं और अपने स्थान से उठना भी नहीं है । ऐसा यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए होता है। हवाई जहाज के उड़ने या उतरने तथा मौसम खराब होने के समय पेटी बाँधे रहने का संकेत ऑन रहता है क्योंकि उस समय हवाई जहाज बहुत हिलता है और अगर यात्री ने सीट की पेटी नहीं बाँधी है तो उसे चोट लगने की संभावना होती है । अभी हाल में मैं भुबनेश्वर से हवाई जहाज से रांची आ रहा था ।जहाज के उड़ते समय जहाज के कप्तान ने नियमानुसार सीट की पेटी बाँधने का संकेत ऑन कर दिया । अभी जहाज भुवनेश्वर से उड़ा ही था व पेटी बाँधे रहने का संकेत ऑन ही था कि एक यात्री ने अपनी सीट की पेटी खोल दी और सीट से उठने लगा । तुरंत एयर होस्टेस ने माइक पर घोषणा की कि अपने स्थान पर अभी बैठे रहें और सीट बेल्ट भी बांध लें । पर वह यात्री नहीं माना । विमान में यह घोषणा बार बार की गई पर वह यात्री नहीं माना। शायद वो अपनी सीट बदलना चाह रहा था । आखिरकार एयर होस्टेस को अपनी सीट से उठकर उसके पास जाकर उसे तेज शब्दों में समझाना पड़ा कि अभी आप ऐसा नहीं कर सकते हैं; सिर्फ. कुछ मिनट और प्रतीक्षा कर लें ।पर वह यात्री तुरंत फिर भी नहीं माना और बहुत देर तक एयर होस्टेस से बहस करता रहा।

हम भारतीय नियमों को पालन करने में इतनी कोताही क्यों करते हैं ? क्यों हम किसी भी नियम को जल्दी स्वीकार नहीं करते हैं? क्यों नियम को तोड़ना हम अपनी शान समझते हैं? आप उपरोक्त घटना को ही लें ।एयर होस्टेस उस यात्री को नियम पालन करने को ही तो कह रही थी , जो कि यात्री की शारीरिक सुरक्षा के लिए ही था । पर इसके बावजूद वह यात्री एक साधारण से नियम को पालन करने में परेशानी महसूस कर रहा था । हम लोग सड़कों, कार्यालयों, सार्वजनिक स्थलों, स्कूल - कॉलेज आदि के नियम को पालन करने में हमेशा असहजता महसूस करते हैं और पहला अवसर मिलते ही नियम को तोड़ते हैं या तोड़ने की चेष्टा करते हैं। अभी रांची में तीन फ्लाइओवर एक साथ बनने के कारण सड़क जाम की समस्या हो रही थी। और यह सड़क जाम की समस्या लोगों के अनुशासन हीनता के कारण ही आ रही थी ।लोग सड़क पर जरा सा जाम पाते ही अपने बाएं तरफ से सड़क पर चलने के नियम को तोड़कर दायें तरफ वाली सड़क में घुस जाते थे जिस तरफ से ट्रैफिक को आना है ।इसके कारण दोनों तरफ की सड़क जाम हो जाती व लोग घंटों जाम में फंसे रहते । पुलिस वाले बाद में बल प्रयोग कर जाम हटाते ।मैंने पाया कि लोग अगर नियम पालन कर अपने बायीं तरफ सड़क पर ही जाम हटने की प्रतीक्षा करते रहते तो कुछ मिनट में निकल जाते ।पर उनको नियम तोड़ना ज्यादा सही लगता , भले उसके लिए वे घंटों सड़क पर फँसे रहें । आज हमारे समाज के पीछे रह जाने का कारण ही नियम की अवहेलना करना है ।जिसे जहाँ अवसर मिलता है वहीं वो नियम की अवहेलना करना चाहता है ।इस नियम तोड़ने या नियम को पालन ना करने की प्रवति ने हमारे देश को इतने वर्षों तक विकास नहीं करने दिया ।बल्कि कई विदेशी कंपनियों हमारे देश में इसी अनुशासनहीनता के कारण आना ही नहीं चाहती थीं । आज जब देश विकास के रास्ते पर अग्रसर हैं और एक विकसित राष्ट्र होने जा रहे हैं, हमें इस नियम पालन ना करने की आदत से बचना ही होगा ।

**- सीएमए कर / वित सलाहकर**

राजधानी रांची के प्रसिद्ध मोराहाबादी मैदान के मंच का आवरण गिरा दिया गया। यह रघुवर दास के काल में निर्मित था। **फोटोः अजय सानी**



## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### कुजू में महिलाएं हुयीं सम्मानित



कुजू। नेहरू पार्क में सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ ने ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय महिला सेना व अधिकारियों की भूमिका के लिए महिला सम्मान समारोह किया। समारोह में केंद्रीय अध्यक्ष निर्गुन महतो, क्षेत्रीय अध्यक्ष दीपक कुमार, क्षेत्रीय सचिव रतन प्रसाद साहू, प्रभारी जेपी झा शामिल हुए। संघ ने महिलाओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। क्षेत्रीय सचिव रतन प्रसाद साहू ने कहा कि विश्व में महिलाएं सभी के बराबर है। आज सेना में महिला अधिकारियों के द्वारा पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों को मारने के साथ उनके ढिकानों को ध्वस्त किया जो काफी सराहनीय है। इधर बाद में आरा शाखा समिति को भंग कर पुन: कमिटि का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष दशाराम मुर्मू, उपाध्यक्ष सिमोन पीटर, कृष्णा मुर्मू, सुमित्रा देवी, सचिव गोविंद कुमार महतो, सह सचिव राजू राम, संजय भुईयां, संयुक्त सचिव जागेश्वर मुंडा के अलावे कार्यकारी अध्यक्ष मनोज भुईयां, कोषाध्यक्ष विकास रवि, संगठन मंत्री रामकिशुन मांझी उपस्थित थे।

### जतराटांड़ में पीसीसी पथ का शिलान्यास



**कुजू।** करमा उतरी पंचायत के जतराटांड़ में सोमवार को पीसीसी पथ और गार्डवाल निर्माण कार्य का मांडू विधायक निर्मल महतो और हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के प्रतिनिधि अरविंद कुमार ने संयुक्त रूप से शिलान्यास किया। इस दौरान विधायक और सांसद प्रतिनिधि ने विधिवत पूजार्चना और नारियल फोड़कर कर निर्माण कार्य शुभारंभ कराया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि अरविंद कुमार ने बताया कि करमा उतरी पंचायत अंतर्गत ग्राम जतराटांड़ में डीएमएफटी फंड से पांच सौ मीटर जो करीब 90 लाख की लागत से मानकी मुंडा के घर से लेकर रामलाल साव के घर होते हुए सिकन्दर मुंडा के घर तक पीसीसी निर्माण किया जाना है। इस अवसर पर तपेश्वर महतो, दयाल महतो, अशोक महतो, संजय कुमार समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

### डीसी से मिलीं सत्यवंती देवी



भुरकुंडा (रामगढ़)। ग्राम पंचायत बुध बाजार दोतल्ला की मुखिया सत्यवंती देवी ने सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ से मुलाकात कर एक अहम मांग रखी। उन्होंने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि उनके पंचायत क्षेत्र में (डीएमएफटी मद से दुंदुवा से शिव नगर, बीटीटीआई होते हुए इमलीगाछ छठ घाट तक सड़क निर्माण कार्य चल रहा था, जिसे कुछ लोगों ने बेबुनियाद आरोप लगाकर बंद करवा दिया है। मुखिया ने कहा कि आरोप है कि सड़क निर्माण कार्य प्राक्कलन के विरुद्ध हो रहा है, जो पूरी तरह भ्रामक और निजी स्वार्थ से प्रेरित है।

### कुजू : स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग



**कुजू।** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन तोपा शाखा के द्वारा सोमवार को तोपा परियोजना पदाधिकारी एमके सिंह साथ परिचय बैठक किया। इस दौरान यूनियन के लोगों ने परियोजना पदाधिकारी को बुके देकर स्वागत किया। वहीं लोगों ने परियोजना पदाधिकारी से अपने क्षेत्र के समस्या से अवगत कराया। जिसमें तोपा में चोरी की बढ़ती घटनाओं को लेकर चौक-चौराहों व सन्नाटा रास्तों पर स्ट्रीट लाइट लगाने, रात्रि गश्ति बढ़ाने के साथ पुलिस के साथ मिलकर पेट्रोलिंग करने आदि समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर पीओ ने पहल करने का भरोसा दिलाया। मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष बोधन मांझी, क्षेत्रीय सचिव राम सिंह, शाखा अध्यक्ष सुरेंद्र टुडू, सचिव मांगू मांझी, उपाध्यक्ष चंदन कपूर, लालदेव महतो, संरक्षण रामनाथ महतो, मो यासीन के अलावे सुरेशचंद पटेल, वासुदेव गंझू, अभय सिंह, सुरेश करमाली शामिल थे।

### विष्णुगढ़ में सात वारंटी गिरफ्तार

**विष्णुगढ़।** समकालीन अभियान के तहत विष्णुगढ़ पुलिस ने विष्णुगढ़ थाना के विभिन्न कांडों के फरार 7 वारंटी जिसमें शिबू रविदास पिता नागो रविदास नागो रविदास पिता जुल्मी रविदास। दिनवा मुर्मू पिता अकल मांझी साकिन चलकारी साकीना पिता मर कुं राय साकिन चानो रवि कुमार तुरी पिता रामचंद्रतुरी शाकिन फारा चांच भागीरथ महतो पिता ननकू महतो मड्मो लक्ष्मण कुमार पिता स्वर्गीय केश्वर साह अस्पताल चौक विष्णुगढ़ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया ।

### कुजू में 5 फरार आरोपी गिरफ्तार



कुजू। कुजू पुलिस ने विभिन्न कांडों के पांच फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। इस दौरान पुलिस ने तीरथ करमाली, नागेश्वर करमाली, विनय प्रसाद चौधरी, अखिलेश्वर चौधरीए कारू सिंह उर्फ अशोक सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। मौके पर ओपी प्रभारी आशुतोष सिंह के अलावे अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

### हजारीबाग में मना वट सावित्री व्रत



हजारीबाग। हजारीबाग में सोमवार को वट सावित्री व्रत उल्लास के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी उम्र और पारिवारिक सुख-शांति की कामना करते हुए वट वृक्ष की पूजा की और सावित्री-सत्यवान की अमर प्रेम गाथा को स्मरण किया। शहर के काली मंदिर परिसर, पंचवटी, विनोबा नगर, इचाक रोड, नाथ बाबा मंदिर, मटवारी गाँधी मैदान समेत कई जगहों पर वट वृक्ष के नीचे सुहागिनों की भीड़ उमड़ी रही।

# चौपारण में शराब माफियाओं की चांदी

## भदान में अवैध विदेशी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़

**मुर्गी फार्म और एक घर से करीब 270 लीटर विदेशी शराब बरामद**

खबर मन्त्र संवाददाता

**चौपारण।** चौपारण में अवैध शराब कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं। एक बार फिर ग्राम भदान में अवैध विदेशी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में एक मुर्गी फार्म और एक घर से करीब 30 पेटियों में 270 लीटर अवैध विदेशी शराब, 210 लीटर स्पिरिट, रंगीन शराब, कैरामेल, विभिन्न ब्रांडों के ढक्कन, लेबल, स्टिकर आदि भारी मात्रा में जब्त किए गए। इस मामले में भदान गांव निवासी उमेश सिंह सहित अन्य के विरुद्ध संबंधित धाराओं में कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी दल में सुमितेश कुमार, सय्यद बेसिरुद्दीन, साधू चरण हेमब्रोम, अनूप कुमार सिंह, एंटोनी बाग्गे एवं सशस्त्र गृह रक्षक दल शामिल थे।

चौंकाने वाली बात यह है कि यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी चौपारण के विभिन्न हिस्सों में अवैध शराब फैक्ट्रियों का उद्भेदन हो चुका है। हर बार नए तरीके, नए अड्डे और नई फैक्ट्रियाँ सामने आ रही हैं, जिससे साफ है कि यह कारोबार सुनियोजित



और संगठित तरीके से चल रहा है। प्रशासनिक कार्रवाई के बावजूद जब यह अवैध धंधा थमने का नाम नहीं ले रहा, तो जनता अब स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों की चुप्पी पर सवाल उठाने लगी है। लोगों का कहना है कि जब गांव-गांव में शराब फैक्ट्रियाँ चल रही हैं, तो नेताओ की जिम्मेदारी क्या है? क्या जनहित और सामाजिक दायित्व केवल भाषणों तक सीमित हैं।इस गोरखधंधे में कुछ सफेदपोशों की मिलीभगत व बड़े नेताओं को गुमराह किए जाने की बात सामने आ रही है।

**सरकार की नीति पर सवाल :** जब सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में वैध शराब दुकानें खोलने की योजना बना रही है, तब चौपारण जैसे इलाकों में पहले से संचालित अवैध फैक्ट्रियाँ सरकार की प्रशासनिक इच्छाशक्ति पर सवाल खड़ा करती हैं। क्या सरकार और प्रशासन को अवैध धंधे खत्म किए बिना शराब नीति लागू करनी चाहिए? लगातार सामने आ रही घटनाओं से स्पष्ट हो गया है कि शराब माफिया को रोकने के लिए मौजूदा उपाय नाकाफी हैं। जनता प्रशासन से सिर्फ तुरंत कार्रवाई नहीं, बल्कि एक स्थायी, संगठित और कठोर रणनीति की मांग कर रही है, ताकि इस समाजविरोधी कारोबार पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके। क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार केवल एक कानून-व्यवस्था का मामला नहीं, बल्कि सामाजिक और राजनीतिक चेतना की परीक्षा भी है। अब समय आ गया है जब प्रशासन, जनप्रतिनिधि और समाज मिलकर इस चुनौती से लड़ें, वरना आने वाले समय में यह समस्या और भी विकराल रूप ले सकती है।

# विस्थापन का दर्द समझे पीवीयूएनएल

**छाई डैम के विस्थापित समझौता करके हल निकालेंगे : जायसवाल**

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** पतरातु विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (पीवीयूएनएल), पतरातु और इस प्लांट के छाई डैम से संबंधित विस्थापित/ प्रभावित गांवों के ग्रामीणों और जिला प्रशासन की हुयी बैठक। बैठक में सांसद मनीष जायसवाल, विधायक रोशन लाल चौधरी और उपायुक्त चंदन कुमार उपस्थित थे। तीनों पक्षों के लोगों के बीच घंटों वार्ता हुई और कंपनी एवं विस्थापितों के बीच समन्वय स्थापित कर दोनों के राजामंदी से प्लांट संचालन किए जाने पर विचार- विमर्श का प्रयास किया गया ताकि विस्थापित ग्रामीणों को भूमि मुआवजा, रोजगार सहित उनका वाजिब हक मिले लेकिन इस बैठक में निस्कर्ष नहीं हो सका। कंपनी और विस्थापित दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति और निर्णय लेने का आग्रह किया गया है। कंपनी से रोजगार के लिए लिखित रूप से ग्रामीणों को आश्वासन देने और ग्रामीणों को भी अपने उचित हक के लिए अपने लड़ाई को अपने अनुरूप जारी रखने की बात कही गई । सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि एक विवाद पीवीयूएनएल और ग्रामीणों के बीच का है जिसपर हमलोग मध्यस्थता करके इस विवाद का हल निकालना चाहते हैं। इस दिशा में हमलोग दो कदम आगे चले हैं और उम्मीद करते हैं कि दोनों पक्ष कंपनी और विस्थापित समझौता करके इसका पूर्णतः हल निकालेंगे। विस्थापन के दर्द को समझने की जरूरत है। जिला प्रशासन और पीवीयूएनएल दोनों को समझना होगा कि विस्थापन बहुत बड़ा दर्द है और उस दर्द के घाव को कुरेदकर राष्ट्र का विकास नहीं कर हो सकेगा, उस घाव पर मरहम लगा करके ही आप विकास की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। हम लोग वही कार्य करने का प्रयास कर रहे हैं कि जो रैयत हैं और विस्थापित/प्रभावित 24 गांव के लोग हैं उनके समस्या का निदान हो साथ ही प्लांट भी चले। हमलोग प्लांट को चलाने या बंद कराने के पक्ष में बिल्कुल भी नहीं है, हमलोग का मकसद है दोनों पक्ष राजीखुशी से इस प्लांट को चलाए और विस्थापित प्रभावित ग्रामीण जन भी खुश रहें ऐसा वातावरण स्थापित हो । बैठक में एसपी रामगढ़ अजय कुमार,अपर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग तिवारी, एसडीओ गौरव तिवारी, रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, पीवीयूएनएल के सांसद प्रतिनिधि राधेश्याम अग्रवाल,जिला परिषद सदस्य राजाराम प्रजापति, मुखिया किशोर कुमार महतो, विस्थापित मोर्चा के आदित्य नारायण प्रसाद, कुमेल उरांव, राजा राम प्रसाद, खुशबू देवी, योगेंद्र यादव, झरी मुंडा, अनुज प्रसाद,सुरेश साहू,भरत साव,सहित कई विस्थापित ग्रामीण उपस्थित थे ।

### पावर प्लांट चालू करने को लेकर डीसी ने की बैठक

**रामगढ़।** रामगढ़ के पतरातू प्रखंड में पीवीयूएनएल पावर प्लांट चालू करने को लेकर रसदा, बलकुदरा, जयनगर एवं गेगदा ग्राम के निवासियों की उपस्थिति में सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक हुई। उपायुक्त ने पीवीवीएनएल पावर प्लांट चालू करने को लेकर आ रही समस्याओं से सभी को अवगत कराया। इस दौरान सर्वे, भूअर्जन, नौकरी, मुआवजा सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर पीवीयूएनएल के अधिकारियों, सांसद, विधायक एवं संबंधित ग्राम के निवासियों के साथ चर्चा की गई। सांसद मनीष जायसवाल एवं विधायक रोशन लाल चौधरी द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं व अन्य बातों को सुना गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही प्लांट चालू करने को लेकर कई महत्वपूर्ण विषयों पर परिचर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# जरगा गांव में सड़क पर कब्जे के खिलाफ आक्रोश

**सौ से अधिक ग्रामीणों ने सीओ को सौंपा ज्ञापन**

खबर मन्त्र संवाददाता

**दारू।** पुनाई पंचायत के जरगा गांव में मुख्य सड़क पर अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा सोमवार को फूट पड़ा। गांव के सौ से अधिक महिला-पुरुष दारू अंचल कार्यालय पहुंचे और अंचलाधिकारी रामकुमार बालक को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने मांग की कि गांव के मुख्य पथ को तत्काल अतिक्रमणमुक्त किया जाए ताकि आवागमन सुगम हो सके। ग्रामीणों ने बताया कि गांव का मुख्य पथ खाता संख्या 59, प्लाट संख्या 2107 में स्थित है, जो आम गैरमजरूआ जमीन है। यह सड़क अलख किशोर के घर से जगलाल महतो के घर तक जाती है और इसकी वास्तविक चौड़ाई 35 फीट है। लेकिन गांव के कुछ प्रभावशाली लोगों- दिनेश्वर महतो, रविंद्र प्रसाद, कैला महतो, काशी प्रसाद और अशोक प्रसाद ने रास्ते की जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया है। अतिक्रमण के कारण रास्ता अब केवल 8 से 9 फीट ही बच गया है, जिससे ग्रामीणों को आने-जाने में भारी कठिनाई हो रही




है। इस पथ पर फिलहाल आरईओ विभाग द्वारा कालीकरण और मरम्मत का कार्य किया जा रहा है, जो अतिक्रमण के चलते बाधित है। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में सीआई और अमीन द्वारा रास्ते की मापी कर सीमांकन भी किया गया था, लेकिन अतिक्रमण अभी तक नहीं हटा है। इस पर सीओ ने आश्वासन दिया कि अतिक्रमण की जांच कर अतिक्रमणकारियों को नोटिस भेजा जाएगा और जल्द रास्ता खाली कराया जाएगा।

# बरही में नाबालिग चला रहा है बालू लदा ट्रैक्टर

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरही ।** बरही अनुमंडल में सड़कों पर इन दिनों बालू लदे ट्रैक्टर बेतरतीब तरीके से दौड़ते नजर आ रहे हैं। स्थिति तब और चिंताजनक हो जाती है जब इन ट्रैक्टरों को नाबालिग चालक तेज रफ्तार में, हेडफोन कान में लगाकर सड़कों पर दौड़ाते हैं। न गति पर नियंत्रण, न ब्रेकिंग का ध्यान, ये नाबालिग चालक मानो हादसे को न्योता दे रहे हों। गौरतलब है कि जिन मार्गों से ये ट्रैक्टर गुजरते हैं, उनके दोनों ओर ग्रामीणों का आना-जाना लगा रहता है। स्कूल जाने वाले बच्चों से लेकर स्थानीय राहगीर तक हर समय सड़क पर मौजूद रहते हैं। ऐसे में तेज रफ्तार ट्रैक्टर से दुर्घटना की आशंका लगातार बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ये नाबालिग चालक बिना ड्राइविंग लाइसेंस के खुलेआम ट्रैक्टर चला रहे हैं, और कोई भी जिम्मेदार अधिकारी इस पर कार्रवाई नहीं कर रहा है। साथ ही ट्रैक्टरों की फिटनेस और ओवरलोडिंग की भी जांच नहीं की जा रही है, जो कि गंभीर लापरवाही को दशार्ता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि बालू ढुलाई में लगे ट्रैक्टरों की नियमित जांच की जाए और नाबालिग चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो। लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ध्यान नहीं दिया गया तो बड़ी दुर्घटनाएं हो सकती हैं, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# भुरकुंडा में धूमधाम से हुयी वट सावित्री की पूजा

**सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी आयु की कामना की**

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार को सुहागिनों ने विधि-विधान से वट सावित्री पूजा की। इस दौरान सुहागिनों ने वटवृक्ष की पूजा कर पति के दीर्घायु होने की कामना की। इसके पूर्व सुहागिन महिलाएं उपवास रखते हुए वटवृक्ष की पूजा-अर्चना के बाद बरगद पेड़ की परिक्रमा कर उसमें रक्षा सूत्र बांधा। साथ ही पति व अपने घर परिवार की सुख-समुद्धि की कामना की। इस दौरान सुहागिनों ने पुरोहित से सावित्री-सत्यवान और भगवान यमराज द्वारा सावित्री को दिये गये वरदान की कथा भी सुनी। इधर



पटेलनगर चपरासी धौड़ा में प्राचीन बरगद के वृक्ष के समीप दर्जनों सुहागिन महिलाएं अहले सुबह ही पूजा-अर्चना के लिए एकत्रित हुईं। जहां सभी ने पूजा-अर्चना के बाद पुरोहित से सत्यवान सावित्री की कथा सुनी। साथ ही दान दक्षिणा देकर पूजा का समापन किया गया।सुहागिन महिलाएं एक-दूसरे को सिंदुर लगाकर वट सावित्री पूजा की बधाईयां देते हुए सुख-समुद्धि की कामना की।पुरोहित को दक्षिणा देकर अखंड सौभाग्यती होने का आशीर्वाद लिया। पूजा में प्रमिला देवी, रूपा रानी देवी, आशा देवी, किरण देवी, प्रीति देवी, नेहा नयन, नीलम देवी, सुनिता देवी, गीता देवी, सुनंदा देवी सहित दर्जनों महिलाएं शामिल थीं।

**कुजू में वट सावित्री की धूम :** कुजू। कुजू कोयलाचंल व आस-पास के क्षेत्रों में सोमवार को वट सावित्री



पूजा धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस दौरान सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु के लिए वट वृक्ष का परिक्रमा किया। साथ ही पंडित द्वारा कथा सुनाया गया।

क्षेत्र के कुजू, ओरला, तोपा, आरा, सारूबेड़ा, सांडी, बोंगाबार, करमा, दिगवार, छोटकी डूंडी, रतवे आदि स्थानों में वट सावित्री पूजा धूमधाम से मनाया गया।

## एक नजर में

### पंचायत समिति सदस्य पर जानलेवा हमला



केरेडारी। केरेडारी प्रखंड के पेटो पंचायत अंतर्गत लवानिया मोड़ पर सोमवार सुबह करीब 10 बजे पंचायत समिति सदस्य अरविंद साव पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया गया। हमला उनके सौतेले भाई के बेटे शिव शंकर साव ने किया, जिससे अरविंद साव गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें पहले केरेडारी सीएचसी लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख रांची रेफर कर दिया गया।घटना उस वक्त हुई जब अरविंद साव के भाई अरुण साव और बद्री साव का बेटा शिव शंकर आपस में किसी बात को लेकर उलझे हुए थे। तभी अरविंद साव वहां पहुंचे और विवाद को सुलझाने की कोशिश की। लेकिन मामला और बिगड़ गया और चाकू लेकर आए शिव शंकर ने अरविंद साव पर हमला कर दिया। उसने अरविंद साव के गले के नीचे और पेट में चाकू से वार किए। घायल अरविंद साव ने किसी तरह शिव शंकर को पकड़ लिया। इस दौरान ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और लोगों ने शिव शंकर की जमकर पिटाई कर दी। शिव शंकर भी गंभीर रूप से घायल हो गया, प्राथमिक उपचार के बाद हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर और जांच कर रही है।

### चौपारण में रथयात्रा महोत्सव 27 जून को



हजारीबाग । हजारीबाग जिले के चौपारण प्रखंड स्थित सियरकोनी मंदिर परिसर में रविवार देर शाम तीसरे श्री जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव को लेकर एक बैठक हुई। बैठक में चौपारण के साथ-साथ इटखोरी, मयूरहंड, बरही, पदमा आदि क्षेत्रों से श्रद्धालु और समाजसेवी बड़ी संख्या में शामिल हुए। इसकी अध्यक्षता समाजसेवी हरिश्चंद्र सिंह ने की। उन्होंने रथयात्रा में सामूहिक भागीदारी की अपील करते हुए कहा कि जो श्रद्धालु पूरी स्थित जगन्नाथ धाम नहीं जा पाते, उनके लिए भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा का नगर भ्रमण एक दुर्लभ अवसर है। इस बार भी रथयात्रा ऐतिहासिक होगी। संजय सिंह और अभिषेक सिंह ने बताया कि रथयात्रा 27 जून को दो दिवसीय आयोजन के रूप में होगी। यात्रा चैथी मोड़ से शुरू होकर मौसी बाड़ी बिगहा बाजार तक जाएगी। दूसरे दिन भगवान के विश्राम के बाद घूमती रथयात्रा निकाली जाएगी। बैठक में मंदिर प्रबंधन समिति, पंचायत प्रतिनिधियों और विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल के पदाधिकारियों सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पौधरोपण

विष्णुगढ़। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, विष्णुगढ़ परिसर में दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के एनएसएस ने पौधरोपण किया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरुण कुमार सिंह और महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार चतुवेर्दी उपस्थित थे। डॉ. अरुण कुमार सिंह ने प्रशिक्षु शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि वृक्षारोपण सिर्फ सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग की सहभागिता से ही एक हरित और स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से पेड़ों के महत्व को समझते हुए पर्यावरण संरक्षण में अग्रणी भूमिका निभाने की अपील की। शिक्षकों में प्रमुख रूप से बबली कुमारी, डॉ. ओमकार नाथ शर्मा, अशोक कुमार झा, शशिभूषण देव, प्रवीण जायसवाल, विपिन कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

### बरकट्ठा : सात मवेशी के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**बरकट्ठा।** गोरहर थाना क्षेत्र में पुलिस ने पशु तस्करी के मामले का खुलासा किया। पिकअप में 7 पशुओं को लाया जा रहा था, जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार तस्करों सन्नी कुमार, निवासी मंगुरा (सिअरुआ), जिला ।भोजपुर (बिहार)। राजेन्द्र सिंह नवासी बभनी (ईटावा), जिला -रोहतास (बिहार)।

### बड़कागांव में गरीब बेटियों को मिला लहंगा

बड़कागांव। सांसद मनीष जायसवाल द्वारा लोकसभा क्षेत्र के गरीब बेटियों के बीच लहंगा वितरण कार्यक्रम के तहत सैकड़ों लोगों के बीच बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के बड़कागांव, पतरातू प्रखंड के विभिन्न गांव में हजारीबाग लोकसभा प्रतिनिधि सतेंद्र नारायण सिंह एवम बड़कागांव सांसद प्रतिनिधि पूनम साव के निर्देशन में किया गया। बड़कागांव व उरीमारी मंडल के दर्जनों गांव में घर-घर जाकर लहंगा उपलब्ध कराया गया। सोमवार को बड़कागांव प्रखंड के बड़कागांव निवासी आनंद सोनी की पुत्री जुली कुमारी, लंगातु निवासी सुरेंद्र ओझा की पुत्री सिंपी कुमारी, सीकरी ग्राम निवासी मंकू महतो की पुत्री प्रीती कुमारी एवं चांडिल महतो की पुत्री सपना कुमारी तथा सांढ़ गांव निवासी मसो मुनिता की पुत्री बेबी कुमारी को लहंगा देकर शुभकामनाएं दी गई। मौके पर विधानसभा सह प्रतिनिधि कृष्णा राम , विधानसभा मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी, मंडल प्रतिनिधि रंजीत कुमार, मुखिया प्रभु महतो,मेवालाल नाग,संजय कुमार आदि मौजूद थे।

### फरार आरोपी पंचम सोनी गिरफ्तार

रामगढ़। रामगढ़ शहर में एक चोर पिछले 14 वर्षों से फरार था। शहर के न्यू बगीचा निवासी पंचम सोनी, पिता जागेश्वर सोनी को पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेजा है। रामगढ़ थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि पंचम सोनी के खिलाफ वर्ष 2011 में वारंट जारी हुआ था। तब से पुलिस से छुप कर रह रहा था। जैसे ही उन्हें खबर मिली कि वह रामगढ़ शहर में अपने घर में छुप कर रह रहा है, तत्काल छापेमारी की गई और उसे गिरफ्तार किया गया। पंचम सोनी पेशेवर चोर है और उस पर कई मामले पहले भी दर्ज हैं।

## आरजेएसएस के रजत जयंती समारोह पर जिले के पत्रकारों को किया गया सम्मानित

# लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ अपने दायित्वों के निर्वहन के साथ सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हैं : दिवाकर

- सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित प्रशिक्षु डीएसपी ने मीडिया कर्मियों को शॉल और मोमेंटो देकर किया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**कोडरमा।** राष्ट्रीय झारखंड सेवा संस्थान (आरजेएसएस) ने अपने रजत जयंती समारोह पर सोमवार को कार्यक्रम आयोजित कर जिले के पत्रकारों को सम्मानित किया। सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार ने मीडिया कर्मियों को संस्थान की ओर से शॉल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार ने कहा कि जिले में मीडियाकर्मियों के साथ कार्य करने का सुखद अनुभव हुआ, वाकई लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ कहे जाने वाले यहां के पत्रकारों में काफी सकारात्मक ऊर्जा देखने को मिला, मीडियाकर्मी अपने दायित्वों का निर्वहन करने के साथ साथ सामाजिक कार्यों में भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। वहीं उन्होंने कहा कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आरजेएसएस ने काफी बढ़िया कार्य किया है, सुदूरवर्ती क्षेत्रों में शिक्षा के साथ-साथ ग्रामीणों को स्वरोजगार से जोड़ कर जिले में एक अलग पहचान बनायी है। इसके पूर्व संस्थान के सचिव मनोज दांगी ने आरजेएसएस द्वारा 25 वर्षों में किये गए विभिन्न कार्यों व यात्रा को लघु फिल्म के जरिये दिखाया। वहीं समारोह में विकास कुमार, मनोज कुमार झुन्नु, संजीव समीर, गौतम राणा, मनोज सिंह आदि ने भी सम्बोधित किया। मौके पर संस्थान के निर्भय कूल, जोसफिन एक्का, मुकुल कुमार, नीतू कुमारी, सुरेश राय, सुमंत कुमार, सुजित कुमार, रविन्द्र नाथ मंडल आदि मौजूद थे।

## आचार्य श्री 108 भद्रबाहु सागर जी महामुनिराज व पूज्य मुनि श्री 108 भाव सागर जी महाराज का झुमरी तिलैया में हुआ मंगल प्रवेश



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** आचार्य श्री 108 विपुल सागर महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य आचार्य श्री 108 भद्रबाहु सागर जी महामुनिराज और पूज्य मुनि श्री 108 भाव सागर जी महाराज का झुमरी तिलैया में मंगल प्रवेश हुआ। उल्लेखनीय है कि जैन मुनि इस भीषण गर्मी में जहां लोग धूप में निकलने को सोचते हैं, वैसे समय में जैन मुनि खाली पैर गया जी नगरी से पद विहार करते हुए गोनावां, नवादा होते हुए लगभग 200 किलोमीटर की पद यात्रा करते हुए यहां पहुंचे। जहां शहर के मुख्य द्वार पर समाज के सभी पदाधिकारी, महिला समाज की पदाधिकारी गाजे-बाजे के साथ उनकी आगवानी की और नगर भ्रमण करते हुए बड़ा जैन मंदिर पहुंचे, जहां देवाधिदेव 1008 आदिनाथ भगवान की प्रतिमा पर मुनि श्री के मुखारबिंद से विश्व शांतिधारा कराया गया। इसके बाद मंगलाचरण जैन सुबोध गंगवाल, जैन आशा गंगवाल ने किया। दीप प्रज्ज्वलन गया जी से चलकर आये समाज के पदाधिकारियों ने किया। इस दौरान मुनि संघ को स्थानीय नगरी में प्रवास के लिए श्री फल चढ़ाया, इसके बाद मुनि श्री ने अपने प्रवचन में कहा कि यह गर्मी तपन तप रही है, गर्मी की तपिश से ज्यादा जो शरीर के अंदर की तपन और त्याग को जीत लेता है, वह अपने जीवन को जीत लेता है। वहीं उन्होंने कहा कि यह कोडरमा एक धर्म नगरी है, जहां बहता योगी रमता पानी कहावत के अनुसार गुरुवर जैन संत का सम्मेदशिखर जी जाने के क्रम में यहां पर आगमन हो जाता है, यह कोडरमा वाले का बहुत सौभाग्य है कि समाज के पदाधिकारियों ने गया जी समाज के सभी पदाधिकारी का स्वागत तिलक, माला दुपट्टा पहनाकर किया।

## सुहागिनों ने वटवृक्ष की पूजा कर की अमर सुहाग की कामना



कोडरमा। वट सावित्री की पूजा सोमवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में श्रद्धा और भक्ति के साथ सम्पन्न हुआ। वहीं सुहागिनों ने सोलह श्रृंगार कर फल नैवेद्य और पूजन सामग्रियों से वटवृक्ष की पूजा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच किया और वटवृक्ष में रक्षा सूत्र बांध कर अमर सुहाग की कामना किया। वहीं जिला मुख्यालय स्थित थाना परिसर, ध्वजाधारी धाम, दूधिमाटी, पुरनानगर, कमयडीह, अनन्तडीह, इंदरवा, लोकाई, झुमरीतिलैया समेत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अवस्थित वटवृक्ष के समीप सोमवार को सुहागिन महिलाओं का भीड़ देखा गया। श्रद्धालु महिलाओं के द्वारा वटवृक्ष की पूजा और रक्षासूत्र बांधने के उपरांत पुरोहितों के द्वारा वट सावित्री कथा सामूहिक रूप से सुने और ईश्वर से सुखमय दाम्पत्य जीवन की कामना किया।

## जयनगर नदी घाटों से धड़ल्ले से हो रहा है अवैध बालू का उठाव, नदियों का अस्तित्व खतरे में



जयनगर (कोडरमा)। थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न इलाकों में बड़ाकर नदी घाटों से बालू का अवैध उठाव हो रहा है, इससे नदियों का अस्तित्व खतरे में है। जल स्रोत सूख रहे है, प्रत्येक दिन सरकार को लाखों रुपये राजस्व का नुकसान हो रहा है। बताते चलें कि रात के अंधेरे में ट्रैक्टरों से बालू की ढुलाई होती है। यह सिलसिला सुबह 10 बजे तक बेरोकटोक चलता है। बालू माफिया सरकारी नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रही हैं और मोटा मुनाफा कमा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार जयनगर थाना क्षेत्र के लगभग सरकारी खजाने को हर महीने लाखों रुपया का नुकसान हो रहा है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि यह खेल प्रखंड से लेकर जिला स्तर तक के अधिकारियों की जानकारी में है। कभी-कभी खाना पूर्ति के लिए दो-चार बार बालू लदे ट्रैक्टर जप्त किए जाते हैं, मगर ठोस कार्रवाई नहीं होती है। वहीं लोगों ने सवाल उठाया है की खनन विभाग के अधिकारी चुप क्यों है। वहीं लोगों ने बताया कि प्रखंड प्रशासन द्वारा अवैध बालू के खिलाफ किसी भी प्रकार का कार्रवाई नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण बालू माफिया खुलेआम बालू का कारोबार कर रहे हैं।

## बस स्टैंडों में चुंगी के नाम पर जबरन अवैध वसूली का आरोप


झारखण्ड वार्डर
चुंगी वसूली
नं०
दिनांक 18/5
गाड़ी का नाम
गाड़ी का नं०
शुल्क : ₹300/-
प्राप्तकर्ता का हस्ताक्षर


झारखण्ड वार्डर
चुंगी वसूली
नं०
दिनांक 19/0
गाड़ी का नाम
गाड़ी का नं० BR-27 GA-4689
शुल्क : ₹500/-
प्राप्तकर्ता का हस्ताक्षर



- बिहार झारखंड बंगाल बस एसोसिएशन के सचिव ने एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** जिले के कोडरमा बाजार बस स्टैंड, महाराणा प्रताप चौक, झुमरीतिलैया और मेघातरी बस स्टैंड में चुंगी के नाम पर जबरन अवैध वसूली करने का आरोप लगाते हुए बिहार झारखंड बंगाल बस एसोसिएशन के सचिव ईशान प्रकाश ने एसडीओ को ज्ञापन सौंप कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

एसडीओ को दिए ज्ञापन में एसोसिएशन के सचिव ने कहा है कि हमारी एसोसिएशन की बस से मेघातरी बस स्टैंड के अलावे कोडरमा बाजार और महाराणा प्रताप चौक पर चुंगी के नाम पर 200 रुपये प्रति बस जबरन लिया जा रहा है, जबकि प्रावधान के तहत मेघातरी और कोडरमा बाजार बस स्टैंड पर प्रति बस 100 रुपये लेना है, यह प्रावधान वैसे बसों के लिए है जो स्टैंड पर रुककर सवारी लेती हैं। मगर इन दोनों बस स्टैंड पर वैसे बसों से भी जबरन लाठी के जोर पर बसों से नाजायज वसूली की जाती है, इसके अलावे महाराणा प्रताप के समीप बिना स्टैंड के संचालित बस स्टैंड में भी जबरन वसूली किया जाता है, विरोध करने पर बस स्टाफ के साथ गाली गलौज और मारपीट की जाती है।

ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि हमारे बसों में गरीब मजदूर सफर करते हैं, इन मजदूरों को प्रवासी मजदूर बोलकर अलग से 500 रुपये प्रति बस रंगदारी लिया जाता है। आवेदन में कहा गया है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो हम सभी बस संचालक आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

## दो अलग अलग घटनाओं में हाथी ने ली दो महिलाओं की जान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत कोसमाडीह में हाथी ने कुचलकर एक महिला को मार डाला। वहीं महिला की पहचान 57 वर्षीय मसोमात कलवा देवी पति स्व. छोटेलाल यादव प्रातः शौच के लिए गई थी। वहीं हाथी को देखकर महिला भागने लगी, मगर हाथी ने दौड़ाकर महिला को कुचल दिया, जिससे घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। वहीं घटना की सूचना मिलते ही भाजपा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रामदेव मोदी ने बीडीओ, थाना प्रभारी एवं वन विभाग के अधिकारी को फोन कर सूचना दी। वहीं थाना प्रभारी के निर्देश पर एएसआई संजय कुमार, केडी प्रसाद ने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। वहीं घटना के लगभग 4 घंटे बीतने के पश्चात वन विभाग की टीम घटना स्थल पर पहुंची और पीड़ित को सहायता राशि के तौर पर 25 हजार रुपये तत्काल दिया एवं उन्होंने कहा मुआवजा के तौर पर आश्रितों को 3 लाख 75 हजार रुपये और दिये जायेंगे। वहीं ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति काफी आक्रोश देखने को मिला। जिसके बाद मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया एवं पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं जिप उपाध्यक्ष निर्मला देवी, संगीता देवी, सुरेंद्र राणा, मनोहर यादव, राहुल मोदी, संजय मोदी, यमुना यादव, अभय सिंह, विक्की राणा समेत सैकड़ों महिला-पुरुष ने परिजनों को मुआवजा देने का मांग की। बता दें कि 13 मई की रात्रि हाथियों ने ग्राम सतडीहा निवासी वासुदेव यादव पिता अमृत यादव को कुचलकर मार दिया, उसके बाद भी वन विभाग चुप्पी लगाए बैठा है।

वहीं दूसरी घटना जयनगर प्रखंड अंतर्गत हिरोडीह पंचायत के कोसमाडी गांव की है। जहां जंगली हाथी ने 57 वर्षीय मसोमात अनीता देवी पति स्व. छोटूलाल को कुचलकर मार डाला। वहीं महिला की मौत से गांव की अन्य महिलाएं पूरी तरह से सहम गयी हैं।

### ग्रामीणों ने सुरक्षा और मुआवजे की मांग की

क्षेत्र में लगातार जंगली हाथियों के उत्पात से परेशान लोगों ने स्थानीय लोगों के जान-माल की सुरक्षा करने के उपाय करने की प्रशासन से मांग की है। साथ ही मृतक के आश्रितों को उचित मुआवजा देने की भी मांग की है। वहीं ग्रामीणों ने कहा कि जयनगर थाना क्षेत्र में हाथियों का कहर लगातार बढ़ता जा रहा है, इससे ग्रामीणों में दहशत है।

## मदरसा स्कूल से भागी चार लड़कियां, एक लड़की बरामद



**चन्दवारा (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत तिलैया डैम ओपी क्षेत्र के बिरसोडीह पंचायत के हरली गांव में अब्दुल जब्बार अंसारी अपने आवासीय मकान में मदरसा स्कूल चलाते हैं। जिसमें झारखंड बिहार समेत आस पास के लगभग 50 से अधिक लड़कियां रहकर उर्दू की पढ़ाई करती हैं। बताते चलें कि मदरसा स्कूल से रविवार रात्रि चार लड़कियां भाग गई। वहीं रविवार रात्रि लगभग 2 बजे एक लड़की चंदवारा नंदनगर के नागेंद्र पांडेय के मकान में छिपने के दौरान घर वालों ने देख लिया। इसके बाद पकड़ कर चंदवारा थाना व तिलैया डैम ओपी प्रभारी को सौंप दिया। वहीं पकड़ी गयी लड़की ने बताया कि हरही गांव में रहकर हम लोग मदरसा में पढ़ाई करते थे। घटना के संबंध में वीरेंद्र पांडेय ने बताया कि रात्रि लगभग 2 बजे शौच के लिए बाहर निकले इसी दौरान देखें कि एक चार चक्का वाहन रुका। वाहन से कुछ लोग उतरे उसमें से उतरकर मेरे छोटे भाई के गेट पर एक लड़की अंदर जाने का प्रयास कर रही थी, इसी दौरान मेरी नजर पड़ गई और हम छुप गए। कुछ देर बाद लड़की गेट तड़प कर अंदर चली गई। वहीं हल्ला करने पर ग्रामीणों का जुटान हो गया और इसकी सूचना एसपी को दी गई। मौके पर चंदवारा थाना प्रभारी धनेश्वर कुमार व तिलैया डैम ओपी प्रभारी नवीन कुमार घटनास्थल पर पहुंच कर लड़की को अपने साथ ले गए। मौके पर थाना प्रभारी धनेश्वर कुमार ने बताया कि बाल कल्याण समिति में बयान कराकर लड़की को उसके परिजन को सौंप दिया गया है।

## खबर एक नजर में

### चतरा जिले के विभिन्न प्रखंडों में सुहागिनों ने की पति की दीर्घायु के लिए वट सावित्री की पूजा



चतरा (सिमरिया)। जिले के विभिन्न प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को वट सावित्री की पूजा धूमधाम से की गयी। इस मौके पर सुहागिनें व नई नवेली दुल्हनों ने दिनभर उपवास रखकर वट वृक्ष की पूजा अर्चना की। इस दौरान वट वृक्ष के पास महिलाओं की भीड़ उमड़ी रही। सुहागिनों ने फूल, फल बेलपत्र, नारियल, सिंदूर रोड़ी, धूप, अगरबत्ती चढ़ाया। साथ ही वट वृक्ष में रक्षा सूत्र (मौली धागा) बांध कर पति की दीर्घायु के लिए कामना की। सुहागिनों ने भगवान से जन्म जन्मांतर तक पति के साथ रहने की प्रार्थना की और हर दु:ख सुख में साथ चलने की मन्नते मांगी। इस दौरान वट वृक्ष के पास पंडितों ने सुहागिनों को सती सावित्री की कथा सुनाई। साथ ही सुहागिनों को बताया कि सती सावित्री ने अपने पति की आत्मा को यमराज से खींच कर लाई थी। सती सावित्री के मार्ग पर चलने का दृढ़ संकल्पित किया। पूजा अर्चना के बाद सुहागिनों ने घर पहुंचकर पति को तिलक लगाया, पंखा झलाया और पैर छूकर आशीर्वाद लिया। वट सावित्री की पूजा अर्चना को लेकर अहले सुबह से ही सुहागिनें वट वृक्ष के पास पहुंच गयी थीं। पूजा अर्चना दोपहर तक चली। जिले के सिमरिया, पत्थलगड्डा, गिद्धौर, हंटरगंज, चतरा आदि प्रखंडों में भी भक्ति भाव से वट सावित्री की पूजा-अर्चना की गयी।

### बीडीओ ने राजनीतिक दलों को बूथ लेवल एजेंट की सूची दो दिन के अंदर उपलब्ध कराने के दिये निर्देश



चतरा (सिमरिया)। प्रखण्ड कार्यालय के सभागार कक्ष में सोमवार को सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने सोमवार को सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक की। बैठक में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने बताया कि राज्य के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में राष्ट्रीय व राजकीय दल द्वारा मतदान केंद्रवार बूथ लेवल एजेंट को नियुक्ति किए जाने को लेकर निर्देश प्राप्त हुआ। जिसके अलोक में यह बैठक की गयी। बीडीओ ने राजनीतिक दलों को बताया कि प्रखंड के अंतर्गत कुल 87 मतदान केंद्र हैं। जिसमें सभी राजनीतिक दलों के द्वारा बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति की जानी है। बैठक में बीडीओ ने सभी राजनीतिक दलों को मतदान केंद्रवार बूथ लेवल एजेंट की सूची दो दिनों के अंदर कार्यालय को उपलब्ध कराने को कहा, ताकि यह सूची जिला निर्वाचन पदाधिकारी को भेजी जाएगी। बैठक में पंचायती राज पदाधिकारी, राष्ट्रीय व राजकीय दलों के अध्यक्ष और प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### केटीपीएस केटीपी-3 क्षेत्र में चला स्वच्छता अभियान

**जयनगर (कोडरमा)।** केटीपीएस में 16 मई से चल रहे स्वच्छता पखवारा के तहत रविवार को केटीपीएस केटीपी-3 क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान का नेतृत्व केटीपीएस के सीजीएम सह परियोजना प्रधान मनोज कुमार ठाकुर ने किया। इस दौरान सीजीएम मनोज कुमार ठाकुर के साथ केटीपीएस के कई अधिकारी व कर्मचारी टीपी-3 क्षेत्र में नालियों की सफाई की गयी तथा आस-पास जमा कचरे को हटाया गया। वहीं सीजीएम मनोज कुमार ठाकुर ने कहा कि निश्चित तौर पर स्वच्छता अभियान हमारे समाज के साथ-साथ देश के विकास में अहम भागीदारी निभायेगा, देश को पूर्ण स्वच्छ बनाने के लिए हमें सामूहिक रूप से प्रयास करने होंगे, इसके लिए हमें खुद से भी पहल करना होगा। वहीं उन्होंने कहा कि केटीपीएस के अधिकारी तथा कर्मचारियों के साथ-साथ आम लोग भी स्वच्छता के प्रति अपनी गंभीरता दिखायें और भारत को पूर्ण स्वच्छ बनाने में अपनी भागीदारी निभायें। इस अभियान में जल निकासी प्रणाली और टीपी क्षेत्र की व्यापक सफाई की गयी। स्वच्छता अभियान में सीनियर जीएम मानस कुमार मंडल, जीएम अमन ज्योति, डीजीएम सुखमय नायक, नवीन कुमार सहित कई अधिकारी व कर्मचारी आदि मौजूद थे।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरनानगर में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया, वहीं मृतक की पहचान करियातपुर निवासी 32 वर्षीय नवीन कुमार पिता स्व.रितल महतो के रूप में की गई है। बताते चलें कि मृतक मूकबधिर और उसकी पत्नी भी मूकबधिर थी। घटना की जानकारी देते हुए मृतक के ससुर नंदलाल प्रसाद जो पेशे से एक दुकानदार हैं, ने बताया कि सोमवार होने के कारण उन्होंने अपनी दुकान बंद रखी थी। सुबह उनकी पुत्री सविता कुमारी वट सावित्री पूजा के लिए पड़ोस में स्थित बरगद पेड़ की पूजा करने गयी हुई थी, वहीं उनके दामाद नवीन शौच से आए और अपने घर में ताला लगाकर चाभी मेरे घर में रखकर कहीं घूमने निकल गए। काफी देर तक जब वे नहीं लौटे तो हमने उनकी खोजबीन शुरू की। इसके बाद जब वे लोग उसके कमरे के पास पहुंचे तो पाया कि उसने अपना कमरा अंदर से बंद कर रखा था। जिसके पश्चात उन्होंने इसकी जानकारी कोडरमा पुलिस व नवीन के परिजनों को देते हुए पुरनानगर बुला लिया। जिसके पश्चात कोडरमा पुलिस व मृतक के स्वजन वहां पहुंचे। इधर कटर मशीन मंगवाकर नवीन के कमरे के दरवाजे की कुंडी काटकर जैसे ही अंदर प्रवेश किया तो देखा कि वह कमरे के अंदर छत से बने फंदे से झूल रहा था। इधर मौके पर मौजूद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक के एक पुत्र व एक पुत्री भी है। बताया जाता है कि मृतक पिछले कुछ दिनों से मानसिक दवाब में जी रहा था। इधर पुलिस आत्महत्या के कारणों को तलाशने में जुटी हुई है।

# सीसीएल के चंद्रगुप्त कोल परियोजना से जुड़े 417 एकड़ भूमि विवाद मामले में सीआईडी ने जीएम से की पूछताछ

- टंडवा में फर्जीवाड़ा कर भूमि घोटाला मामले में टंडवा थाना में दर्ज कांड 45/25 ईडी से टेकओवर करके उठी जांच की मांग
- संगठित गिरोह का मनी लॉन्ड्रिंग का पर्दा उठने का दावा

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**चतरा।** टंडवा केरेडारी में संचालित सीसीएल के चंद्रगुप्त ओपनकास्ट कोल खनन परियोजना के लिए 417 एकड़ वन भूमि के नवीनीकरण प्रस्ताव से संबंधित एक महत्वपूर्ण मामले में सीआईडी ने जांच तेज कर दी है। यह मामला हजारीबाग के केरेडारी और चतरा जिले के टंडवा में फैला हुआ है, जहां केरेडारी अंचल के मौजा पचड़ा, चट्टी बरियातू, बुकरू, सिझुआ और जोरदार की 417 एकड़ भूमि की प्रकृति में विसंगतियां पाई गई हैं। विशेष रूप से, 'प्रपत्र एक' का प्रमाण पत्र जारी किए जाने के बावजूद भूमि की प्रकृति स्पष्ट नहीं हो पाई थी। इस संबंध में सीसीएल के अधिकारियों और परियोजना के खनन विकासकर्ता सह ऑपरेटर (एमडीओ) के महाप्रबंधक (जीएम) ने सीआईडी के समक्ष अपना लिखित पक्ष प्रस्तुत किया है। सीसीएल की ओर से जीएम अमरेश कुमार और संजीव कुमार उपस्थित हुए। जबकि एमडीओ, सुशी इंफ्रा माइनिंग लिमिटेड की ओर से जीएम आरएस यादव मौजूद थे। सूत्रों के अनुसार, सीसीएल के अधिकारियों ने भूमि संबंधी दस्तावेजों में छेड़छाड़ और ओवरराइटिंग की बात को स्वीकार किया है। उन्होंने दावा किया कि अंचल निरीक्षक ने सूची में 'सुधार' किया था। हालांकि सीआईडी के अधिकारियों ने इस दावे पर कई सवाल उठाया है। सीआईडी ने पूछा कि सीसीएल के अधिकारियों को यह कैसे पता चला कि अंचल निरीक्षक ने छेड़छाड़ की है या सुधार किया है। किसकी सूची में अंचल निरीक्षक द्वारा छेड़छाड़ की गई है। यदि सुधार किया गया था, तो एक नई और त्रुटिरहित सूची क्यों नहीं बनाई गई।

इसके लिए अंचलाधिकारी और सीसीएल अधिकारियों ने आपत्ति क्यों नहीं की। जिस सूची में अंचल निरीक्षक द्वारा कथित सुधार की बात कही जा रही है वह मूल रूप से किसके द्वारा और किस रिकॉर्ड के आधार पर बनाई गई थी। गौरतलब है कि यह पूरा मामला एक्टिविस्ट मंटू सोनी की शिकायत पर प्रकाश में आया था, जिसके बाद पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता ने सीआईडी को इस मामले की जांच का निर्देश दिया था, इस प्रकरण से भूमि अधिग्रहण और वन भूमि के नवीनीकरण प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं और सीआईडी की जांच से और भी खुलासे होने की उम्मीद है।

भूमि घोटाला मामले में सीआईडी की जांच तेज होने के बाद टंडवा अंचल क्षेत्र के भूमि के फर्जीवाड़ा करके सीसीएल में नौकरी देने के मामले में टंडवा थाना में कांड संख्या 54/25 दर्ज मामले में सीआईडी सहित स्वतंत्र एजेंसी से जांच की मांग अब तेज हो गई है। टंडवा कोयलांचल क्षेत्र के लाखों ग्रामीण रैयत जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## अवैध बालू लदे ट्रैक्टरों पर होगी कार्रवाई : एसडीओ

- स्वच्छ सिमरिया चौक रखने को लेकर एसडीओ की अध्यक्षता में की गई बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चतरा (सिमरिया)।** प्रखण्ड कार्यालय के सभागार कक्ष में सिमरिया दुकानदार, रेड़ी संचालक, फल दुकानदारों एवं वाहन एजेंटों के साथ बैठक की गई। यह बैठक आईएएस एसडीओ सन्नी राज की अध्यक्षता में की गई। जहां बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद, सीओ गौरव कुमार, जेएमएम के मनोज चंद्रा मौजूद थे। बैठक में सिमरिया चौक को साफ-सफाई एवं स्वच्छ व सुंदर रखने के लिए चर्चा की गई। मुख्य रूप से चौक को कचरा मुक्त बनाने, सभी दुकानों के पास अपना-अपना डस्टबिन रखने, यात्री बसों को मुख्य चौक के किनारे ठहराव करने, जिसमें सिमरिया हजारीबाग सड़क पर सिंघम होटल के पास ठहराव करने, सिमरिया टंडवा रोड में तहसील कचहरी के करीब ठहराव करने, सिमरिया बगरा रोड में हनुमान भंडार गोदाम के करीब ठहराव करने, सिमरिया देलहो रोड में बैंक ऑफ इंडिया के आगे ठहराव किये जाने पर चर्चा की गयी। साथ ही सभी बसों को चेतावनी दी जाएगी कि स्पीड हॉर्न का प्रयोग चौक पर करना वर्जित है। साथ हीं सिमरिया चौक पर वाहनों की गति 20 से 30 की होगी। आगे सिमरिया चौक को स्वच्छ रखने के लिए दुकानदारों की बैठक सिमरिया डाक बंगला में आगामी तिथि तय कर की जाएगी, जिसमें सिमरिया को स्वच्छ रखने के लिए एक व्यवसायिक संघ चौक अध्यक्ष का चुनाव संपन्न कर एसडीओ को नाम सौंपा जाएगा। साथ ही चुनाव के बाद सभी चौक के दुकानदारों से प्रत्येक माह निर्धारित की गई रकम साफ सफाई के लिए जमा करना होगा। आगे अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि सिमरिया चौक को सुंदरीकरण के लिए प्रस्ताव भेज दिया गया है। बहुत जल्द ही सिमरिया चौक एक साफ-सुथरा और बेहतर चौक के रूप में जाना जाएगा। जहां सभी तरह की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। वहीं ट्रैक्टर द्वारा बालू मामले को लेकर उन्होंने बताया कि अवैध रूप से बालू ढुलाई पर कानूनी कार्रवाई आवश्यक है। मौके पर मुखिया सुधीर सिंह, मनोज सिंह, रमन साहू, आलोक रंजन, मुखिया पुरन राम, जवाहर यादव, भूपेंद्र ठाकुर, सुरजीत कुमार गुप्ता, नारायण कुमार, महेंद्र साहू के अलावे प्रखंड कर्मी और दर्जनों दुकानदार एवं राजनीतिक दल शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### डुमरी प्रखंड के कठगांव व उजरा में बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन



**गुमला।** डुमरी प्रखंड के जुरमू पंचायत के कठगांव और आकाशी पंचायत के उजरा गांव में सोमवार को बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन किया गया। यह आयोजन वालंटियर के सहयोग से पीरामल फाउंडेशन की टीम द्वारा संपन्न किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कठगांव में आयोजित शिविर में जुरमू पंचायत के अंतर्गत आने वाले विभिन्न विद्यालयों जैसे सरकारी उच्च प्राथमिक विद्यालय कठगांव, दुदरिया, दीना, चरकाटोली और आरसी जुर्मु स्कूल के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत बाल गीतों और चेतना गीतों से हुई। जिससे बच्चों में ऊर्जा और सामाजिक चेतना का संचार हुआ। इसके पश्चात बच्चों ने ड्राइंग प्रतियोगिता और विभिन्न समूहगत गतिविधियों में भाग लिया, जिनके माध्यम से उन्होंने अपनी रचनात्मक सोच और सामूहिक कार्यशैली को प्रदर्शित किया। उजरा गांव में आयोजित समर कैंप में गवर्नमेंट यूपीजी एमएस उजरा के बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में पंचायत की वार्ड सदस्य श्रीमती रजनी बेला एक्का, सभी शिक्षकगण एवं स्थानीय नागरिकों की सहभागिता उल्लेखनीय रही। बाल गीत, फन गेम्स और रंगों के माध्यम से बच्चों ने अपनी कल्पनाओं को व्यक्त किया। इसके साथ ही बच्चों को फाइलेरिया रोग के प्रति जागरूक किया गया, जिसमें बीमारी के कारण, लक्षण एवं बचाव के उपायों की सरल भाषा में जानकारी दी गई। इस सत्र का उद्देश्य बच्चों को स्वयं के साथ-साथ अपने परिवार और समुदाय के स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाना था। दोनों कार्यक्रमों के दौरान बच्चों की सक्रियता, अभिभावकों की उपस्थिति और शिक्षकों की भागीदारी ने इसे जीवंत एवं प्रभावशाली बना दिया। यह प्रयास बच्चों के सर्वांगीण विकास, नियमित विद्यालय उपस्थिति और स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ है।

### घाघरा में स्वदेशी ढाबा का प्रमुख व मुखिया ने किया उदघाटन



**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के आदर गांव में स्वदेशी ढाबा का उदघाटन सोमवार को प्रखंड प्रमुख सबिता देवी व आदर मुखिया यशमुनी देवी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। होटल संचालक ज्योतिलाल महतो ने कहा कि नेतरहाट आने वाले सैलानी सहित स्थानीय लोगों को होटल से लाभ मिलेगा। घाघरा से निकलने के बाद बीच में कहीं भी राहगीरों को उत्तम भोजन की व्यवस्था नहीं थी। जिसे देखते हुए इस जगह पर स्वदेशी ढाबा खोला गया है। यहां मिलने वाले हर सामग्री में लोगों को स्वदेशी व छोटा नागपुरिया खानों का लुफ्त उठाने को मिलेगा। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रमुख सबिता देवी, यशमुनी देवी, ज्योतिलाल महतो, राजीव उरांव, संजीव उरांव, सोमनाथ उरांव, पिंटू यादव, माधव कुमार, भोला कुमार, संतोष उरांव, छोटेलाल उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

### जब्त गोवंशीय पशुओं का चिकित्सा परीक्षण एवं टीकाकरण संपन्न



**गुमला।** बिशुनपुर प्रखंड के जमटी टीओपी परिसर में जब्त 176 गोवंशीय पशुओं का सफलतापूर्वक चिकित्सा परीक्षण, इयर टैगिंग तथा एफ.एम.डी. एवं एल.एस.डी. का सोमवार को टीकाकरण किया गया। इस कार्य का नेतृत्व जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ अरुण प्रताप सिंह द्वारा गठित पशु चिकित्सा दल ने किया। टीम में डॉ मीनू खलखो प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, बिशुनपुर, डॉ लवलीन श्वेता खाखा टीबीओ बिशुनपुर, डॉ तेज नारायण गुरु बीएएचओ रायडीह, डॉ अरुण उरांव टीबीओ घाघरा, डॉ रौनक सिंह भीओ एमभीयू सहित अन्य पशु चिकित्सक, पेरावेट्स एवं तकनीकी कर्मी शामिल थे। इस अभियान में बिशुनपुर एवं घाघरा की चलंत पशु चिकित्सा इकाइयों की सक्रिय भागीदारी रही, जिनके चालकों एवं तकनीकी सहायकों का योगदान सराहनीय रहा। जिले में पशुओं के स्वास्थ्य सुरक्षा एवं उनके संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए पशुपालन विभाग द्वारा आगे भी इस प्रकार के नियमित चिकित्सा शिविरों एवं टीकाकरण का आयोजन किया जाएगा।

## विशुनपुर के गम्हारपाठ गांव पहुंचकर डीसी ने सुनी ग्रामीणों की समस्या

### लगभग डेढ किलो मीटर पैदल चलकर पहाडों से होते हुए गांव पहुंचे डीसी



निरीक्षण के दौरान लोगों से बातचीत करते डीसी।



ग्रामीणों की समस्या सुनते कर्ण सत्यार्थी ।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** डीसी कर्ण सत्यार्थी ने सोमवार को विशुनपुर प्रखंड अंतर्गत नरमा पंचायत स्थित गम्हारपाठ गांव का दौरा किया। लगभग 35 परिवारों वाले इस सुदूरवर्ती गांव तक पहुंचने के लिए डीसी ने करीब 1.5 किलोमीटर की दूरी पहाड़ों के बीच से पैदल तय की। गांव पहुंचने के बाद डीसी ने ग्रामीणों के साथ जनसभा का आयोजन कर उनकी समस्याएं सुनी। ग्रामीणों ने मुख्य रूप से सड़क, बिजली, पेयजल, विद्यालय की जर्जर स्थिति, आंगनवाड़ी केंद्र की मरम्मती, सिंचाई की सुविधा, तालाब निर्माण, सोलर जलमीनार एवं नहर निर्माण की मांग की। डीसी ने इन सभी समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने आरईओ विभाग को गांव तक सड़क निर्माण हेतु डीपीआर तैयार करने का निर्देश दिया एवं मनरेगा के माध्यम से टीसीबी, मेडबंदी इत्यादि कार्यों को प्राथमिकता देने को कहा। साथ ही ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे मनरेगा, मातृ वंदना योजना, मंईया सम्मान योजना, छात्रवृत्ति योजना आदि के प्रति जागरूक किया। डीसी ने स्वयं सहायता समूह और महिला मंडलों से जुड़ी महिलाओं को स्वरोजगार अपनाने, प्रशिक्षण प्राप्त करने और नए कार्यों में भागीदारी के लिए प्रेरित किया। गांव में उपस्थित 5 ब्रिजिया परिवारों के जीवन स्तर को सुधारने हेतु भी विशेष चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त ग्रामीणों द्वारा चबूतरा निर्माण, वन पट्टा, राशन कार्ड में नाम जोड़ने और संशोधन, आधार कार्ड अद्यतन आदि से जुड़ी समस्याएं भी रखी गईं, जिनके शीघ्र निवारण का आश्वासन डीसी ने दिया। इस अवसर पर डीसी ने गांव के विद्यालय एवं आंगनवाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया और उनकी जर्जर स्थिति को देखते हुए त्वरित मरम्मती कराने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान विशुनपुर बीडीओ, सीओ व अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## 11 दिनों का विहिप व बजरंग दल का अभ्यास प्रशिक्षण वर्ग आज से आरम्भ

विहिप का आह्वान, सनातन युवा इस प्रशिक्षण अभ्यास वर्ग में अधिकतम संख्या में शामिल होकर देश, समाज व धर्म का बने सुरक्षा प्रहरी

खबर मन्त्र संवाददाता

### प्रशिक्षण वर्ग को लेकर तैयारियां पूरी

**लोहरदगा।** बौद्धिक तथा शारिरिक मजबूती को लेकर झारखण्ड प्रान्त के सनातन युवाओं का स्थानीय शीला देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, लोहरदगा में मंगलवार से 11 दिवसीय अभ्यास प्रशिक्षण वर्ग आरम्भ हो जायेगा। जिसमे 15 वर्ष से 35 वर्ष तक के सनातन युवा प्रवेश ले सकते हैं। पूरा प्रशिक्षण दौरान रहने खाने की व्यवस्था भी संगठन द्वारा निशुल्क उपलब्ध करवाया जाता है।

यह प्रशिक्षण शिविर स्थानीय शीला देवी सरस्वती विद्या मंदिर में लगाया जाएगा, जिसमे आर्मी की तरह युवाओं को ट्रेंड/प्रशिक्षित किया जाएगा। जिसके अंतर्गत रस्सा आरोहण, बंकर प्रशिक्षण, निशानेबाजी, दंड प्रहार, योग, ब्रिज चढ़ाई के साथ साथ अन्य प्रकार के बाधा इत्यादि का शारिरिक अभ्यास प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस अभ्यास प्रशिक्षण वर्ग में 15 वर्ष से 35 वर्ष तक के झारखण्ड प्रान्त के लगभग 400 सनातन भाई बन्धु का शामिल होने की संभावना है, जो अभ्यास वर्ग में प्रशिक्षण प्राप्त कर शारीरिक व मानसिक रूप से अपने आप को मजबूती प्रदान कर आनेवाले समय मे सामाजिक व धार्मिक सुरक्षा प्रहरी की भूमिका निभाने में महत्वपूर्ण योगदान करेगें।

## गुमला के जारी में नदी के तेज बहाव में बहा युवक, तलाश जारी, दो लोगों को बचाया गया

>> तीन लोग नहाने के लिए नदी में प्रवेश किये थे, नदी में जाते ही तीनों तेज बहाव में बहने लगे

खबर मन्त्र संवाददाता





**जारी।** जारी थाना क्षेत्र के भीखमपुर लावा नदी में नहाने के दौरान 16 वर्षीय योगेश थापा नदी के तेज बहाव में बह गया और उसका अब तक पत नहीं चल पाया है। प्रत्यक्षदर्शी सिमोन मिंज उम्र 12 वर्ष ने बताया कि सोमवार की सुबह 9 बजे सोनम थापा, योगेश थापा, अर्पण मिंज अपनी मम्मी के साथ लावा नदी नहाने आये हुए थे। उस वक्त मैं भी लावा नदी में मौजूद था। तीनों लोग नहाने के लिए नदी में उतरे जबकि उसकी मां नदी में ऊपर की ओर कपड़ा धो रही थी। तीनों लोग नदी में घुसते ही बहने लगे। जिसे देख हम बचाने के लिए नदी में कूद पड़े। उस वक्त तीनों बहुत ही घबराए हुए थे। सोनम थापा व अर्पण मिंज को हम किसी तरह बचा लिए जबकि योगेश थापा पुल के समीप गहराई में डूब गया और पुल के पिलर की ओर अंदर चला गया। जिसके बाद वह ऊपर नहीं निकल पाया। जबकि डूबने की खबर पूरे गांव में फैल गई। कुछ लड़कों के द्वारा बहुत देर तक नदी में खोज बिन भी करते रहे। लेकिन योगेश थापा का कुछ पता नहीं चल पाया। योगेश की बड़ी बहन सोनम थापा ने बताया कि मेरे पापा नेपाल के रहने वाले हैं और मां झारखंड की है। हम सभी गर्मी का छुट्टी मनाने के लिए जारी के जामटोली मौसी के घर आए हुए थे। जबकि हम सभी दिल्ली के ग्रेडर क्लास 49 जमरूदपुर में रहते हैं। योगेश 9 वीं क्लास का छात्र था। योगेश की डूबने की खबर को बीडीओ यादव बैठा व जारी थाना प्रभारी आदित्य कुमार को दिया गया।

बीडीओ बैठा ने कहा कि जिले के पदाधिकारी को मामले की जानकारी दे दी गई है। जल्द से जल्द एनडीआरएफ की टीम आएगी और योगेश की तलाश करेगी। वही खबर लिखे जाने तक योगेश बरामद नहीं हो सका था।

प्रभारी अध्यक्ष-सह-सदस्या, झारखंड राज्य खाद्य आयोग ने की समीक्षात्मक बैठक

## राशन कार्डधारियों की शिकायतों का करे निष्पादन : शबनम परवीन

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** झारखंड राज्य खाद्य आयोग के प्रभारी अध्यक्ष-सह-सदस्य शबनम परवीन की अध्यक्षता में सोमवार को जिला परिसदन में बैठक की गई। बैठक में उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा से संबंधित शिकायतों का निपटारा जिला में ही किया जाय ताकि अधिकतर मामले जिला में ही निष्पादित कर लिए जाएं। लोगों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता है। कई बार शिकायतकर्ता कार्डधारी का नाम/कार्ड डिलीट कर दिया जाता है, ऐसा नहीं होना चाहिए। शिकायतकर्ता की शिकायतों का निवारण होना चाहिए ना कि उसका कार्ड डिलीट कर या उसके कार्ड अन्य दुकानदार के पास ट्रांसफर कर उसे सजा दी जाय। सभी पंचायतों में आकस्मिक खाद्यान्न कोष गठित है जिसका उपयोग करना चाहिए। मुखिया लोगों के साथ बैठक हर माह की जाय ताकि इसकी जानकारी दी जा सके। प्रखंडों में खाद्य सुरक्षा से संबंधित जानकारी के लिए कार्यशाला भी आयोजित की जाय। बैठक में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल, सभी बीडीओ, व अन्य उपस्थित थे।

### पीडीएस दुकानों में लगे सूचनापट्ट



अध्यक्ष ने कहा कि कई दुकानों में सूचना पट्ट नही है जो नियमानुसार गलत है। उसमें दुकानदार की, कार्डधारियों की, योजनावार कार्डधारियों की जानकारी होनी चाहिए। जब कार्डधारी को राशन दी जाती है तो उसे दी जा रही राशन की जानकारी के लिए पॉश मशीन से निकलने वाली पर्ची दी जाय। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के पात्र महिलाओं का रजिस्ट्रेशन और लाभ दिलाने का निर्देश दिया गया। पेशरार में जन वितरण प्रणाली की दुकान की मांग किये जाने पर अध्यक्ष ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को पत्र के माध्यम से आयोग को सूचित कर मांग किये जाने का निर्देश दिया।

### हार्डकोर उग्रवादी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**घाघरा।** घाघरा पुलिस ने माओवादी संगठन के हार्डकोर उग्रवादी रविंद्र गंझू उर्फ सुरेंद्र गंझू के घर में दो मामलों को लेकर इश्तेहार चिपकाया। इस दौरान घाघरा पुलिस चंदवा थाना क्षेत्र के हेसला बांझीटोली स्थित उसके घर के अलावे चौक चौराहों में जाकर इश्तेहार चिपकाया। इस संबंध में एसआई विकास कुमार ने बताया कि माओवादी रविंद्र गंझू उर्फ सुरेंद्र गंझू कांड संख्या 27/22 जिसमे तेंदार डुमर पाठ के जंगल से भारी मात्रा में हथियार व गोला बारूद बरामद किया गया था व कांड संख्या 81/22 जिसमें जोकारी जंगल से भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद किया गया था। इस दोनों घटना को लेकर माओवादी कमांडर रविंद्र गंझू के अलावे 20 से 25 अज्ञात उग्रवादियों के खिलाफ प्राथमिक के दर्ज हुई थी। लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बाहर है। जिसके बाद कोर्ट से प्राप्त इश्तहार को उसके घर में चिपकाया गया।

### बकरी चोरी कर कार से भाग रहे युवकों को ग्रामीणों ने पकड़ा

खबर मन्त्र संवाददाता



**डुमरी।** डुमरी प्रखंड के रजवाल गांव में ग्रामीणों की मुस्तैदी से बकरी चोरी की बड़ी घटना टल गई। ग्रामीणों ने बकरियां चुराकर आई 20 कार से भागने का प्रयास कर रहे चार युवकों को रंगे हाथों धर दबोचा। सूचना मिलने पर डुमरी थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर सभी आरोपियों को हिरासत में ले लिया और चुराई गई बकरियों को भी बरामद कर लिया है। दरअसल रजवाल गांव के ग्रामीणों को कुछ संदिग्ध युवकों के गांव में घूमने और बकरियों की रेकी करने की जानकारी मिली थी। सतर्क ग्रामीणों ने उन पर नजर रखनी शुरू कर दी। जैसे ही आरोपियों ने दो बकरियां चुराईं और अपनी आई 20 कार में बैठकर फरार होने की कोशिश की। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए उनका पीछा किया और उन्हें भागने का कोई मौका नहीं दिया। ग्रामीणों की इस बहादुरी और सतर्कता की पुलिस ने भी सराहना की है। चोरी में संलिप्त युवकों की पहचान गोलू खान (25 वर्ष, पिता इस्लाम खान), मुशर्रफ अंसारी (21 वर्ष), आरिफ अंसारी (पिता गोलू खान) और साहुल हुसैन (25 वर्ष) के रूप में हुई है। हालांकि ग्रामीणों ने बताया कि इनमें से एक आरोपी का नाम स्पष्ट रूप से नहीं पढ़ा जा सका है। लेकिन ये सभी पहले भी चोरी की घटनाओं में शामिल रहे हैं। डुमरी थाना पुलिस ने चारों आरोपियों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ शुरू कर दी है। चुराई गई बकरियों को बरामद कर लिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है कि कुछ समय पूर्व चैनपुर, जारी और कुरूमगढ़ में भी बकरी चोरी की घटनाएं हुई थी। जिसमें चैनपुर थाना ने चोरी में संलिप्त कुछ लोगों को पकड़ा था। रजवाल गांव की इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि ग्रामीणों की एकजुटता और सतर्कता से अपराध पर लगाम लगाई जा सकती है।

### घाघरा में जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन, 16 मामलों का हुआ त्वरित निष्पादन



**घाघरा।** डीसी कर्ण सत्यार्थी के निर्देश के अलोक में जनसमस्याओं के त्वरित निष्पादन के उद्देश्य से सोमवार को बीडीओ घाघरा दिनेश कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में जन शिकायत निवारण कार्यक्रम का आयोजन किया। बीडीओ के द्वारा जन शिकायतों को गंभीरता से सुना गया और संबंधित मामलों का निराकरण किया गया। जन शिकायत में कुल 39 सामने आये। जिसमें 16 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निवारण किया गया। इस दौरान आवास योजना से संबंधित 07 मामला, नया राशन कार्ड 01, वृद्धा पेंशन से संबंधित 05 एवं मंइयां सम्मान योजना से संबंधित 25 व केसीसी का एक मामला आया। बीडीओ घाघरा ने सभी आवेदकों से व्यक्तिगत रूप से बात की और समस्याओं के समाधान की दिशा में संबंधित विभागीय कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ज्ञात हो कि घाघरा प्रखंड में प्रत्येक सोमवार को जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन बीडीओ की अध्यक्षता में आयोजित की जाती है।

## सांसद सुखदेव भगत को मध्य प्रदेश का एआईसीसी ऑब्जर्वर बनाया गया

खबर मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा।** संगठन सृजन अभियान के तहत हर स्तर पर पार्टी को मजबूत करने के उद्देश्य से लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत को मध्य प्रदेश का एआईसीसी ऑब्जर्वर बनाया गया है। जिसकी जानकारी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव के सी वेणूगोपाल ने पत्र के माध्यम से दिया। सुखदेव भगत ने सांसद के रूप में अपने प्रतिभा अपनी मेहनत और अपने परफॉर्मेंस से बहुत कम समय में ही राष्ट्रीय नेता एवं अच्छे वक्ता के रूप में अपनी पहचान बना ली है। भगत संसद के अंदर संसद के बाहर और टीवी डिबेट में प्रभावी रूप से अपनी जो बातें रखते हैं तथा तार्किक ढंग से जो जवाब देते हैं जिसके कारण सुखदेव भगत कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं को प्रभावित किया है। इसलिए इससे पहले भी पार्टी ने सुखदेव भगत को पांच राज्यों का कांग्रेस संसदीय दल (सीपीसी) के राज्य कमेटी का संयोजक बनाया था। कांग्रेस गुजरात का एआईसीसी ऑब्जर्व बनाया था और अब मध्यप्रदेश का एआईसीसी ऑब्जर्व बनाया गया है जो जिले और राज्य कांग्रेसियोंके लिए गौरव की बात है।

### सांसद के प्रयास से लगा ट्रांसफॉर्मर



कुडू प्रखण्ड के सुकुमार ग्रामवासियो ने सुखदेव भगत का किया आभार व्यक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** लोकसभा सांसद सुखदेव भगत के प्रयास से कुडू प्रखंड के सुकुमार गांव में 25 केवी के ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया।

जिसका उद्घाटन कुडू प्रखंड के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लाल धनंजय नाथ साहदेव और लाल गंदौर नाथ साहदेव ने किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि लाल बिकास नाथ साहदेव ने कहा कि ग्रामीणो जनता के हर समस्या को दूर करने के लिए हमलोग के सांसद तत्पर रहेंगे। मौके पर लाल नंदकिशोर, अनिश उरांव, धिरज साहु, अंकित साहु, मोहित कुमार, गुड्डू पांडे, बलराम सिंह आनंद साहु,सतिश साहु, लाल मंटु आदि मौजूद थे।

### एनसीसी के दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में कैडेटों को दी गयी आग बुझाने की जानकारी



**गुमला।** 20 से 29 मई तक कार्तिक उरांव महाविद्यालय गुमला में 46 झारखंड बटालियन एनसीसी गुमला के द्वारा एनसीसी ग्रुप हेडक्वार्टर रांची के तत्वावधान में 10 दिवसीय एनुअल ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान कैडेटों के लिए कई गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। सोमवार को अग्निशमन विभाग गुमला के फायर आफिसर संजय कुमार सिंह की टीम ने कैडेटों के लिए एक लाइव डेमोस्ट्रेशन आयोजित किया। जिसमें उन्हें आग के प्रकार ,आग लगने के कारण और उसे रोकने के उपाय बताये। कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल पी बी शर्मा ने बताया कि इस सत्र का उद्देश्य कैडेटों को आग से बचाव, आपातकालीन प्रतिक्रिया और अग्निशमन उपकरणों के सही उपयोग के बारे में प्रशिक्षित करना था। उन्होंने कहा कि कैडेट इस कैंप से लाभान्वित हो रहे है और इसका फायदा भी उन्हें आने वाले जीवन में मिलेगा। डिप्टी कैंप कमांडेंट सूबेदार मेजर वी एल हमुआका ने अग्निशमन सेवा टीम के प्रयासों की सराहना की और कैंप के प्रशिक्षण कार्यक्रम में उनके बहुमूल्य योगदान के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। कैम्प को सफल बनाने में सभी जेसीओ, एनसीओ, एएओ दिन रात लगे हुए हैं।

## भंडरा : वट सावित्री पर सुहागिनों ने की पति के लिए अखंड सौभाग्य की कामना

खबर मन्त्र संवाददाता



**भंडरा।** प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को महिलाओं ने वट सावित्री व्रत रखकर अपने पति की लंबी उम्र और परिवार की सुख शांति की कामना की। सुहागिनें दुल्हन की तरह सज धज कर वट के पेड़ के नीचे पहुंचीं और पूरे विधि विधान से पूजा की। प्रखंड के भंडरा चट्टी, भौरो, बेदाल, मसमानो, कुम्हारिया, अकाशी, अम्बेरा, बड़ागाई आदि गावों में सुबह से ही वट वृक्ष के पास महिलाओं की भीड़ जुटी रही। पूजा के बाद सुहागिनों ने पेड़ की परिक्रमा की और वट सावित्री की पूजा श्रद्धा से की। व्रत में वट पेड़ और सावित्री दोनों का विशेष महत्व होता है। मान्यता है कि वट वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों देवताओं का वास होता है, ठीक वैसे ही जैसे पीपल के पेड़ में होता है।

**महिलाओं ने सुनी सावित्री सत्यवान की कथा :** वट सावित्री व्रत के मौके पर महिलाओं ने बरगद के पेड़ के नीचे बैठकर पूजा की और सावित्री सत्यवान की कथा सुनी। मान्यता है कि इस दिन व्रत कथा सुनने और पूजा करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं। मान्यता है कि इसी दिन सावित्री ने वट वृक्ष की पूजा करके अपने पति सत्यवान के प्राणों को यमराज से छुड़ा लिया था, बस तभी से ये व्रत रखा जाता है। इस दिन महिलाएं सज-संवर कर अपने पति की तरक्की और लंबी उम्र के लिए पूजा-अर्चना करती हैं। एक और कथा के अनुसार, मार्कण्डेय ऋषि को भगवान शिव के वरदान से वट के पत्ते पर बाल मुकुंद के दर्शन हुए थे। तभी से वट वृक्ष की पूजा का महत्व बढ़ गया। माना जाता है कि वट वृक्ष की पूजा करने से घर में सुख शांति और धन समृद्धि आती है।

**नवविवाहित महिलाओं में दिखा जोश**

वट सावित्री व्रत को सुहाग पर्व के रूप में पूरे प्रखंड में धूमधाम से मनाया गया। खासकर नवविवाहित महिलाओं में इस व्रत को लेकर काफी उत्साह देखा गया। नई नई दुल्हनें सोलह श्रृंगार कर, नई साड़ी और गहनों के साथ सज धजकर वट वृक्ष की पूजा करने पहुंचीं। उन्होंने विधिपूर्वक पूजा की, पेड़ की परिक्रमा की और कच्चे सूत से पेड़ को लपेटा। पूजा में चना, पकवान, मौसमी फल और सुहाग की चीजें अर्पित की गईं।

### मांगा सुहाग का आशीर्वाद

बरगद के पेड़ के नीचे सुहागिनों ने भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा की। उन्होंने अपने सुहाग की लंबी उम्र के लिए प्रार्थना भी की। पूजा में फल, पूड़ी, भीगे हुए चने और बरगद के पत्ते अर्पित किए गए। महिलाएं पूजा के लिए सिंदूर, दर्पण, मौली, काजल, मेहंदी, चूड़ी, माथे की बिंदी, नई साड़ी, सात तरह के अनाज और सत्यवान सावित्री की मूर्ति लेकर आई थीं।

## गुमला : पति की लंबी उम्र के लिए सुहागिनों ने किया वट सावित्री व्रत, मांगी सदा सुहागन की कामना

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला/चैनपुर।** पति की लंबी उम्र की कामना को लेकर सोमवार को सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा की। इस दौरान महिलाएं उपवास पर थी। सुहाग की पूर्ण श्रृंगार कर महिलाएं वट वृक्ष की पूजा में शामिल हुई। पति की लंबी उम्र के लिए वट वृक्ष पर सौ से अधिक बार कच्चा सूता लेकर फेरे लगायी। गुमला शहर के सभी मुख्य मार्गों में स्थित वट वृक्ष पर महिलाएं पूजा करती दिखी। वहीं चैनपुर मुख्यालय के दुर्गा मंदिर, प्रेमनगर, बीच बस्ती समेत कई स्थानों पर सुहागिन महिलाओं ने पारंपरिक श्रद्धा और आस्था के साथ वट वृक्ष की पूजा की। इस अवसर पर महिलाओं ने वटवृक्ष की पूजा कर अपने पति की लंबी उम्र और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना की। सुबह से ही व्रतधारी महिलाएं व्रत के पारंपरिक परिधान में सजकर पूजा स्थलों पर पहुंचीं। उन्होंने वटवृक्ष की परिक्रमा की, पवित्र धागा बांधकर सदा सुहागन रहने की प्रार्थना की और कथा का श्रवण किया। दुर्गा मंदिर के पुजारी संजय पाठक ने बताया कि वट सावित्री व्रत की कथा महाभारत काल से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि जब सत्यवान की मृत्यु हो गई थी और यमराज उसके प्राण लेने आए थे तो उसकी पत्नी सावित्री ने वटवृक्ष के नीचे बैठकर अपने पतिव्रता धर्म और दृढ़ निश्चय से यमराज को मना लिया और अपने पति को पुनर्जीवन दिलाया। तभी से यह व्रत सुहागिनों द्वारा किया जाता है। इस वर्ष वट सावित्री व्रत ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या को पड़ा। जिसे विशेष पुण्यफलदायी माना गया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, वटवृक्ष की पूजा करने से पति की आयु में वृद्धि होती है और वैवाहिक जीवन में सुख-शांति बनी रहती है। पूरे क्षेत्र में व्रत के इस पर्व को लेकर भक्तिमय वातावरण रहा और बड़ी संख्या में महिलाओं की सहभागिता देखी गई।

## पांच लाख का इनामी नक्सली मनीष यादव मुठभेड़ में ढेर, 10 लाख का इनामी नक्सली कुन्दन जी गिरफ्तार

# लातेहार में जांबाजों ने दिखाया दम, 19 जवानों के खूंखार हत्यारे का अंत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार/महुआडांड।** लातेहार के पुलिस कप्तान कुमार गौरव फुल एक्शन मोड में हैं। उनकी देखरेख में सुरक्षाबलों के जवानों का भी हौसला बुलंद है। एक बार फिर रविवार की देर रात्री पुलिस ने माओवादी के सब जोनल कमाण्डर मनीष यादव उर्फ मनीष जी पिता प्रसाद यादव को मार गिराया है। रविवार देर रात से लेकर सोमवार सुबह तक चली पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में नक्सली मारा गया है। वहीं नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के जोनल कमाण्डर कुन्दन जी उर्फ सुधीर सिंह पिता महावीर सिंह भी गिरफ्तार हुआ है पुलिस ने मौके से दो एक्स.95 ऑटोमेटिक राइफल, लोडेड मैग्जीन एवं गोली भी बरामद की है। प्राप्त सूचना के आलोक में सूचना का सत्यापन एवं तदनुसार कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक लातेहार द्वारा अपने निर्देशन में एक छापामारी दल का गठन महुआडांड एसडीपीओ शिवपूजन बहेलिया नेतृत्व में टीम गठित की गई जिसमें बारेसाढ़ थाना प्रभारी प्रभात कुमार दास, महुआडांड थाना प्रभारी मनोज कुमार साथ जिलाबल का सैट, बारेसाढ़ एवं आई.आर.बी. सैट, महुआडांड को संलग्न करते हुए आसूचना संकलन कर कार्रवाई हेतु भेजा गया। छापामरी दल के द्वारा करीब 01:30 बजे रात्रि में सुरक्षा मानको का पालन करते हुए प्राप्त सूचना के अनुसार ग्राम चोरहा टोला नीचे दौना का रेकी किया जा रहा था इसी दौरान छापामारी दल को एक स्थान पर उग्रवादियों का जमावड़ा होने का आभास हुआ। उग्रवादी दस्ता के द्वारा भी पुलिस बल के उपस्थिति का भनक पाकर पुलिस दल को लक्षित कर क्षति पहुँचाने की नियत से फायरिंग किया गया। पुलिस द्वारा स्वयं के सुरक्षा एवं सरकारी अग्नेयास्त्रों की सुरक्षा के नियत से जवाबी कार्रवाई की गयी। दोनों ओर से गोली-बारी होती रही, जिसके बाद पुलिस का बढ़ता दबाव देख उग्रवादी क्रास फायरिंग करते हुये भागने लगे। भाग रहे उगवादियों में से एक उग्रवादी को अग्नेयास्त्र के साथ पकड़ा गया जिसने पुलिस दल को पूछताछ करने पर अपना नाम भा०क०पा० (माओ.) नक्सली संगठन के जोनल कमाण्डर, कुन्दन जी उर्फ सुधीर सिंह पे०-महावीर सिंह सा०-माईल मटलौंग, थाना-मनिका, जिला-लातेहार बताया तथा शेष उग्रवादी भागने में सफल हो गये। अंधेरा होने के कारण आगे की कार्रवाई को स्थगित रखते हुए तथा जिला मुख्यालय से घेराबंदी एवं तलाशी हेतु अतिरिक्त बल के आगमन तक उपलब्ध बल के द्वारा अपने पोजिशन को बरकरार रखते हुए गिरफ्तार उग्रवादी को अपने कब्जे में रखा गया। पुलिस अधीक्षक, लातेहार एवं एस.एस.बी.-32 बटालियन, सी.आर.पी.एफ,-11 बटालियन तथा झारखंड जगुआर की टीम के पहुंचने के उपरान्त क्षेत्र का कॉर्डन कर सर्च अभियान प्रारंभ किया गया। सर्च के दौरान एक उग्रवादी को मृत अवस्था में पाया गया, जिसका पकडाये उग्रवादी द्वारा माओवादी उग्रवादी संगठन भा०क०पा० (माओ०) नक्सली संगठन के सबजोनल कमाण्डर मनीष यादव उर्फ मनीष जी, पे० प्रसाद यादव, गांव-चक्रबंधा, माहुलानी, थाना-डुमरिया, जिला गया, (बिहार) के रूप में की गई। क्षेत्र के सर्व आपरेशन के कम में हथियार एवं गोली सहित उग्रवादी दस्ता के दैनिक उपयोग के सामान बरामद हुये हैं।

## आत्मसमर्पण करें नक्सली अन्यथा आगे भी अभियान जारी रहेगा: पलामू आईजी सुनील भास्कर



प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते पलामू आईजी, डीआईजी, एसपी व अन्य।



मारा गया माओवादी मनीष यादव।

➲ माओवादी कमांडर छोटू खरवार की हत्या के बाद संगठन का बागडोर कुंदन और मनीष यादव ही संभाल रहे थे



मुठभेड़ में शामिल पदाधिकारी व जवान।

पलामू आईजी सुनील भास्कर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि नक्सलियों के खिलाफ पुलिस एवं सुरक्षाबलों को लगातार सफलता मिल रही है। पुलिस एक बार फिर से नक्सली संगठनों से अपील कर रही है कि वह मुख्यधारा में शामिल हो जाए और सरकार की योजना नई दिशा का लाभ उठाए। मुख्यधारा से जुड़ने के बाद नक्सलियों को कई सरकारी योजना का लाभ मिलेगा। पुलिस और सुरक्षा बलों का लगातार अभियान आगे भी जारी रहेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पलामू डीआईजी वाईएस रमेश, लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, 32 बटालियन सशस्त्र सीमा बल बांसकरचा पिकेट के कमाण्डेड राजेश सिंह मौजूद थे। सबसे सुरक्षित इलाके में मारा गया नक्सली कमांडर मनीष, बूढ़ा पहाड़ में बना रखा था वर्चस्व। जिले में नक्सलियों का एक मात्र सुरक्षित ठिकाना दौना-करमखाड़ आखिरकार उनके लिए कब्रगाह बन गया। रविवार देर रात से सोमवार सुबह तक पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई नक्सलियों के ताबूत में आखिरी कील साबित हुई। बूढ़ा पहाड़ के कॉरिडोर में बचे दो नक्सलियों में से एक नक्सली मनीष यादव मारा गया। जबकि दूसरा कुंदन खरवार पुलिस के हत्थे चढ़ गया। इससे बूढ़ा पहाड़ के इलाके से नक्सलियों का खात्मा हो गया।

## छोटू खरवार की हत्या के बाद संगठन की बागडोर संभाल रहे थे



माओवादियों के पास से मिला हथियार ,गोली ,पैसा व अन्य।

लगभग 6 महीने पहले माओवादी कमांडर छोटू खरवार की हत्या संगठन में ही विद्रोह के बाद उसके अपने साथियों ने कर दी थी। इस घटना के बाद माओवादी संगठन का बागडोर कुंदन और मनीष यादव ही संभाल रहे थे। बूढ़ा पहाड़ के कॉरिडोर में दोनों नक्सली संगठन को चला रहे थे। हालांकि उनके पास सदस्यों की संख्या काफी कम थी। कुंदन और मनीष लगातार इस प्रयास में थे कि संगठन में नए सदस्यों को जोड़ा जाए और संगठन को फिर से मजबूत बनाया जाए. लेकिन ग्रामीणों का सपोर्ट इन्हें पूरी तरह से नहीं मिल पा रहा था। इसके बावजूद दोनों नक्सली माओवादी संगठन की उपस्थिति दर्ज कराकर लेवी वसूलने में सफल हो रहे थे। सबजोनल कमाण्डर मनीष यादव पर 40 अपराधिक मामले दर्ज है तो वहीं जोनल कमाण्डर कुन्दन जी पर 27 केस दर्ज है। पुलिस मुठभेड मे मारे गए भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के पांच लाख के ईनामी सबजोनल कमाण्डर मनीष यादव उर्फ मनीष जी पिता प्रसाद यादव पर 40 अपराधिक मामले दर्ज है। मनीष यादव गया (बिहार) जिले के डुमरिया थानान्तर्गत ग्राम चक्रबंधा, माहुलानी का रहने वाला था। वही पुलिस के हत्थे चढ़े भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के 10 लाख का ईनामी उग्रवादी कुन्दन जी उर्फ सुधीर सिंह पिता महावीर सिंह लातेहार जिले के मनिका थानान्तर्गत ग्राम माईल मटलौंग का रहने वाला है। इसपर 27 केस दर्ज है।

**क्षेत्र में बना रखा था दहशत**

लातेहार जिले में भले ही नक्सलियों को पुलिस ने काफी कमजोर बना दिया था। लेकिन महुआडांड़ समेत आसपास के इलाके में नक्सली कुंदन खरवार, मनीष यादव आदि दहशत बनाए हुए था। नक्सलियों के द्वारा अक्सर किसी न किसी हिंसक घटना को अंजाम देकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई जाती थी। कुछ दिन पहले ही इन्हीं नक्सलियों के द्वारा पुल निर्माण कार्य में लगे एक व्यक्ति की पिटाई भी कर दी गई थी। काफी कम संख्या होने के बावजूद नक्सलियों का दहशत कायम था। हालांकि पुलिस के द्वारा इनके खिलाफ पिछले कई वर्षों से लगातार अभियान भी चलाया जा रहा था, लेकिन हर बार पुलिस को चकमा देकर नक्सली फरार हो जा रहे थे। इस बार पुलिस को सफलता हासिल हुई और उनके साम्राज्य का अंत हो गया।

### इस वजह से शिकंजे में आया मनीष यादव

बताया जाता है कि माओवादी मनीष यादव का ससुराल दौना गांव में ही स्थित है। मनीष यादव पिछले कई वर्षों से इस इलाके में सक्रिय था। यह भी बताया जाता है कि मनीष यादव इश्क मिजाज का व्यक्ति था। जिसके चलते गांव में आना-जाना लगा रहता था। रविवार की रात भी वह दौना गांव पहुंचा था, जहां उसका सामना पुलिस से हो गया।

### प्रभाकर मिश्रा मेमो दिवा रात्रि क्रिकेट टूर्नामेंट कल से

**चंदवा।** कमांडो क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में बुधवार 28 मई से स्थानीय हाई स्कूल खेल स्टेडियम में प्रभाकर मिश्रा मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरूआत की जाएगी। टूर्नामेंट का उद्घाटन सासंद कालीचरण सिंह करेंगे। इस मौके पर लातेहार विधायक प्रकाश राम मौजूद रहेंगे। टूर्नामेंट को लेकर तैयारी अंतिम चरण मे है।

### सुहागिनो ने की वट सावित्री पूजा

**बारियातू।** प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में सोमवार को सुहागिन महिलाओ ने वट सावित्री की पूजा विधिवत किया। सुहागिनों ने अपने पति की लंबी आयु और अखंड सौभाग्य की कामना की। पूजा के दौरान महिलाओं ने विशेष रीति-रिवाजों का भी पालन किया। साथ ही सिंदूर का दान भी किया। सभी सुहागिन सोलह श्रृंगार करके वट वृक्ष पूजा स्थल पर पहुंची। जहां सबों ने पूजा करने के लिए पंक्ति बद्ध बैठकर हवन और आरती की। वट सावित्री पूजा के दौरान सुहागिन महिलाओ मे काफी उत्साह देखने को मिला। सुहागिनों ने वट वृक्ष की परिक्रमा कर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन संपन्न किया वट सावित्री व्रत की पूजा जेष्ठ कृष्ण पक्ष अमावस्या में की जाती है ।इस दिन सुहागिन महिलाएं सोलह श्रृंगार कर अखंड सौभाग्य की प्राप्ति और पति की लंबी उम्र के लिए बरगद के पेड़ की पूजा करती हैं। शास्त्रों के अनुसार बरगद के पेड़ को चिरंजीवी कहा जाता है क्योंकि इस पेड़ में ब्रह्मा, विष्णु, महेश तीनों देवों का वास है। जिन जातकों की कुंडली में शनि दोष है। शनि की महादशा, ढैया, साढ़ेसाती चल रही है ऐसे, जातक इस दिन शनि देव की विशेष पूजा-अर्चना कर दोष मुक्त हो सकते हैं।

## कुख्यात राहुल सिंह गिरोह के सात गुर्गे चढ़े पुलिस के हत्थे



गिरफ्तारी किये गये अपराधी।

➲ एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना चंदवा के पन्ना टांड़ जंगल से हुई है गिरफ्तारी

**राजेश प्रसाद /देवानंद प्रसाद**

**चंदवा।** लातेहार जिला पुलिस के लिए वर्तमान सप्ताह सफलताओं से भरा सिद्ध हो रहा है। एसपी कुमार गौरव के कुशल नेतृत्व में लातेहार पुलिस द्वारा जेजेएमपी संगठन के 10 लाख रुपए के इनामी उग्रवादी पप्पू लोहरा समेत 2 उग्रवादियों एवं प्रतिबंधित नक्सली संगठन माओवादी दस्ते के एक सदस्य 5 लाख इनामी मनीष यादव को 3 दिनों के अंदर दो इनकाउंटर में ढेर करने के बाद जिले में कुख्यात राहुल सिंह गिरोह के विरुद्ध बड़ी सफलता हासिल की है। एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना पर एसडीपीओ अरविंद कुमार एवं चंदवा पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार कि अगुवाई में गठित चंदवा पुलिस की टीम ने थाना क्षेत्र के पन्ना टांड़ जंगल में अभियान चलाकर कुख्यात राहुल सिंह गिरोह के 7 गुर्गों को दबोचने में सफल रही। पकड़े गए अपराधियों के पास से पुलिस ने एक देशी पिस्टल, 19 जिंदा गोली, 2 बाइक एवं 8 मोबाइल बरामद किया गया है।

**छापामारी अभियान में ये थे शामिल**

छापामारी अभियान में एसडीपीओ अरविंद कुमार, पुनि सह थाना प्रभारी चंदवा रणधीर कुमार, पुअनि भावेश यादव, ललन कुमार, सअनि अनोज कुमार ओझा व मनोज कुमार दुबे तथा सैट-44 के चंदवा थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

**इनकी हुई है गिरफ्तारी**

पकड़े गए अपराधियों में रोहित कुमार (20) पिता द्वारिका लोहरा व कुंदन तूरी (25) पिता स्व महेंद्र तूरी (दोनों ग्राम कूरा, लातेहार), विशाल लोहरा (20) पिता दिनेश लोहरा, (चंदनडीह, लातेहार), शुभम लोहरा (20) पिता अर्जुन लोहरा, (बुल्हू, चंदवा), प्रमोद लोहरा (24) पिता महेंद्र लोहरा (कुरियाम, बालुमाथ), विक्रांत सिंह (26) पिता रामवृक्ष सिंह (हेठलोटो, लातेहार), विनय गुप्ता (20) पिता स्व रामरतन प्रसाद (चटनाही लातेहार) शामिल है। फोरलेन सड़क निर्माण कार्य में लगी पीआरए इंडिया कंपनी के साइट पर अप्रिय घटना को अंजाम देने की थी योजना पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार ने बताया कि एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि कुख्यात राहुल सिंह एवं जेल में बंद बजरंगी उर्फ दीपक मेहता के कहने पर उक्त गुर्गे फोरलेन सड़क निर्माण कार्य में लगी पीआरए इंडिया प्राइवेट मिलिटेड कंपनी के अमझरिया स्थित कैंप में लेवी एवं लूटपाट की घटना को अंजाम देने को लेकर पन्ना टांड़ जंगल में एकत्र हुए हैं, सूचना के आलोक में एसडीपीओ के नेतृत्व में गठित टीम के द्वारा समय रहते अपराधियों को धर दबोचा गया, जिससे एक बड़ी घटना गठित होने से टल गई। पुलिस ने बताया कि पिछले नौ मई को बोरसीदाग स्थित पीआरए इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के द्वारा कराये जा रहे रोड निर्माण में लगे मजदूरों पर दोपहर के साढ़े तीन बजे गोलिया चलायी गयी थी, इसके अलावे लातेहार में एमजी कॉन्ट्रैक्टर्स प्राइवेट लिमिटेड की साईट पर लेवी के लिए गोलियां चलायी गयी थी।

### जमीन विवाद में मारपीट में 10 घायल, एक रिम्स रेफर



**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के राजगुरु ग्राम में जमीन विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई जिसमें 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शिवरथ साव एवं पोखराज साव दोनो गोतिया के बीच वर्षों से आपस में जमीन विवाद चल रहा है। सोमवार को खेत जोतने को लेकर दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए। और एक दूसरे पर लाठी डंडे से हमला कर दिया। जिसमें एक पक्ष से पोखराज साव, प्रमिला देवी, दुर्गा प्रसाद, चन्दन कुमार ग्राम राजगुरु थाना बरियातू एवं दुसरे पक्ष से शिवरथ साव, उपेंद्र साव, पुरुषोत्तम साव, विनय साव, फगुनी देवी, मुकेश साव सभी ग्राम राजगुरु थाना बारियातु निवासी के नाम शामिल है। घटना के बाद सभी घायलों को इलाज के लिए बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार किया गया। जिसमें गंभीर रूप से प्रमिला देवी को बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

### सुहागिनों ने अपने पति के लंबी आयु की कामना की



पुजा करती श्रद्धालु।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय कन्या मध्य विद्यालय परिसर, देवी मंडप बड़का बालूमाथ, टमटम टोला, दिवाकर नगर, सेरेगड़ा, बालू, बसिया, नागडा, झाबर समेत दर्जनों गांव में सुहागिनों ने बट वृक्ष की पूजा कर अपने पति की लंबी आयु की कामना की। बालूमाथ कन्या मध्य विद्यालय के समीप बट बृक्ष के नीचे पंडित कामेश्वर नाथ बैध द्वारा वैदिक मंत्रोचारण के साथ सुहागिनों को पूजा अर्चना कराया ।वही पंडित दीपक मिश्रा ,पंडित देवांश पांडे, पंडित अमरनाथ मिश्रा ने भी बट वृक्ष के नीचे पूजा अर्चना कराया। इस दौरान सभी बट वृक्ष के नीचे पुजारी द्वारा वटवृक्ष की कथा सुनाई। पूजा अर्चना के बाद सुहागिनों ने अपने-अपने पति को प्रसाद खिलाकर एवं आशीर्वाद लेकर लंबी आयु की कामना की। इस दौरान दर्जनों बट वृक्ष के नीचे सुहागिनों की काफी भीड़ उमड़ पड़ी।

### पुलिस ने दो स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस ने कई वर्षों से फरार चल रहे जेएलटी एवं टीएसपीसी उग्रवादी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने बताया कि टंडवा थाना कांड संख्या 37/2007 के स्थाई वारंटी आदित्य यादव उर्फ तूफान जी पिता धनी यादव ग्राम जीपुआ थाना बालूमाथ निवासी को गिरफ्तार कर चतरा जेल भेज दिया गया। वहीं उन्होंने आगे बताया की एक अन्य फरार चल रहे स्थाई वारंटी टीएसपीसी उग्रवादी अशेश्वर गंझु पिता गुड्डन गंझु ग्राम हेमपुर थाना बालूमाथ निवासी को बालूमाथ थाना कांड संख्या 124/22 के तहत गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेजा गया है। अशेश्वर गंझु 3 वर्षों से फरार चल रहा था। पकड़े गए दोनों उग्रवादी 17 सीलए एक्ट में नामजद अभियुक्त थे।

### सरना धर्म कोड चाहिए, राजधानी रांची में कांग्रेस का राजभवन घेराव



राजभवन घेराव में शामिल विधायक

**लातेहार।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर सोमवार को राजधानी रांची में सरना धर्म कोड की मान्यता की मांग को लेकर हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और नेता एकजुट हुए। इस आंदोलन की अगुवाई कर रहे मनिका के विधायक रामचंद्र सिंह ने साफ कहा कि ये सिर्फ प्रदर्शन नहीं है, बल्कि ये हमारे आदिवासी समाज की आस्था, अस्मिता और पहचान की लड़ाई है। सरना धर्म कोड अब सिर्फ मांग नहीं, बल्कि जनभावना बन चुकी है, जिसे नजरअंदाज करना अब संभव नहीं। हम इसके लिए पीछे हटने वाले नहीं हैं। कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को लेकर प्रतिबद्ध है और अंतिम सांस तक सरना धर्म कोड के लिए लड़ाई लड़ेगी। विधायक ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्षों से आदिवासियों की आस्था और धर्म को पहचान दिलाने की मांग हो रही है, लेकिन सत्ताधारी दलों ने केवल आश्वासन दिया है। अब वक़्त आ गया है कि सरना कोड के लिए जनगणना में सातवां कॉलम सुनिश्चित किया जाए। वहीं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनिल सिंह ने कहा कि सरना धर्म कोड की मांग नई नहीं है, लेकिन इसे लगातार अनदेखा किया गया। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा आदिवासी समाज के हितों के लिए आवाज उठाई है और हम सब हर मंच पर सरना कोड की मान्यता के लिए संघर्ष करते रहेंगे। हमें भरोसा है कि यह मांग जल्द ही पूरी होगी। कांग्रेस इसके लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी।

## सुहागिनों ने की वट सावित्री पूजा

**खबर मंत्र संवाददाता**

**लातेहार।** प्रखंड मुख्यालय के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में लोक आस्था का पर्व वट सावित्री पूजा सोमवार को हर्षो उल्लास के साथ संपन्न हुआ। सुहागिन महिलाएं सुबह से ही सज धज कर वट वृक्ष के नीचे बैठकर वट सावित्री पूजा धूमधाम से की। पति की लंबी आयु व स्वास्थ्य लाभ के लिए महिलाओं द्वारा किए जाने वाला पर्व वट सावित्री पूजा वट वृक्ष के नीचे गुड़, भीगे हुए चना, कशैली, कुमकुम, मौली धागा एवं पांच प्रकार के फल, पान के पत्ता, धूप, घी लेकर वृक्ष के नीचे पुरोहित के मंत्र उच्चारण के साथ सुहागिनों ने विधि पूर्वक बरगद की पूजा की।





वट वृक्ष की पुजा करती श्रद्धालु।

वही सुहागन महिलाओं ने पेड़ को बाँस के बने पंखा से हवा दिया और वट वृक्ष के चारों ओर धागा लपेटकर परिक्रमा कर सौभाग्य की मंगल कामना की। वही लातेहार एवं ग्रामीण इलाकों में मौजूद कई वट वृक्ष के पास इस दौरान महिलाओं की काफी भीड़ रही। सुबह धूप कम रहने की वजह से महिलाओं के ज्यादा भीड़ नजर आई। महिलाएं वट वृक्ष की पूजा के बाद मंदिरों के दर्शन भी करती दिखाई दिये। बता दे कि शास्त्रों में वर्णित सावित्री सत्यवान की कथा इस लोक पर्व का आधार माना जाता है जिसमें अपने पति के प्राणों की रक्षा के लिए सावित्री ने यम के नियम को भी बदलने को मजबूर कर दिया था। मान्यता है कि वटवृक्ष की पूजा करने से पति की आयु लंबी होती है।

### भाटचतरा के मजदूर को रांची मे करंट से मौत, शव घर पहुंचते छाया मातम



विलाप करते परिजन।

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत सिबला पंचायत के भाटचतरा निवासी सीताराम यादव उम्र लगभग 32 वर्ष पिता का नाम खगेश यादव को रांची मे विजली करंट से मौत हो गई। घटना के संबंध मे मिली जानकारी के मुताबिक सीताराम यादव रांची स्थित अपर बाजार नारायण होलसेल कपड़ा दुकान मे काम करता था। रविवार को साप्ताहिक छुटी के दिन वह मोराबादी मे मजदूरी का काम करने चला गया। पानी भरे गड्ढा मे विद्युत करंट आ रहा था। पानी मे स्पर्श होते ही विजली करंट अपने चपेट मे ले लिया। जहाँ गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था मे इलाज के लिए रामप्यारी हॉस्पिटल मे ले गए। नाजुक स्थिती को देखते हुए चिकित्सको ने रिम्स रेफर कर दिया। रिम्स पहुंचते ही दम तोड़ दिया। लातेहार स्थानीय विधायक प्रकाश राम के सहयोग से शव को पोस्टमार्टम करवा कर भाटचतरा गांव भेजा गया। शव घर पहुँचते ही पिता खगेश यादव माता बुधनी देवी पत्नी सुषमा देवी 7 वार्षिय पुत्र आयुष कुमार पुत्री अंशि कुमारी का रो-रोकर बूरा हाल हो गया है। आसपास मे गमगीन माहौल हो गया है। घर का बड़ा पुत्र मात्र एक कमाऊ सदस्य था। उनके मौत से परिजनों को पहाड़ सा टुटा हुआ है।

# चंदवा के तुपी में बज्रपात में 5 बच्चे बच्चियां झुलसी, एक बच्ची की मौत

**खबर मंत्र संवाददाता**

➲ प्राथमिक उपचार के बाद 2 बच्चों को किया गया रिम्स रेफर

➲ थाना क्षेत्र अंतर्गत महुआ मिलान गांव के तूपी टोले की घटना

**चंदवा।** प्रखंड के जमीरा पंचायत अंतर्गत महुआ मिलान गांव के तूपी टोले में सोमवार दोपहर बाद हल्की बारिश के बीच हुए बज्रपात में 2 बच्चे एवं 3 बच्चियां कुल पांच लोग चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस गए। बज्रपात के चपेट में रेशमी कुमारी (16 वर्ष) पिता स्व. अग्नू गंझू की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घायलों में करण लोहरा पिता मुनेश्वर लोहरा, अमर लोहरा पिता बबलू लोहरा (दोनों चचेरे भाई) एवं विनोद भुइयां की पुत्री सुचिता कुमारी 10 वर्ष, आरती कुमारी 12 वर्ष (चारों तूपी चंदवा) शामिल हैं। इधर घटना के बाद स्थानीय लोगो की मदद से चारों घायलों को एम्बुलेंस एवं निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा के लिए निकले, लेकिन चंदवा के टोरी स्थित रेलवे समपार फाटक पर एम्बुलेंस करीब 20 मिनट तक फंसा रहा, इस दौरान दो घायल एम्बुलेंस में ही तड़पते रहे। फाटक खुलने के बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, यहां डॉ. नीलिमा कुमारी व डॉ. कंचन बाड़ा की देखरेख में सभी का प्राथमिक उपचार किया गया। प्राथमिक उपचार के बाद करण लोहरा एवं अमर लोहरा को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया।

**आम चुनने गए थे सभी बच्चे , इसी दौरान गिरी बिजली**



मिली जानकारी के अनुसार मृतका समेत चारों बच्चे बच्चियां घर के समीप ही आम चुनने के लिए गयी थी, इसी दौरान हल्की हवा चलने के बाद अचानक से बारिश शुरू हो गयी, सभी बच्चियां पानी से बचने व आम चुनने के ख्याल से आम के पेड़ के नीचे खड़ी हो गयी, इसी दौरान आसमानी बिजली पेड़ पर गिरी, जिसके चपेट में आ गयी। इधर घटना की सूचना के बाद झामुमो नेता सितमोहन मुंडा, भाजपा नेता विजय दुबे चंदवा अस्पताल पहुंचे एवं घायलों की स्थिति की जानकारी ली। घटना के बाद बच्चों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतका रेशमी कुमारी (जस्टिस एलपीएन शाहदेव उत्क्रमित उच्च विद्यालय रोल) में 9 वीं कक्षा की छात्रा थी। खबर लिखे जाने तक मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल लाने का प्रयास किया जा रहा था।

# गोड्डा : ग्राम प्रधान की हत्या का खुलासा करते हुए सात आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** बोआरी जोर थाना क्षेत्र में बीते सोमवार को एक व्यक्ति की गला दबाकर हत्या करने की सूचना प्राप्त हुई। मृतक की पहचान मिर्जा चौकी ग्राम फूलों लक्ष्मी के ग्राम प्रधान तालु मुर्मू के रूप में की गई है। मृतक की पत्नी के लिखित आवेदन के आधार पर बोआरी जोर थाना में सुसंगत धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज करते हुए और मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक गोड्डा अनिमेष नैथानी ने एक एस आई टी टीम का गठन किया जिसके नेतृत्व का जिम्मा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी महगामा चंद्रशेखर आजाद को दी गई। पुलिस अधीक्षक गोड्डा ने इस केस में अपनी तकनीकी शाखा गोड्डा का इस्तेमाल करते हुए दिशा निर्देश देते रहे। गठित टीम द्वारा की गई। जांच के साथ संपर्क सूत्र और मानवीयता को आधार बनाया गया। शक संदेह और तकनीकी शाखा द्वारा जुटाए गए प्रमाण के आधार पर जांच टीम हत्या के 7 आरोपियों तक पहुंची और उन्हें गिरफ्तार कर सलाखों के अंदर पहुंचाने में सफल रही। पुलिस अधीक्षक गोड्डा ने अपनी जांच टीम की सफलता पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा हमारी टीम की सफलता आपसी तालमेल सहयोग और कड़ी मेहनत का परिणाम है। ये हत्या का मामला जमीन को लेकर की गई थी जो सुपारी लेकर की गई थी। हिरासत में लिए गए सातों आरोपियों ने इस कांड में अपनी संलिप्तता को स्वीकार करते हुए मृतक का लावा कंपनी का की पैड मोबाइल भी बरामद कराया। अलग अलग कंपनी के सात स्मार्ट मोबाइल जब्त किए गए। एक बाइक भी जब्त कर लिया गया है।

हिरासत में लिए गए मो मोबिन अंसारी, मो असलम , मो अल्ताफ, पिंटू राय, अरविंद कुमार, सुभाष ठाकुर, लखन मरांडी को पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जांच टीम में बोआरी जोर थाना, ठाकुर गंगटी थाना, मेहरमा थाना, हवारा थाना, बलबड्डा थाना महगामा थाना के साथ तकनीकी शाखा की सहायता ली गई।

# रामकिंकर पांडे को गिरफ्तार करे पुलिस : कांग्रेस

बेरमो के दिवंगत नेताओं के विरुद्ध किया आपत्तिजनक पोस्ट



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** सुशासन दल के पूर्व अध्यक्ष, भाजपा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष सह झब्बू सिंह कॉलेज के समीप डबल स्टोरी निवासी रामकिंकर पांडेय के द्वारा बेरमों के दिग्गज दिवंगत नेताओं के विरुद्ध फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट करने पर बेरमो के कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता भड़क उठे। रामकिंकर पडिय के पोस्ट की जानकारी पाकर बेरमी के कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता बेरमो थाना पहुंचकर पांडेय की गिरफ्तारी करने की मांग करते हुए जमकर नारेबाजी किया। देखते ही देखते फेसबुक पोस्ट की चर्चा पूरे बेरमो में आग की तरह फैल गयी। साथ ही कांग्रेस के बेरमो प्रखंड अध्यक्ष छेदी नोनिया ने बेरमो थाना में लिखित आवेदन सहित फेसबूक के पोस्ट की छाया प्रति देते हुए रामकिंकर पांडेय पर कार्रवाई करने का मांग किया। इस मामले की जानकारी पाकर विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में लोग पहुंचे थे। बेरमो प्रखंड अध्यक्ष छेदी नोनिया द्वारा बेरमो थाना में दिये गये लिखित आवेदन में कहा गया कि हम सभी बेरमो प्रखंड के कार्यकर्ताओं के महान नेता व मजदूरों के मसीहा और एकीकृत बिहार से लेकर सरकार के मंत्री रह चुके स्व राजेंद्र प्रसाद सिंह को पर्दे के पीछे से लक्ष्य कर रामकिंकर पांडेय द्वारा बेहद आपत्तिजनक पोस्ट अपने फेसबुक ब्लाग पर पोस्ट किया है। जिसमें स्व राजेंद्र प्रसाद सिंह के बारे में लिखा है कि वो विदिश्वरी दुबे का धोती धोकर और स्व कृष्ण मुरारी पांडेय के सहयोग से दिल्ली सवाब पहुंचाकर बड़ा नेता बने थे। स्व बिंदेश्वरी दुबे एकीकृत बिहार के मुख्यमंत्री रह चुके है। स्व बिंदेश्वरी दुबे ने अपने राजनीतिक उत्तराधिकारी के रूप में करगली फुटबॉल ग्राउंड के खुले मंच से स्व राजेंद्र सिंह के नाम की घोषणा की थी। जबकि तत्कालीन कांग्रेस के जिलाध्यक्ष स्व कृष्ण मुरारी पांडेय, स्व राजेंद्र प्रसाद प्रसाद सिंह के बड़े भाई के समान थे। रामकिंकर पांडेय ने स्व राजेंद्र प्रसाद सिंह के चरित्र पर कीचड़ उछालने का काम किया है। साथ ही स्व कृष्ण मुरारी पांडेय और जन जन के नेता रह चुके स्व बिंदेश्वरी दुबे को अपमानित करने का दुस्साहस किया है। इसलिए मामले की गंभीरता को देखते हुए प्राथमिकी दर्ज कर रामकिंकर पहिय पर कार्रवाई किया जाय।

## एक नजर में

### बेरमो : जारंगडीह 16 नंबर में सुहागिनों ने की वट सावित्री की पूजा



बेरमो। बेरमो कोयलांचल में सोमवार को हर तरफ वट सावित्री पूजा की धुम देखने को मिली। अहले सुबह से ही विवाहित महिलाएं सज सवर तथा सोलह सिंगार कर अपने पास के वट वृक्ष के निकट जमा होना शुरू हो गई थी। इसमें विवाहित महिलाएं अपने पतियों की लंबी उम्र और भलाई के लिए बरगद के पेड़ (वट वृक्ष) की पूजा करती हैं। बता दें कि सनातन धर्म में वट सावित्री व्रत को विशेष महत्वपूर्ण माना गया है। इस शुभ अवसर पर सुहागिन महिलाएं बरगद के पेड़ की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना करने के साथ ही निर्जला व्रत किया करती है। इसी क्रम में जारंगडीह 16 नंबर कॉलोनी मे स्थित वट वृक्ष के समीप भी स्थानीय महिलाओं द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। इस पूजा को सम्पन्न करवाने का भार स्थानीय पंडित द्वारा उठाया गया। मौके पर पूजा देवी, मुनिया देवी, जूली देवी, पार्वती देवी, शोभा देवी आदि ने बताई की यह पर्व वे लोग प्रति वर्ष नियमित मनाती आ रही है और हमे इसका सुखद फल भी प्राप्त हो रहा है।

### बेरमो : विकास कार्यों की अनदेखी के विरोध में मुखिया ने किया भूख हड़ताल



बेरमो। डुमरी अनुमंडल कार्यालय के सामने इसरी बाजार उत्तरी पंचायत की मुखिया रीना कुमारी ने पंचायत में विकास कार्यों की अनदेखी के विरोध में कर रही है भूख हड़ताल। इस दौरान पंचायत के लोगों सहित अलग-अलग जन प्रतिनिधियों का भी समर्थन उन्हें मिला है। जिसमें उनकी मुख्य मांगें है इसरी बाजार नदी के दोनों किनारे पर नाला एवं स्लैब का निर्माण, पारसनाथ रेलवे स्टेशन से इसरी बाजार चौक तक कालीकरण सडक निर्माण सहित नाली निर्माण, इसरी बाजार में पुलिस चौकी विकेट का निर्माण, शिवाजी नगर में तालाब का सौंदरीकरण। पंचायत में चल रहे जर्जर और किराए के मकान में आंगनबाड़ी केद्रो के नऐ भवन निर्माण करवाना। वहीं रीना कुमारी अपने समर्थकों के साथ भूख हड़ताल पर बैठी हुई है। इस दौरान उनका कहना है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होगी वह भूख हड़ताल पर बैठी रहेगी।

### गोड्डा : बारिश ने गर्मी से लोगों को दी राहत

गोड्डा/महागामा। इन दिनों चिलचिलाती धूप की आंख मिचौली और उमस भरी गर्मी से बेहाल लोगों को शाम की झमाझमाती बारिश ने राहत दी है। रविवार की संध्या महागामा एवं इसके आसपास के क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ करीब आधे घंटे की हुई बारिश ने ना केवल तपिश को कम किया, बल्कि मौसम को भी खुशनुमा बना दिया। गर्मी से जूझ रहे लोगों के चेहरों पर शाम होते-होते मुस्कान लौट आई। अचानक बदले मौसम ने वातावरण में ठंडक घोल दी, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। यह मौसम खासतौर पर वट सावित्री व्रत करने वाली सुहागिन महिलाओं के लिए किसी वरदान से कम नहीं। यह व्रत निर्जला रखा जाता है, ऐसे में तपती गर्मी के बीच यह सुहावना मौसम व्रतियों को अतिरिक्त ऊर्जा और सुकून देने की उम्मीद है। गौरतलब है कि इन दिन में कभी तेज धूप तो कभी बादलों का घेरा और शाम को बारिश का यह सिलसिला लोगों के लिए असमंजस की स्थिति बनी हुई है। वहीं मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी ऐसे ही बादल के छाए रहने और बारिश होने के आसार बने हुए हैं।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन




बेरमो। जरीडीह बाजार स्थित अवध बिहारी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में अहिल्याबाई होल्कर जयन्ती, मातृ सम्मेलन ऑपरेशन सिंदूर एवं संस्कृति सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य ओम प्रकाश सिंह सचिव समाजसेवी अनिल अग्रवाल प्रधानाचार्य रमेश कुमार उपाध्याय अनपति देवी विद्यालय के सचिव संकुल प्रमुख एवं प्रांतीय सदस्य अमित सिंह कस्तूरबा के सचिव धीरज पाण्डे तुपकाडीह के प्रधानाचार्य मंटू गिरि अनपति देवी विद्यालय के प्रधानाचारी पंकज कुमार मिश्रा पूर्व छात्र निरल कुमार माता तारा देवी इत्यादि ने दीपार्चन एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। प्रधानाचार्य ने अतिथियों का परिचय कराते हुए अहिल्याबाई होल्कर के जीवनी के बारे में बताया, कार्यक्रम प्रमुख रुबिना ने माता का बच्चों के जीवन में बड़ा महत्व होता है इस विषय में सबको अवगत अवगत कराया। मुख्य अतिथि ओम प्रकाश सिंह ने भी आपरेशन सिंदूर की विजय के बारे एवं भारत को डराने वाला आतंकवादी हार गया और मारा गया। सचिव अनिल अग्रवाल ने भी माताओं के सम्मान में कहा कि बच्चों को महान बनाती है एवं आए हुए अतिथियों के द्वारा संस्कृति सम्मान समारोह में जो भाग लिए थे सबको प्रशस्त्री पत्र वितरण किया गया मुख्य अतिथि को सचिव महोदय ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य सुरेश लाल श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस भव्य कार्यक्रम में सैकड़ो माता-पिता एवं अभिभावक सम्मिलित हुए इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी आचार्य बंधु भगिनी सुभाष चंद्र झा महेंद्र मंडल शकुंतला रीता का जी पिंकी देवी सुमित श्रीवास्तव अमित कुमार अमन कुमार खुशबू श्वेता काजल शिवानी राजू कुमार उमंग कुमार सहित अन्य लोगों का योगदान रहा।

### डीवीसी चंद्रपुरा प्रबंधन ने प्लांट के अंदर चलाया गया स्वच्छता अभियान



बोकारो/चंद्रपुरा। दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र के प्रबंधन द्वारा सोमवार को स्वच्छता पखवाड़ा के तहत प्लांट के भीतर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान विजया नन्द शर्मा वरिष्ठ महाप्रबंधक मानव संसाधन डॉ डीसी पांडेय सहित डीवीसी के कई अधिकारियों और कर्मचारियों ने यहां के अग्निशमन विभाग के पास रेलवे ट्रैक के किनारे सफाई किया। इस अवसर पर वरिष्ठ महाप्रबंधक शर्मा ने कहा कि लोगों को स्वच्छता व सफाई के लिए अपनी आदत में सुधार लाने की जरूरत है। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रबंधक कंचन स्मिता टोप्पो अजय सतीश टोप्पो राजकुमार चौधरी अनुतोष एक्का अक्षय केसी गुड़िया अवधेस शर्मा शामिल थे।

### नागरिक विमानन प्रभारी से मिले पूर्व विधायक बिरंची



बोकारो। बोकारो हवाई अड्डे को लेकर जिले में बढ़े राजनीतिक तापमान के बीच पूर्व विधायक बिरंची नारायण ने झारखण्ड राज्य नागरिक विमानन के प्रभारी कैप्टन सुरेन्द्र सिन्हा से मुलाकात की। पूर्व विधायक ने कप्तान सिन्हा से मांग करते हुए कहा कि बोकारो हवाई अड्डे के निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। यहां केवल राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले कार्यों जैसे पर्यावरण विभाग एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण पत्र एक अन्य दमकल की गाड़ी एक सुव्यवस्थित एम्बुलेंस सतनपुर पहाड़ी पर टॉवर लाइट आदि अभी भी बाकी हैं-जिस कारण इस हवाई अड्डे से हवाई परिचालन शुरू नहीं हो पा रहा है। बिरंची नारायण ने कहा कि केवल राज्य सरकार के द्वारा किये जाने वाले छोटे-छोटे कामों के अब तक नहीं होने से बोकारो हवाई अड्डे से हवाई परिचालन शुरू नहीं हो पा रहा है। उन्होंने बताया कि सभी बचे हुए कार्यों को जल्द पूरा कराने का आग्रह उन्होंने कैप्टन सुरेन्द्र सिन्हा से किया है जिसपर कैप्टन ने भी इसे जल्द शुरू कराने की बात कही है। पूर्व विधायक ने कहा कि बोकारो हवाई मार्ग से जुड़े ये पूरे बोकारोवासियों की जनाकांक्षा है और इसे पूरा करने के लिए वो कृतसंकल्पित हैं। मैंने इसके लिए पूर्व में भी संघर्ष किया है और इस संघर्ष में विराम तब तक नहीं होगा जब तक हवाई परिचालन शरू नहीं हो जाता है।

### भाजपा ने चास में अहिल्या बाई की 300वीं जयंती पर संगोष्ठी का किया आयोजन

बोकारो। बोकारो भाजपा की ओर से चास स्थित मगध बैंकेट हॉल में रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर आयोजित संगोष्ठी में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद गिरिडीह के पूर्व सांसद रविंद्र पाण्डेय भाजपा जिलाध्यक्ष जयदेव राय जिला महामंत्री सह कार्यक्रम संयोजक संजय त्यागी भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश मंत्री अर्चना सिंह भाजपा जिला उपाध्यक्ष धीरज झा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष गिरिजा देवी अनिल स्वर्णकार कृष्ण कुमार मुन्ना लक्ष्मण नायक व डॉ रतन केजरीवाल ने रानी अहिल्याबाई होल्कर की तस्वीर पर श्रद्धा-सुमन अर्पित और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने कहा कि ग्रामीण पृष्ठभूमि वाले सामान्य परिवार की बालिका से एक असाधारण शासनकर्ता तक की उनकी जीवनयात्रा आज भी प्रेरणा का महान स्रोत है। वे कर्तव्य सादगी धर्म के प्रति समर्पण प्रशासनिक कुशलता दूरदृष्टि एवं उज्ज्वल चरित्र के अद्वितीय आदर्श की मिसाल थीं। उनका मानना था कि जनता की सेवा केवल आदेशों से नहीं बल्कि धरातल पर काम करके की जाती है।

## स्पीड न्यूज

### आदिवासी महिला से दुष्कर्म मामले में एक गिरफ्तार



महगामा। प्रखंड अंतर्गत ललमटिया थाना क्षेत्र में एक आदिवासी महिला के साथ दो युवकों द्वारा दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। वहीं घटना बीते 24 मई के शाम की बताई जा रही है। वहीं इस मामले में पीड़िता के सहयोगी के मुताबिक महागामा से ललमटिया होते हुए करमाटांड़ की ओर पीड़िता के साथ पैदल जा रहा था। इस दौरान एक पुलिया के पास दो युवकों ने पीड़िता के साथ सहयोगी को धमकाकर भगा दिया और महिला के साथ जबरन दुष्कर्म किया। पीड़िता ने अगले दिन 25 मई को अपने परिजनों के साथ ललमटिया थाने में शिकायत दर्ज कराई। घटना के बाद ग्रामीणों की मदद से एक आरोपी को पकड़ा गया, जबकि दूसरा आरोपी मौके से फरार हो गया। वहीं महागामा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंद्रशेखर आजाद ने बताया कि उक्त मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस जल्द ही पूरे मामले का खुलासा करेगी।

### मुंशी अपहरण कांड के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

गोमिया। मुंशी सजीव झा के अपहरण मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। इस मामले में अप्राथमिकी अभियुक्त महावीर सोरेन को 25 मई को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। महावीर सोरेन उम्र 40 वर्ष, पिता गोकुल सोरेन, चुरचू, पोस्ट बेडम, थाना टाटीझरिया, जिला हजारीबाग का रहने वाला है। इसमें चतरोचट्टी थाना प्रभारी दीपक कुमार और टाटीझरिया थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी के नेतृत्व में छापामारी की गई। थाना प्रभारी राणा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर महावीर को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में पुलिस ने लगातार छापामारी किया और कई अपराधियो को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। इसके साथ ही इस मामले में शेष बचे अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। गौरतलब है कि बीते एक जनवरी को घटित किया गया था। जिसमें कोनी नदी (नरकंडी)पर बन रहे पुल में कार्यरत मुंशी संजीव झा को फिरौती मांगने के उद्देश्य से अपहरण कर लिया गया था। छापेमारी दल में चतरोचट्टी थाना के अनुप रंजन बखला सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

### मंईयां योजना की राशि खाते से उड़ाने वाले गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

दुमका। मंईयां सम्मान योजना की राशि महिलाओं के खाते से उठाने वाले साईबर ठग गिरोह के एक साइबर अपराधी को पुलिस गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेजने में सफल रही। गिरफ्तार आरोपी गोड्डा जिला के ठाकुरगंगटी थाना क्षेत्र के चजोरा गांव निवासी बिपिन कुमार यादव है। जानकारी के अनुसार फरवरी माह में साईबर ठगी गिरोह के कुछ सदस्य मसानजोर थाना क्षेत्र के बसमत्ता गांव पहुंचते थे। जहां महिलाओं को मच्छरदानी देने के लिए महिलाओं का आधार कार्ड एवं अन्य कागजात लेकर महिलाओं के खाते से मंईयां योजना की राशि को उड़ा लिया। मामले को लेकर पीड़ित महिलाओं ने विधायक बसंत सोरेन से इसकी शिकायत की। मामले में विधायक ने बीडीओ को जांच कर कार्रवाई का आदेश दिया था। मसानजोर थाना पुलिस मामला दर्ज करते हुए जांच में जुट गई थी। इंस्पेक्टर लोरिसिंया केरकेटा के नेतृत्व में छापेमारी कर साईबर ठग को गिरफ्तार करने में सफल रही। मामले में थाना प्रभारी अवधेष कुमार ने मच्छरदानी देने को लेकर अपराधियों ने महिलाओं से आधार कार्ड समेत अन्य कागजात लिया था। पहले महिलाओं के खाते से छोटी-मोटी राशि गायब हुआ करता था। बाद में महिलाओं को ठगी का शिकार होने का ऐहसास हुआ।

## बोकारो : 28 मई को होगा 'सारथी नेटवर्क' का भव्य शुभारंभ, सीएम हेमंत सोरेन का संदेश

# न्यायसंगत विकास की ओर सामूहिक प्रयास

सारथी-नेटवर्क का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि झारखंड की विकास यात्रा में वे समुदाय भी प्रमुख भूमिका निभाएं जो अब तक हाशिए पर रहे हैं



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो/कसमार।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सारथी झारखंड जस्ट ट्रांजिशन नेटवर्क को संदेश देते हुए औद्योगिक परिवर्तन और खास कर जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निबटने के लिए आदिवासियत की संस्कृति को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संक्रमण के इस दौर में विकास के ऐसे मॉडल के निर्माण की जरूरत है जो न केवल औद्योगिक परिवर्तन की चुनौतियों को कम करे बल्कि झारखंड के लोगों को एक मजबूत, न्यायसंगत और सतत भविष्य के निर्माण की दिशा दे। यह मॉडल सतत आजीविका, सामुदायिक संसाधनों के बेहतर प्रबंधन और भावी पीढ़ी में जल, जंगल और जमीन के प्रति जुड़ाव की परंपरा को विकसित करने से ही संभव हो सकता है। मुख्यमंत्री ने-सारथी झारखंड जस्ट ट्रांजिशन नेटवर्क की पहल के मौके पर भेजे लिखित संदेश में ये बातें कही। यह संदेश राज्य सरकार और नागरिक समाज के बीच सहयोग की भावना को और मजबूत करता है और यह दशार्ता है कि झारखंड सरकार जस्ट ट्रांजिशन की अवधारणा को मूर्त रूप देने में गंभीरता से जुड़ी है। इस संबंध में सारथी नेटवर्क के सहभागी संस्था सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर तथा दामोदर बचाओ अभियान के गुलाब चंद्र ने बताया कि राजधानी रांची में 28 मई को एक ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनने जा रहा है, जब राज्य की 30 से अधिक सामाजिक संस्थाओं के साझा प्रयास से गठित 'सारथी झारखंड जस्ट ट्रांज़िशन नेटवर्क' का औपचारिक शुभारंभ किया जाएगा। इस विशेष अवसर पर राज्य सरकार सामाजिक संगठनों शोध संस्थाओं, पर्यावरण कार्यकर्ताओं और स्थानीय प्रतिनिधियों की उपस्थिति में यह मंच राज्य के लिए न्यायपूर्ण समावेशी और सतत विकास के एक नए युग की शुरूआत करेगा। सारथी-नेटवर्क का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि झारखंड की विकास यात्रा में वे समुदाय भी प्रमुख भूमिका निभाएं जो अब तक हाशिए पर रहे हैं-विशेषकर वन खनन और पारंपरिक आजीविका पर निर्भर समुदाय। गिरीडीह ज़िले से वनवासी विकास आश्रम और अविव्यक्ति संस्था इस नेटवर्क की अगुआई करेंगी। यह एक ऐसा मंच है जो सरकार नागरिक समाज और समुदायों के बीच सेतु का कार्य करेगा। यह नेटवर्क झारखंड सरकार की विकासशील और जनकेंद्रित दृष्टि के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने को प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार की योजनाओं और नीतियों को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने में यह नेटवर्क सहायक भूमिका निभाएगा। उन्होंने बताया कि आगामी वर्षों में सारथी नेटवर्क के माध्यम से पूरे राज्य में संवाद प्रशिक्षण जन-जागरूकता और नीति समन्वय की गतिविधियां आयोजित की जाएंगी जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि झारखंड के प्रत्येक नागरिक को विकास की मुख्यधारा में समान अवसर प्राप्त हों।

# अंजली यादव बनी गोड्डा जिले की दूसरी महिला उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**



गोड्डा डीसी, अंजली यादव

**गोड्डा।** अंजली यादव गोड्डा की नई उपयुक्त बनाई गई है। वह जिले में दूसरी महिला उपायुक्त के रूप में योगदान करेंगी। कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग द्वारा जारी आदेश में अंजली यादव को गोड्डा का नया उपायुक्त बनाया गया है। इसके पूर्व अंजली यादव, निदेशक पर्यटन विभाग, झारखंड के अलावे परीक्षा नियंत्रक, झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद, रांची के अतिरिक्त प्रभार में भी थी। झारखंड राज्य गठन के बाद अंजली यादव गोड्डा की 26वीं उपायुक्त के रूप में पदभार ग्रहण करेंगी। वहीं स्थानांतरण से पूर्व वे चतरा जिले की उपायुक्त थीं, जहां वे तीसरी महिला उपायुक्त के रूप में प्रशंसनीय योगदान दे चुकी हैं। अंजली यादव डीडीसी के पद पर कार्यरत रह चुकी हैं। उनके प्रशासनिक अनुभव और जिले से पूर्व में जुड़े रहने के चलते यह नियुक्ति अहम मानी जा रही है। वहीं स्थानीय प्रशासन और आम जनता को उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में जिले के विकास कार्यों में तेजी आएगी। अंजली यादव की कार्यशैली को पहले भी सराहा गया है और अब एक बार फिर वह गोड्डा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रही हैं। अंजलि यादव 2015 बैच की आइईएस हैं, ये मूल रूप से नागालैंड कैडर में थी, लेकिन भोर सिंह यादव से विवाह के बाद इनका कैडर झारखंड हो गया है। इससे पूर्व अंजलि यादव को 2014 में आईपीएस कैडर मिला था। इससे पहले वे रांची में एसडीओ के पद पर रह चुकी हैं।

# दुमका : महिला की हत्या के बाद बंद घर को चोरों ने बनाया निशाना, जेवरात समेत नगदी चुरा ले गये

हत्या के बाद महिला का दाह संस्कार को लेकर स्थायी निवास देवघर ले गए थे परिजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** महिला की मौत के बाद नगर थाना क्षेत्र के क्षेत्रीय बिरसा कृषि अनुसंधान केन्द्र के पीछे केवटपाड़ा मुहल्ले में बंद घर के ताला तोड़कर चोरों ने लाखों के जेवरात व नगदी रुपए को उड़ा ले गए। चोरी की यह घटना 14 से 25 मई के बीच बतायी जा रही है। जानकारी के अनुसार महिला की हत्या 14 मई की शाम में क्षेत्रीय बिरसा कृषि अनुसंधान केन्द्र के पीछे केवटपाड़ा मुहल्ले में रहने वाली महिला विमला देवी के सिर को धड़ से पड़ोस के एक युवक ने तलवार से हमला कर अलग कर दिया था। बीच-बचाव में महिला के पति मनोज कुमार सिंह भी जख्मी हो गए थे। उनका भी इलाज रांची में चल रहा है। घर के सभी लोग 15 मई को महिला के शव को लेकर स्थायी निवास स्थल देवघर जिला के सारवां चले गए थे। घटना के बाद से घर में ताला लगा हुआ था। 25 मई को अंतिम श्राद्ध कर्म का कार्यक्रम पूरा हुआ और 26 मई को दोपहर में बेटी व अन्य कई रिश्तेदार घर केवटपाड़ा पहुंचे। घर पहुंचने के साथ ही देखा कि मुख्य दरवाजे का ताला टूटा पाया। घर के अंदर गोदरेज का ताला टूटा है और उसमें रखे ढाई लाख रुपए के जेवरात, 50 हजार रुपया नगद सहित अन्य कई कीमती सामानों की चोरी हो चुकी थी। चोरों ने घर के दोनों कमरे के ताला तोड़कर गोदरेज, ट्रंक आदि सामानों को बिखेर दिया था। घर से जेवरात सहित नगदी रुपए की चोरी होने के बाद बेटी व परिजन स्तब्ध है। परिजनों ने इसकी सूचना नगर थाना की पुलिस को दिया। नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस का मानना है कि घर सुनसान होने की वजह से अपराधियों ने इसका फायदा उठाया और चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। चोर चाहरदिवारी फांदकर आंगन में घुसे और मुख्य दरवाजे के ताला तोड़कर दोनों कमरे के ताला तोड़ा। कमरे के अंदर गोदरेज में रखे जेवरात सहित नगदी रुपए उड़ा लिया गया।

पुलिस घर एवं आस-पास इलाकों में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालने में जुटी हुई है। बता दें कि 14 मई की शाम में सड़क पर गंदा पानी बहाने के विरोध में एक पड़ोस की महिला के साथ विवाद हो गया था। इसी बीच पड़ोस के एक युवक आवेश में आकर घर से तलवार निकालकर विमला देवी के सिर को धड़ से अलग कर दिया था। इस घटना के बाद से आसपास के लोगों का भी आना-जाना उक्त गली में कम हो गया था। सुनसान रहने की वजह से चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दे दिया।

# कांग्रेस का आदिवासियों के लिए सरना धर्म कोड की मांग एक छलावा: झारखंड क्रांति सेना

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**दुमका।** सरना धर्म कोड के लिए कांग्रेस का एक दिवसीय धरन प्रदर्शन को विभिन्न आदिवासी संगठन छलावा बताया है। इस विषय में झारखंड क्रांति सेना के महासचिव निखिल मुर्मू ने कहा कि कांग्रेस का दिखावटी आंदोलन है। आदिवासियों को छलने और उनके वोटो के बीच सेंधमारी करने का एक प्रयास है। चूंकि यही कांग्रेस पार्टी 1871-72 में ब्रिटिश काल से चली आ रही जनगणना में आदिवासियों को मिले अलग धार्मिक कॉलम पंडित नेहरू के प्रधानमंत्रित्व काल 1961 में एक सोची समझी साजिश के तहत हटाने का काम किया। यह एक प्रकार से आदिवासियों को उनके धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान के साथ बेदखल करना था। एक तरफ कांग्रेस पार्टी सरना धर्म कोड की मांग कर रही है, तो वहीं दूसरी तरफ उनके गठबंधन के दल झामुमो सरना आदिवासी धर्म कोड विधेयक को बिना राज्यपाल के अनुमोदन के केंद्र को भेज दिया। इससे यह साफ प्रतीत होता है कि दोनों के बीच इस विषय पर कोई समन्वय या सहमति नहीं है। यही कांग्रेस पार्टी ने आदिवासियों के लिए अलग झारखंड राज्य मांग का कभी समर्थन नहीं किया था। कई बार आंदोलन को कुचलने का काम कांग्रेस पार्टी ने ही किया था। अलग राज्य आंदोलन में हजारों आदिवासी शहीद हो गए लेकिन कांग्रेस ने इसकी सुध कभी नहीं ली। अपने शासनकाल के दौरान आदिवासियों के सबसे बड़ी और ज्यादा बोले जाने वाली संथाली भाषा को कभी तक मान्यता नहीं दी। उसे आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं किया, तो आखिर आज किस हैसियत से कांग्रेस पार्टी आदिवासी हितैषी दिखाने का कोशिश कर रही है। आज विपक्ष में रहते हुए कांग्रेस आदिवासियों को ठगने के लिए राजनीतिक कर रही है। केंद्रीय अध्यक्ष अमर मरांडी कहा कि कांग्रेस के ही पूर्व के आदिवासी मामलों के मंत्री किशोर चंद्र देव ने आदिवासियों के लिए अलग धर्म कोड को अव्यवहारिक बताते हुए ठुकरा दिया था।

# बेरमो : सुहागिनों ने की वट-सावित्री पूजा, पति की लंबी उम्र की कामना



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**फुसरो।** फुसरो नप क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में सोमवार को पति के लंबी आयु एवं संकट मुक्त रहने के संकल्प के साथ सुहागिन महिलाओ ने उपवास द्यारण कर वट सावित्री की पूजा-अर्चना की। पूजा-अर्चना के दौरान महिलाओ ने बरगद पेड़ में रक्षा सूत्र बांधकर अपने पति की लंबी आयु व संकट मुक्त रहने की कामना किया। वही महिलाओ ने पंड़ितो से सती सावित्री व सत्यवान की कथा सुनी। यहॉ पंडित बिनोद पांडेय, शंकर पांडेय व प्रवीण कुमार पांडेय ने कथा में कहा कि सती सावित्री ने वट वृक्ष की पूजा अर्चना कर अपने मृत पति सत्यवान के प्राण यमराज से वापस ले आई थी। साथ ही अपने सास ससुर का खोया राज्य वापस दिलायी थी। उस दिन से सुहागिन महिलाए अपने पति की लंबी आयु के लिए वट वृक्ष की पूजा अर्चना करते आ रहे है।

स्पीड न्यूज

### गुयाना ने किया ऑपरेशन सिन्दूर का समर्थन

जॉर्जटाउन। गुयाना के उपराष्ट्रपति भारत जयदेव ने पहलगाम में आतंकवादी हमले कड़ी निंदा की और भारतीय सुरक्षा बलों द्वारा चलाये गये ऑपरेशन सिन्दूर का समर्थन किया है। वरिष्ठ सांसद डॉ. शशि थरूर के नेतृत्व में यहां आये बहुदलीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से यहां उपराष्ट्रपति जगदेव ने मुलाकात कर उन्हें पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के संबंध में भारत के रुख अवगत कराया। जगदेव ने हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की और आतंकी नेटवर्क को खत्म करने के उद्देश्य से भारत के ऑपरेशन सिंदूर के प्रति समर्थन व्यक्त किया है।

### अमृतसर में हरजिंदर सिंह के चार हत्यारे गिरफ्तार

अमृतसर। पंजाब में अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए विदेश में रहने वाले किशन गैंग से जुड़े एक संगठित अपराध नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया है और हरजिंदर सिंह उर्फ बहमन (नगर पार्षद, जंडियाला गुरु) की हत्या के आरोप में गिरोह के चार गुर्गों को गिरफ्तार किया है। डीजीपी गौरव यादव ने सोमवार को बताया कि फतेहपुर के पास पीछा करने के दौरान, आरोपी गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी ने पुलिस पार्टी पर गोलियां चलाईं। आत्मरक्षा में, एसएचओ छेहरटा ने अपनी सर्विस बंदूक से जवाबी कार्रवाई की, जिससे गोपी के दाहिने पैर में चोट लग गई।

### नेहा राठौर मामले में सुनवाई 29 मई को

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने पहलगाम हमले पर टिप्पणी के मामले में लोक गायिका नेहा सिंह राठौर की याचिका पर अगली सुनवाई 29 मई को नियत की है। उधर, राठौर ने लखनऊ के हजरतगंज थाने में अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर को उच्च न्यायालय में चुनौती दी है। याचिका पर न्यायमूर्ति विवेक चौधरी व न्यायाधीश बृजराज सिंह की खंडपीठ के समक्ष सुनवाई हुई। राज्य सरकार की ओर से सरकारी वकील ने कहा कि मामले की केस डायरी की पूरी जानकारी उनके पास है।

### सोनभद्र में 50 लाख की हेरोइन बरामद

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिले के घोरावल थाना क्षेत्र में पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 500 ग्राम हेरोइन बरामद की है। बरामद हेरोइन की अन्तर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 50 लाख रुपए आंकी गई है पुलिस ने इस मामले में राबर्ट्सगंज थाना क्षेत्र के जैत निवासी बाबूलाल यादव व बहुअरा निवासी आफताब को गिरफ्तार किया है।

### साउथ कैरोलिना में गोलीबारी, 11 घायल

वाशिंगटन। अमेरिका के साउथ कैरोलिना राज्य के एक तटीय शहर में हुई गोलीबारी में कम से कम 11 लोग घायल हो गए। उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। यह गोलीबारी लिटिल रिवर शहर में रात करीब 10 बजे से पहले पुलिस मेमोरियल डे वीकेंड के मौके पर हुई। साउथ कैरोलीना राज्य के उत्तर में नॉर्थ कैरोलीना, दक्षिण और पश्चिम में जॉर्जिया और पूर्व में अटलांटिक महासागर है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### पख्तूनख्वा में टीटीपी के चार आतंकी ढेर

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को सुरक्षा बलों ने खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से जुड़े चार आतंकवादियों को मार गिराया। यह अभियान डेरा इस्माइल खान जिले के कोई बारा क्षेत्र में टीटीपी आतंकियों की मौजूदगी की सूचना पर चलाया गया था। मुठभेड़ के दौरान चार आतंकी मारे गए, जबकि गोलीबारी में एक मेजर रैंक अधिकारी सहित चार सुरक्षाकर्मी घायल हो गए।

# दाहोद में लोकोमोटिव इंजन राष्ट्र को समर्पित

## प्रधानमंत्री मोदी ने 24 हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

एजेंसी

दाहोद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को गुजरात में दाहोद के खरोड में आयोजित कार्यक्रम में रेलवे सहित राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के 24 हजार करोड़ रुपये से अधिक लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। मोदी वड़ोदरा में सुबह रोड शो करने के बाद दाहोद पहुंचे, जहां उन्होंने रेल मंत्रालय की ओर से 21,405 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित लोको मैन्युफैक्चरिंग शॉप रोलिंग स्टॉक वर्कशॉप का लोकार्पण, आणंद-गोधरा, मेहसाणा-पालनपुर और राजकोट-हड़मतिया रेल लाइन के दोहरीकरण कार्य, साबरमती-बोटाद 107 किलोमीटर रेल लाइन के विद्युतीकरण और कलोल-कड़ी-कटोसण रेल लाइन के गेज परिवर्तन के कुल 2287 करोड़ रुपए के कार्यों सहित रेलवे के कुल 23,692 करोड़ रुपये के कार्यों का लोकार्पण किया और दाहोद में 9000 एचपी का पहला लोकोमोटिव इंजन देश को समर्पित किया। दाहोद में मेक इन इंडिया दृष्टिकोण के साथ 21 हजार करोड़ रुपये से अधिक के खर्च से रेलवे प्रोडक्शन यूनिट तैयार की गयी है। दाहोद में रेलवे प्रोडक्शन यूनिट से करीब 10 हजार लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। बना लोकोमोटिव इंजन 4600 टन कार्गो का वहन करने में सक्षम होगा। 10 वर्षों में करीब 1200 इंजन बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।



दाहोद में लोको मैन्युफैक्चरिंग शॉप का लोकार्पण करते प्रधानमंत्री।




वड़ोदरा : मोदी के रोड शो में शामिल हुआ कर्नल सोफिया का परिवार।

## मोदी के रोड शो में शामिल हुआ कर्नल सोफिया कुरैशी का परिवार

वडोदरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के वडोदरा पहुंचे। यहां उनका विशाल रोड शो निकला जिसमें कर्नल सोफिया कुरैशी का परिवार शामिल हुआ। कुरैशी परिवार ने पुष्पवर्षा कर पीएम मोदी का स्वागत किया।

सोफिया कुरैशी के परिवार ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को आमने-सामने देखना हमारे लिए गर्व का पल है।

कर्नल सोफिया के भाई मोहम्मद संजय कुरैशी ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री हमारे बीच आए और हमें उन्हें आमने-सामने देखने का मौका मिला। उन्होंने अपनी बहन सोफिया की बहादुरी की तारीफ की। कहा कि निसंदेह इससे बड़ी गर्व की बात और क्या हो सकती है कि औरतों के साथ जो गलत हुआ, उसका बदला एक औरत ने लिया। हमारी बहनों ने दुश्मन देश को बता दिया कि वे किसी मर्द से कम नहीं हैं। कर्नल सोफिया कुरैशी मूल रूप से गुजरात के वडोदरा की रहने वाली हैं। सोफिया के पिता और दादा भी सेना में थे। सोफिया कुरैशी ने मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री के एक सेना अधिकारी मेजर ताजुद्दीन कुरैशी से शादी की। सोफिया कुरैशी 1997 में भारतीय सेना में शामिल हुई थीं।

# मुंबई में 75 साल का टूटा रिकॉर्ड

**1962 व 1971 में 26 मई को पहुंचा था मॉनसून**

## कई इलाके जलमग्न, जन-जीवन अस्त-व्यस्त

एजेंसी

मुंबई। दक्षिण-पश्चिम मानसून के अपनी सामान्य तारीख से पखवाड़े भर से भी अधिक समय पहले मुंबई पहुंचने पर भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अधिकारियों ने कहा है कि देश की वित्तीय राजधानी में 75 वर्षों में ऐसा पहली बार हुआ है। मौसम विभाग की वैज्ञानिक सुषमा नायर ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून ने 26 मई को मुंबई में दस्तक दी। पिछले 75 वर्षों में मानसून इतना शीघ्र पहुंचा है। मुंबई में मानसून के आगमन की सामान्य तारीख 11 जून है। नायर ने कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून 1956 में 29 मई को मुंबई पहुंचा था। यह 1962 और 1971 में इसी तारीख को पहुंचा था।

पहली बारिश में ही देश की आर्थिक राजधानी पानी-पानी हो गई। रविवार रात से हो रही भारी बारिश से महानगर के कई इलाके जलमग्न हो गए। ट्रेन, सड़क मार्ग, मेट्रो और उड़ाने प्रभावित हुईं। निचले इलाकों में पानी भरने से जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। कुछ जगहों पर तो कारें पानी में तैरती देखी गईं। जोरदार बारिश का असर सोमवार सुबह से ही नजर आने लगा। दक्षिण मुंबई में सबसे ज्यादा बारिश हुई।

नरीमन प्वाइंट इलाके में 252.20 मिमी बारिश दर्ज की गई। मंत्रालय परिसर, कोलाबा के निचले इलाके, मस्जिद बंदर रेलवे स्टेशन, भायखला, जेजे फ्लाईओवर, वर्ली स्थित आचार्य अत्रे चौक के भूमिगत मेट्रो रेलवे स्टेशन में पानी भर गया। इसी तरह केईएम और जेजे अस्पताल की तल मंजिल में पानी भर गया। इससे मरीजों को परेशानियां हुईं। सायन सर्कल, वडाला, गांधी मार्केट, हिंदमाता जैसे कई निचले इलाकों में पानी भरने से सड़क यातायात प्रभावित हुआ। बेस्ट बसों के मार्ग बदलने पड़े, वडाला और मस्जिद बंदर रेलवे स्टेशन के पास रेल पटरियों पर पानी भरने से हार्बर लोकल सेवा ठप्प पड़ गई, जिससे यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी। छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर खराब मौसम के कारण कई उड़ानें देर से या डायवर्ट करनी पड़ीं।



## डीआरडीओ प्रमुख डॉ कामत का कार्यकाल एक साल बढ़ा

नयी दिल्ली। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग (डीडीआरएंडडी) के सचिव और रक्षा अनुसंधान विकास संगठन (डीआरडीओ) के अध्यक्ष डॉ समीर वी. कामत का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया है। सोमवार को जारी अधिसूचना में कहा गया कि उनकी सेवा में 01.06.2025 से एक वर्ष की अवधि के लिए 31.05.2026 तक या अगले आदेशों तक, जो भी पहले हो, विस्तार को मंजूरी दे दी है। डॉ समीर ने 26 अगस्त 2022 को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के अध्यक्ष और रक्षा अनुसंधान और विकास विभाग (डीडीआरएंडडी) के सेक्रेटरी का पदभार संभाला था। डॉ कामत ने वर्ष 1985 में आईआईटी खड़गपुर से मेटलर्जिकल इंजीनियरिंग में बीटेक (ऑनर्स) की डिग्री प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने 1988 में ओहायो स्टेट यूनिवर्सिटी, अमेरिका से मैटेरियल्स साइंस एंड इंजीनियरिंग में पीएचडी पूरी की। साल 1989 में उन्होंने डीआरडीओ में साइंटिस्ट के रूप में अपनी सेवाएं शुरू कीं।

## लालू परिवार ने बर्बाद कर दी मेरी जिंदगी : ऐश्वर्या

खबर मन्त्र संवाददाता

**कहा, ये सब लोग मिले हुए हैं और कोई अलग नहीं हुआ है इस मामले को कोर्ट ले जाऊंगी**

पटना। राजद के अध्यक्ष लालू यादव के बड़े बेटे विधायक तेजप्रताप यादव के नए रिलेशनशीप के खुलासे के बाद उनकी पहली पत्नी ऐश्वर्या राय ने प्रतिक्रिया दी है। ऐश्वर्या ने सोमवार को कहा कि लालू परिवार ने उनकी जिंदगी बर्बाद कर दी, वह इस मामले को अदालत में लेकर जाएंगी। ऐश्वर्या ने कहा कि वह इस मामले को कोर्ट में ले जाएंगी। लालू प्रसाद और राबड़ी देवी ने उनकी जिंदगी बर्बाद कर दी है। जब उन्हें पता था कि उनका बेटा 12 साल से रिलेशन में है, तो उसकी शादी क्यों कराई? क्या ये लालू प्रसाद, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव को पता नहीं था? ये लोग नाटक कर रहे है कि तेजप्रताप को निकाल दिया गया है। ऐश्वर्या ने कहा कि जब इन लोगों को पता था कि ऐसी बात है, तो फिर मेरी शादी क्यों करवाई और मेरी जिंदगी क्यों बर्बाद की? मेरे साथ मारपीट क्यों किया? अभी इनका सामाजिक न्याय कहां चला गया है? ये सब लोग मिले हुए हैं और कोई अलग नहीं हुआ है।



रविवार को भी राबड़ी देवी अपने बेटे के पास गई होंगी और उसके आंसू पोछी होंगी और कहा होगा कि अभी शांत रहो, सब हम ठीक कर देंगे। बिहार में चुनाव होना है, इसलिए, इन लोगों ने ऐसा ड्रामा किया है। ऐश्वर्या ने कहा कि मुझे मीडिया के जरिए इस बात की जानकारी हुई है। तेजप्रताप के रिलेशन के बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं थी। लालू परिवार के लोगों को बताना चाहिए कि मेरी जिंदगी बर्बाद करने की क्या जरूरत थी? तेजस्वी कह रहे हैं कि भाई को निकाल दिया, तो वे लोग बताएं कि मेरा क्या होगा?



## मधुबनी-गोंड कलाकारों से मिलीं राष्ट्रपति, कृतियों को सराहा

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को मधुबनी और गोंड कला के कलाकारों ने आर्टिस्ट इन रेजिडेंस कार्यक्रम के तहत मुलाकात की। राष्ट्रपति ने प्रदर्शित लोक-चित्रकारों की कलाकृतियों का अवलोकन भी किया। उन्होंने भारत की महत्वपूर्ण पारंपरिक कलाओं के इन दो रूपों में उनके योगदान की सराहना की और उनके भविष्य के कलात्मक प्रयासों में सफलता की कामना की मधुबनी कला के कलाकारों में शांति देवी, अंबिका देवी, मनीषा झा, प्रीति कर्ण, रंजन पासवान, शांति देवी, उर्मिला देवी, श्रवण पासवान, कुमारी नलिनी शाह और मोती कर्ण शामिल हैं।

## किसान के खाते में मिले कृषि सब्सिडी: उपराष्ट्रपति

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कृषि सब्सिडी किसानों के बैंक खातों में भेजने की आवश्यकता पर बल देते हुये कहा है कि कृषि सिर्फ आर्थिक क्षेत्र नहीं है, बल्कि इसका उद्योग से व्यापक जुड़ाव है। धनखड़ ने सोमवार को मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर में कृषि उद्योग समागम का उद्घाटन करते हुए कहा कि किसानों को हर प्रकार की सहायता सीधे बैंक खाते में मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि खाद को लेकर सब्सिडी की राशि बहुत बड़ी है और अन्य भी सब्सिडी की राशियां भी बहुत बड़ी हैं, पर ये अप्रत्यक्ष हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि यदि ये सब सीधी किसानों को दी जायें, तो मेरा आकलन है कि हर किसान को हर साल कम से कम 35,000 रुपये मिलेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद को इस पर ध्यान देना चाहिए।

## पुतिन हो गए हैं उन्मादी : ट्रंप

एजेंसी

**बिना किसी कारण के यूक्रेन के शहरों में दागे जा रहे हैं मिसाइल और ड्रोन**

वाशिंगटन। रूस द्वारा लगातार तीसरी रात कीव और अन्य यूक्रेनी शहरों पर ड्रोन एवं मिसाइल हमले किए जाने के मद्देनजर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि वह पूरी तरह उन्मादी हो गए हैं। ट्रंप ने रविवार रात सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ मेरे हमेशा से बहुत अच्छे संबंध रहे हैं लेकिन उन्हें कुछ हो गया है। वह बिल्कुल उन्मादी हो गए हैं। उन्होंने कहा कि पुतिन बहुत से लोगों की अनावश्यक रूप से जान ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिना किसी कारण के यूक्रेन के शहरों में मिसाइल और ड्रोन दागे जा रहे हैं। रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव और देश के अन्य क्षेत्रों पर ड्रोन और मिसाइल से बड़े पैमाने पर हमला किया, जिसमें कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। राष्ट्रपति ने चेतावनी दी कि अगर पुतिन पूरे यूक्रेन पर कब्जा करना चाहते हैं तो इससे रूस का पतन होगा। ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को लेकर भी निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वह जिस तरह से बात कर रहे हैं, उससे वह अपने देश को कोई फायदा नहीं पहुंचा रहे।



## राज्य सभा की 8 सीटों पर चुनाव 19 जून को

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने राज्य सभा के लिए असम से उन दो तथा तमिलनाडु से उन छह सीटों के लिए 19 जून को चुनाव कराने की सोमवार को घोषणा की, जिनके लिए, निर्वाचित वर्तमान सदस्यों का कार्यकाल जून-जुलाई में पूरा हो रहा है। इन सीटों के अधिसूचना दो जून को जारी की जायेगी आयोग की एक विज्ञप्ति के अनुसार इस सीटों के लिए निर्वाचित सदस्यों का वर्तमान कार्यकाल 14 जून और 24 जुलाई को पूरा होने जा रहा है। इन सीटों के लिए नामांकन पत्र सोमवार नौ जून तक भरे जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 10 जून को की जायेगी। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 12 जून है। मतदान 19 जून को पूर्वाह्न नौ बजे से अपराह्न चार बजे तक कराया जायेगा। मतों की गिनती मतदान पूरा होने के एक घंटे बाद उसी दिन शाम पांच बजे की जायेगी।

# चौथी अर्थव्यवस्था बनने पर बाजार ने लगायी छलांग

एजेंसी

## सेंसेक्स 455 और निफ्टी 148 अंक उछला

मुंबई। भारत के दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने और यूरोपीय संघ पर लगाए गए अमेरिका के 50 प्रतिशत सीमा शुल्क को नौ जुलाई तक टालने से सोमवार को स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी रही और सेंसेक्स 455 अंक चढ़ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 148 अंक की बढ़त में रहा। बीएसई का 30 शेयर पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 455.37 अंक यानी 0.56 प्रतिशत चढ़कर 82,176.45 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 771.16 अंक चढ़कर 82,492.24 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 148 अंक यानी 0.60 प्रतिशत चढ़कर 25,001.15 अंक पर बंद हुआ। यह शेयर बाजार में तेजी का लगातार दूसरा सत्र रहा। शुक्रवार को भी सेंसेक्स 769.09 अंक और निफ्टी में 243.45 अंक की बढ़त दर्ज की गई थी। सेंसेक्स की कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में सर्वाधिक 2.17 प्रतिशत की तेजी रही। इसके अलावा एचसीएल टेक, टाटा मोटर्स, नेस्ले, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, लार्सन एंड टुब्रो और टेक महिंद्रा भी बढ़त में रहीं। इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), अल्ट्राटेक सीमेंट, पावर ग्रिड, टाटा स्टील और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर में गिरावट आई। इटर्नल में सर्वाधिक 4.51 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों के मिडकैप सूचकांक में 0.56 प्रतिशत और छोटी कंपनियों के स्मालकैप सूचकांक में 0.48 प्रतिशत की तेजी रही। सूचीबद्ध कंपनियों में से 2,301 के शेयर में बढ़त दर्ज की गई जबकि 1,772 के शेयर में गिरावट रही और अन्य 194 कंपनियों के शेयर अपरिवर्तित रहे।



### रुपया 35 पैसे मजबूत

दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में लगातार जारी गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर शेयर बाजार में आई जबरदस्त तेजी की बदौलत आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 35 पैसे की तेजी के साथ 85.10 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इसके पिछले कारोबार दिवस रुपया 85.45 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था।

### निवशकों ने पौने तीन लाख करोड़ कमाया

शेयर बाजार में आई मजबूती से स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपति में पौने तीन लाख करोड़ रुपये से भी अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप बढ़ कर 444.81 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 441.96 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को करीब 2.85 लाख करोड़ रुपये का फायदा हो गया।

